* ओड़िशा संस्करण

www.epaper.azadsipahi.in

कलम कलम बढ़ाये जा


# आजाद सिपाही

28 अगस्त, 2025
भाद्रपद, शुक्ल पक्ष, पंचमी
संवत 2082
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

रांची
गुरुवार, वर्ष 10, अंक 308

पापा ने वाक कर पहला कीमो लिया, वापस आये तो सीधे ऑफिस में मीटिंग






# राहुल गांधी की यात्रा में शामिल हो सकते हैं हेमंत

**वोटर अधिकार यात्रा का एक सिंतबर को पटना में है समापन**

**कई अन्य बड़े नेताओं के शामिल होने की उम्मीद**

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन भी बिहार में चल रही राहुल गांधी की वोटर अधिकार यात्रा में शामिल हो सकते हैं। उम्मीद है कि वोटर अधिकार यात्रा के समापन पर एक सितंबर को पटना में होनेवाली महारैली में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन शामिल होंगे। इसको लेकर रणनीतिक कार्यक्रम बनाया जा रहा है। इस बीच झारखंड विधानसभा का मानसून सत्र भी समाप्त हो चुका होगा। किसी अन्य प्रकार की सरकारी या राजनीतिक गतिविधियों के भी झारखंड में होने की संभावना नहीं है। तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन 27 अगस्त को राहुल गांधी की वोटर अधिकार यात्रा में मुजफ्फरपुर में शामिल हुए। वहीं जानकारी के अनुसार समापन महारैली में इंडिया गठबंधन के अन्य बड़े दलों के नेताओं के भी आने की संभावना है। झामुमो इंडिया गठबंधन की एक मजबूत कड़ी है। इंडिया गठबंधन की झारखंड में सरकार भी है। हेमंत सोरेन उसी सरकार के मुखिया हैं। इतना ही नहीं, बिहार में विधानसभा का चुनाव भी होने जा रहा है। इसी उद्देश्य से वोटर अधिकार यात्रा का भी आयोजन किया जा रहा है। झामुमो भी बिहार विधानसभा चुनाव में सीटों की उचित हिस्सेदारी की मांग कर रहा है। झामुमो की हिस्सेदारी पर अभी तक कोई सार्थक बातचीत नहीं हुई है। इसलिए हेमंत सोरेन के वोटर अधिकार यात्रा में शामिल होने की संभावना जतायी जा रही है।



## नीरज सिंह हत्याकांडः आठ साल बाद आया फैसला

# संजीव सिंह समेत सभी आरोपी बरी

**● कोर्ट ने साक्ष्य के अभाव में सभी को छोड़ा**

**सुनील भंडारी**

**धनबाद (आजाद सिपाही)।** धनबाद के पूर्व डिप्टी मेयर नीरज सिंह हत्याकांड मामले में कोर्ट ने बुधवार को अपना फैसला सुना दिया है। एमपी-एमएलए कोर्ट के विशेष न्यायाधीश दुर्गेश चंद्र अवस्थी की अदालत ने सभी आरोपियों को बरी कर दिया है। बचाव पक्ष के वकील मो. जावेद ने बताया कि साक्ष्य के अभाव में सभी आरोपियों को कोर्ट ने बरी कर दिया है। वहीं, नीरज सिंह के भाई अभिषेक सिंह ने कहा कि वह इस फैसले के खिलाफ हाइकोर्ट में अपील करेंगे। पूर्व विधायक संजीव सिंह, नीरज सिंह के चचेरे भाई हैं। नीरज सिंह की पत्नी पूर्णिमा नीरज सिंह कांग्रेस से झरिया की पूर्व विधायक हैं, जबकि संजीव सिंह की पत्नी रागिनी सिंह भाजपा से झरिया की वर्तमान विधायक हैं।

बताते चलें कि पूर्व डिप्टी मेयर नीरज सिंह, ड्राइवर घल्टू महतो, पीइ अशोक यादव और बॉडीगार्ड मुन्ना तिवारी की 21 मार्च 2017 की शाम सरायढेला थाना क्षेत्र के स्टील गेट में हत्या कर दी गयी थी। दो बाइकों पर सवार चार अपराधियों ने नीरज सिंह की गाड़ी पर अंधाधुंध फायरिंग की थी। इसके बाद 23 मार्च 2017 को नीरज सिंह के भाई अभिषेक सिंह उर्फ गुड्डू सिंह ने एफआइआर दर्ज करायी थी। आठ साल तक 408 तारीखों पर सुनवाई हुई और उसके बाद 27 अगस्त 2025 को कोर्ट ने अपना अंतिम फैसला सुनाया।

**एक-एक कर अप्राथमिकी अभियुक्तों में नाम जुड़ते गयेः** नीरज सिंह के भाई अभिषेक सिंह की शिकायत पर संजीव सिंह, जैनेंद्र सिंह उर्फ पिंटू सिंह, गया सिंह, महंत पांडे और सिद्धार्थ गौतम उर्फ मनीष सिंह को आरोपी बनाया गया था। बाद में, अप्राथमिकी अभियुक्तों में नाम जुड़ते गये।

**4 अगस्त 2017 को आरोप तय हुआ थाः** मामले में कार्रवाई करते हुए संजीव सिंह के साथ, धनजी सिंह, संजय सिंह, पिंटू सिंह, डब्लू मिश्रा, पंकज सिंह, शूटर अमन सिंह, सतीश सिंह, कुर्बान अली और सागर सिंह को गिरफ्तार किया गया था। जिसके बाद मामले में 4 अगस्त 2017 को आरोप तय किये गये। इसके बाद 408 तारीखों और छह अदालतों में सुनवाई पूरी हुई। आरोपियों के खिलाफ घटना के 10 महीने बाद 3 जनवरी 2019 को 49 तारीखों पर आरोप तय किये गये। अभियोजन पक्ष ने 106 तारीखों पर 74 में से 37 गवाहों के साथ सभी साक्ष्य प्रस्तुत किये। वहीं, बचाव पक्ष ने 86 तारीखों पर 5 गवाह पेश किये। दोनों पक्षों की ओर से 49 तारीखों पर बहस हुई।



### सात आरोपी जमानत पर हैं, जबकि तीन जेल में

संजीव सिंह, जैनेंद्र सिंह उर्फ पिंटू सिंह, डब्लू मिश्रा, विनोद सिंह, सागर सिंह उर्फ शिबू, चंदन सिंह, कुर्बान अली, पंकज सिंह, रणधीर धनंजय उर्फ धनजी जमानत पर हैं, जबकि आरोपी विनोद कुमार धनबाद जेल में, सागर सिंह उर्फ शिबू कोडरमा जेल में और चंदन सिंह पलामू जेल में बंद है। वहीं, 3 दिसंबर 2023 को जेल के अंदर शूटर अमन सिंह की गोली मारकर हत्या कर दी गयी थी।

### इनके खिलाफ आरोप पत्र दाखिल हुए थे

1. यूपी के अंबेडकर नगर के शूटर अमन सिंह, 2. सुल्तानपुर के कुर्बान अली उर्फ सोनू, 3. बलिया के चंदन सिंह उर्फ रोहित उर्फ सतीश, 4. सुल्तानपुर के शिबू उर्फ सागर सिंह, 5. सुल्तानपुर लंभुआ के पंकज सिंह, 6. समस्तीपुर के डब्लू मिश्रा, 7. झरिया के विनोद सिंह, 8. सरायढेला के धनजी सिंह, 9. जैनेंद्र सिंह उर्फ पिंटू, 10. झरिया के संजय सिंह 11. मुन्ना बजरंगी के शार्प शूटर प्रयागराज के धर्मेंद्र प्रताप सिंह को चार्जशीट में आरोपी बनाया गया था।




# सुदिव्य और इरफान को जान से मारने की धमकी

**गिरिडीह निवासी है धमकी देनेवाला**

**खुद को लॉरेंस बिश्नोई गैंग का सदस्य बताया**

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** खुद को कुख्यात लॉरेंस बिश्नोई गैंग से जुड़ा बताने वाले एक युवक ने झारखंड सरकार के दो मंत्रियों को जान से मारने की धमकी दी है। स्वास्थ्य मंत्री इरफान अंसारी और नगर विकास एवं आवास मंत्री सुदिव्य कुमार सोनू को यह धमकी युवक ने एक वीडियो के जरिये दी है, जिसे सोशल मीडिया पर साझा किया गया है। धमकी देने वाला यह युवक गिरिडीह का निवासी बताया जा रहा। उसकी पहचान अंकित कुमार मिश्रा (बाभनटोली झगरी) के रूप में हुई है। वह वीडियो में 24 घंटे के भीतर दोनों नेताओं को उड़ाने की बात कर रहा है। इस वीडियो के सामने आने के बाद झारखंड पुलिस के पास इसकी शिकायत दर्ज करायी गयी है। मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है। वीडियो में युवक दावा कर रहा है कि कुछ लोगों द्वारा उसके साथ की गयी मारपीट और धमकी के कारण वह यह कदम उठा रहा है। उसने यह भी कहा कि उसने अपने परिवार से संबंध तोड़ लिये हैं और इस धमकी की जिम्मेदारी उसी की होगी।














आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
200000 Subscribers
VIEWERSHIP 5 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
Subscribe NOW

आजाद सिपाही
रांची, गुरुवार, 28 अगस्त, 2025
www.azadsipahi.in



# पापा ने वाक कर पहला कीमो लिया, वापस आये तो सीधे ऑफिस में मीटिंग

## ■ जब पापा निगेटिव होने लगे, पॉडकास्ट विद हरिनारायण सिंह शुरू किया

## ■ पूरे शो में पापा बोलते, मैं सिर्फ इंट्रो दे पाता, चाहता भी यही था मैं

## ■ लेकिन लगातार घटता हीमोग्लोबिन दोनों के कॉन्फिडेंस को तोड़ देता



राकेश सिंह
संपादक

### पहले कीमो के बाद जब रांची पहुंचे, घर में घुसने की बजाय पापा ऑफिस में इंटर कर गये

पहले कीमो के करीब सात दिन के बाद हम रांची के लिए निकले। घर जाना हमेशा सुखद अनुभव रहता है। मैं और पापा बहुत उत्साहित थे। खैर शाम की फ्लाइट से हम रांची पहुंचे। पापा के लिए मैंने टिफिन बना रखा था। फ्लाइट में उन्हें खिला दिया। छोटा भाई राहुल हमें लेने एयरपोर्ट पहुंचा था। जब हम घर पहुंचे, नीचे फ्लोर में हमारा ऑफिस है। पापा सीधे ऑफिस में इंटर कर गये। मैं देखता रह गया। लेकिन खुशी भी हो रही थी कि बहुत दिनों के बाद पापा अपनी डेन में इंटर कर रहे थे। वहां उनकी ऊर्जा चीते जैसी हो जाती। 'आजाद सिपाही' की टीम ने अपने बॉस का पूरी गर्मजोशी के साथ स्वागत किया। पापा ने उसी क्षण मीटिंग भी ले ली। वैसे ऑफिस में किसी को जानकारी नहीं थी कि पापा को कैंसर है। उन्हें बस यही पता था कि पापा को इन्फेक्शन है। उसी का इलाज दिल्ली में चल रहा है। पापा ने कहीं भी बताने से मना कर दिया था। उन्होंने कहा था कि यह हमारी लड़ाई है, हम खुद लड़ेंगे। जब ऑफिस में देर होनी शुरू हुई, मैंने कहा पापा चलिए, अब आप आराम कर लीजिये। पापा के लिए मां ने दल-पिट्ठी बनायी थी। बड़ा मन से वह दल-पिट्ठी खाया करते। उन्होंने उस रात दल-पिट्ठी और बैगन का चोखा खाया और अपने कमरे में चले गये। पापा ने मां से कहा कि दोनों बेटा कहा हैं। मां ने कहा कि ऑफिस में हैं। पापा ने कहा कि बुला दो। हम दोनों भाई पापा के कमरे में गये। पापा ने कहा आओ पास बैठो। हम दोनों भाइयों ने पापा के पैरों को दबाना शुरू किया। ऐसा नहीं है कि पापा पैर दबवाने के लिए बुला रहे थे, पापा को अपनी दोनों संतानों से ऊर्जा का आभास होता है और उन्हें ताकत भी मिलती। पापा को आनंद का बोध हो रहा था। एक तो घर और साथ में पूरा परिवार। थोड़ी ही देर में पापा की नाक बजने लगी। मम्मी बोली अब तुम लोग भी सो जाओ। मम्मी को पापा की बीमारी के बारे पता नहीं था। उन्हें बस इतना पता था कि पापा को इन्फेक्शन है। मैं जब अपने कमरे में गया तो अपनी पत्नी जूही को कहा कि पापा को दल-पिट्ठी बहुत पसंद है, लेकिन गेहूं के आटे की बजाय क्या मिल्लेट्स की दल-पिट्ठी बन सकती है। उतनी ही टेस्टी। जूही ने कहा, हां मैं मडुवा की दल-पिट्ठी बना सकती हूं। कल सुबह या फिर जब भी पापा को मन करे तो मैं ट्राई करूंगी।

### पापा की स्पेशल डाइट

सुबह हुई। मैं छह बजे ही उठ गया। दिल्ली या गुरुग्राम में भी छह बजे ही उठ जाता। पापा के लिए मैंने एक डाइट प्लान बनाया था। उसकी तैयारी करने के लिए जल्दी उठना पड़ता। सब कुछ अरेंज करना पड़ता। जब से पापा बीमार पड़े तो सोता भी लेट से ही था। पापा को सुलाने में देर हो ही जाती। खैर सुबह-सुबह जूस के साथ-साथ और भी कई चीजों की तैयारी करनी पड़ती। उसकी तैयारी में मुझे घंटों लग जाते। कभी-कभी तो मैं भूल जाता कि मुझे फ्रेश भी होना है। उस दिन पापा साढ़े सात बजे उठ गये। उठने के बाद उन्होंने नीम का दातून किया। उसके बाद मैंने उन्हें नींबू पानी दिया। उसके बाद आंवला, बीट, गाजर, धनिया पत्ता, पुदीना, पालक, कच्ची हल्दी, थोड़ी काली मिर्च, कढ़ी पत्ता, अनार का जूस दिया। कभी-कभी इसमें कुछ और फलों का भी मिश्रण कर देता। मैं कोशिश करता की बीट, गाजर और खीरा ज्यादा से ज्यादा सलाद फॉर्म में ही दूं। उसी बीच मैंने पेठा का भी जूस तैयार कर लिया। हां रांची में खाना मुझे नहीं बनाना पड़ता। मां ने यह डिपार्टमेंट बखूबी संभाल लिया था। वैसे घर में खाना कुक ही बनाया करता। मम्मी की तबीयत भी बीच-बीच में खराब ही रहती। लेकिन पापा की तबीयत बिगड़ने के बाद मम्मी एक्टिव हो गयीं। नाश्ता और शाम का खाना मम्मी के हिस्से था। दिन में मेरी पत्नी जूही पापा के लिए आलमंड मिल्क में अवाकाडो और चार पांच सीड्स के साथ स्मूदी बनाती। कभी-कभी डोसा, छीला और कई प्रकार की डिशेज बनाती। पापा की डाइट में शुगर और वीट हटा दिया गया था। पापा की डाइट में दो-तीन तरीके के जूस, मिल्लेट्स, दाल, ग्रीन वेजटेबल्स, सत्तू, फ्रूट्स और सूप शामिल थे। उनका डाइट चार्ट बनाने के लिए मैंने काफी रिसर्च किया था। जूस ज्यादातर डेटॉक्स वाले मैं तैयार करता। डेटॉक्स वाले जूस बहुत फायदा करते। इसमें मैं पत्तों का भी सहारा लेता। पेठा का जूस भी बेहतर डेटॉक्स का साधन है। कुछ ब्लड प्यूरीफिकेशन और हीमोग्लोबिन बढ़ाने के लिए और सूप आयरन और प्रोटीन युक्त रहता। क्योंकि कीमो के बाद हीमोग्लोबिन और आयरन पर ज्यादा असर पड़ता। फ्रूट्स में सीजनल फ्रूट्स के अलावा बेरीज को भी शामिल किया था। कभी-कभी शहतूत भी जुगाड़ कर के लाता। मिल्लेट्स की रोटी, जौ का भात, सावां का चावल पापा को देता। नॉनवेज में सिंघी मछली ज्यादातर खिलाया करता। कभी-कभी अंडे। समय-समय पर वेरायटी बदलती।

### कीमो का साइड इफेक्ट

पहले कीमो के करीब दस दिनों के बाद पापा के ऊपर इसका साइड इफेक्ट दिखने लगा। पापा के मुंह में छाला हो गया। अब मोटा अनाज खाने में उन्हें कठिनाई होने लगी। बीच-बीच में लहर भी मारता। पापा लिक्विड डाइट पर आ गये। खिचड़ी निगल लेते। अब पाप को पीड़ा हो रही थी। धीरे-धीरे छाले का आकार बढ़ रहा था। डॉक्टर से बात हुई तो उन्होंने कुछ दवा और जेल दिया। करीब एक हफ्ते लगा, उसके बाद पापा को राहत मिली। फिर उन्होंने ठीक से मोटा अनाज खाना शुरू किया। इस दौरान पापा शाम को ऑफिस अटेंड करते और घंटों काम भी करते। काम के समय ऊर्जा पूरी रहती। काम करते वक्त कहीं से नहीं लगता कि वह किसी बीमारी से जूझ रहे हैं। ऑफिस के बाद हम लोग सब परिवार मिलकर इधर-उधर की बातें करते। मेरा छोटा बेटा रुद्रव उस वक्त दो साल दो महीने का था और पापा के साथ खूब खेलता। अपनी मासूमियत से पापा को खूब हंसाता। पापा से खिलौने की डिमांड करता। बोलता बाबा मेरा खिलौना कहां है। पूछता आप मुझे छोड़ कर कहां चले जाते हैं। पापा बोलते इलाज कराने। बेटा बोलता इलाज कराने, पापा बोलते हां, बेटा बोलता अच्छा.....। इस दौरान पापा नाश्ता करने के बाद छत पर चले जाते। वहां मैं पापा को धूप में तेल मालिश कर मसाज कर देता। छत पर भी मैंने पापा के लिए नॉन वेज किचन का सेटअप किया हुआ था। देसी अंडे को उबाल कर देता। कभी-कभी मछली भी स्टीम कर देता।



### हीमोग्लोबिन लगातार गिरता गया

समय तेजी से गुजर रहा था। देखते ही देखते दूसरे कीमो की बारी आ गयी। हर 21 दिनों में पापा का कीमो होना था। पहले कीमो के बाद पापा की हीमोग्लोबिन डेढ़ यूनिट घट गयी थी। अक्टूबर महीने में जब पापा का पहला ब्लड टेस्ट करवाया था तब हीमोग्लोबिन 11.3 थी। उस वक्त कैंसर का ट्रीटमेंट या जांच शुरू नहीं हुई थी। बायोप्सी के बाद से पापा की सेहत में हल्का ढलान आना शुरू हुआ। पहले कीमो के एक हफ्ते के बाद, जब ब्लड टेस्ट करवाया, उस वक्त पापा का हीमोग्लोबिन 10.8 हो गया। एक हफ्ते के बाद ब्लड रिपोर्ट के साथ डॉक्टर से वीडियो कॉल पर बात करनी होती। अब जब दूसरे कीमो की बारी आयी, तो फिर से ब्लड टेस्ट करवा के जाना था। कीमो शुरू करने से पहले, डॉक्टर एक दिन पहले की ब्लड रिपोर्ट देखते। करीब 12 दिनों के बाद जब ब्लड टेस्ट हुआ था, तब 10.5 हो गया था। यानी एक महीने में ही 11.3 से 10.5 पर हीमोग्लोबिन पहुंच गया। दूसरे कीमो के लिए हम फिर गुरुग्राम के मेदांता अस्पताल के लिए रवाना हुए। स्टार होटल में कमरा बुक था। शाम को पहुंचे। रात का खाना रांची से साथ लेकर आते। पापा के

लिए मिल्लेट्स की रोटी और हरी सब्जी बनवा लेता। खुद के लिए सत्तू भरी पूरी बनवा लेता। ये सुबह तक चलती। सुबह सिर्फ पापा के लिए खाना बनाना पड़ता। देर शाम खाना खाने के बाद पापा को मैं रोज की तरह सुलाता। शाम को ही मार्केट जाकर मैं सुबह के लिए सब्जी ले आता। सुबह जल्दी उठ पापा के लिए खाना बना देता। दूसरे कीमो के लिए हम फिर वही साढ़े दस बजे अस्पताल पहुंचे। डॉक्टर ने ब्लड रिपोर्ट देखी। पापा का दूसरा कीमो शुरू हुआ। अगले ही दिन हम लोगों ने डिस्चार्ज ले लिया। घर आये खाये-पिये और अगले दिन फ्लाइट पकड़ कर रांची आ गये। दूसरे कीमो में पापा को खास कोई परेशानी नहीं हुई। पापा रोज की तरह ऑफिस अटेंड करते। छत पर थोड़ा बहुत चलते, योगा भी करते। खाने-पीने में पूरी सावधानी बरतते। लेकिन एक चीज जो लगातार पापा का पीछा नहीं छोड़ रही थी, वह था पापा का घटता हीमोग्लोबिन। यह पापा का पूरा मनोबल तोड़ देती। चूंकि कीमो के एक हफ्ते के बाद सीबीसी टेस्ट करवाता, उसमे हीमोग्लोबिन में कोई उछाल नहीं पाता। डाइट में कोई कमी नहीं थी। फिर भी समझ नहीं आता कि ऐसा क्यों हो रहा था। सेकंड कीमो के बाद पापा को मैं बाहर घुमाने ले जाता। पापा भी अपने बड़े और एक छोटे भाई को बुला लेते। तीनों फ्राइड या स्टीम मछली खाते। पुरानी बातें करते। गप करते। सब बढ़िया चल रहा था। कभी-कभी ऑफिस टूर भी मार लेते। ज्यादातर रामगढ़ या तमाड़ जाया करते। इन दोनों जगहों पर पापा के लिए नॉनवेज का इंतजाम हो जाता। पापा बड़े चाव से नॉनवेज खाते, खासकर मछली।

### हीमोग्लोबिन गया तेल लेने, शुरू हुआ पॉडकास्ट विद हरिनारायण सिंह

फिर 21 दिन बीतने को थे। तीसरे कीमो की बारी आ गयी। दूसरे कीमो के बाद पापा का हीमोग्लोबिन और तेजी से घटा। दूसरे कीमो के एक हफ्ते के बाद 9.5 और करीब 14 दिनों के बाद, तीसरे कीमो के लिए, जाने से पहले जो जांच करायी, उसमे 8.7 हीमोग्लोबिन हो गया। लेकिन पापा को बहुत कमजोरी महसूस नहीं हो रही थी। वह आराम से चल कर एयरपोर्ट भी गये और दिल्ली के एयरपोर्ट पर भी व्हील चेयर लेने की जरूरत नहीं पड़ी। दिल्ली का एयरपोर्ट काफी बड़ा है और चलना भी बहुत पड़ता है। लेकिन वहां कम चलना पड़े, उसके लिये भी, कई साधन मौजूद हैं। लेकिन पापा वाक कर के ही जाते। तीसरा कीमो भी पापा ने आसानी से लिया। लेकिन तीसरे कीमो के बाद जब हम घर आये तो कुछ दिनों के बाद पापा की हफनी बढ़ने लगी। अब छत पर चढ़ने से पापा को दिक्कत महसूस होती। लेकिन रुक-रुक कर किसी तरह वह छत पर चढ़ जाते। उन्हें छत पर घंटों रहना अच्छा लगता। वहीं मैं पापा का मसाज भी करता, नहला भी देता और पापा सो भी जाते। एक कमरा था छत पर भी। लेकिन हीमोग्लोबिन का घटना पापा के कॉन्फिडेंस को तोड़ रहा था। पापा कहते हीमोग्लोबिन घटना ठीक नहीं है। मैं कहता पापा अभी कीमो चल रहा है, हीमोग्लोबिन घटता है। एक बार जब कीमो बंद होगा सब फिर से बेहतर हो जायेगा। तीसरे कीमो के बाद से पापा ज्यादा सोचने लगे थे। कभी-कभी नेगेटिव भी हो जाते। फिर मुझे आइडिया आया कि पापा में ऊर्जा भरनी हो तो, उनसे पत्रकारिता की बात की जाये। मैंने एक शो डिजाइन किया। पापा से पत्रकारिता के दौर की स्टोरी निकलवायी जाये। मैंने उनसे कहा कि पापा जब आप 'प्रभात खबर' और 'हिंदुस्तान' में थे, उस दौरान झारखंड में कई सारी घटनाएं हुई थीं और आप उसके साक्षी भी थे। मुझे लगता है, इसपर शो करना चाहिए। 'पॉडकास्ट विद हरिनारायण सिंह' शुरू करते हैं। पापा उत्साहित हुए। बोले सही बोल रहे हो। पापा ने कहा एक-दो दिन मुझे दो, मैं तैयारी कर लेता हूं। पापा ने फिर से ऑफिस में बैठना शुरू किया। पापा ऊर्जा से लैस। हीमोग्लोबिन गया भांड़ में। दो दिन के बाद पापा तैयार थे। बोले शूट नहीं करोगे क्या पॉडकास्ट। मैंने कहा बिलकुल। मैंने पूरा सेटअप तैयार कर रखा था। उसी प्लान के साथ मैं आगे बढ़ा। पहला पॉडकास्ट शूट हुआ। नाम दिया 'पॉडकास्ट विद हरिनारायण सिंह'। मैं शो के टॉपिक के बारे में इंट्रो तो दे देता और पहला सवाल भी पूछ लेता, उसके बाद पापा नॉन स्टॉप फ्लो में बोले जाते। मुझे मन में हंसी भी आती, मैं मन ही मन कहता, अरे पापा मुझे भी बोलने दीजिये, मैं शो का होस्ट हूं। लेकिन पापा कहां चुप रहने वाले थे और यही तो मैं चाहता भी था। गिन के एक-दो सवाल ही कर पाता। उसके बाद पूरा मंच पापा का। वैसे भी घटना उनके सामने हुई थी, सब उन्हें ही पता था। जब सारा मटेरियल वह खुद ही दे रहे थे, तो मैं बीच में फ्लो क्यों खराब करता। वैसे भी मैं बीच में किसे काटता पत्रकारिता के लीजेंड को। इतनी तो हैसियत नहीं थी मेरी। खैर शो ऑन एयर हुआ। उस शो का वह एपिसोड काफी चर्चा में आया। लेकिन कीमो के दौरान पापा की वह पहली झलक सबके सामने थी। उस तस्वीर ने पापा की सेहत के बारे में बहुत कुछ बयां कर दिया। जब से पापा को कैंसर डिटेक्ट हुआ था, पापा के साथ मैंने कभी कोई तस्वीर नहीं ली। खासकर अस्पताल जाने और आने के क्रम में। मैं नहीं चाहता था कि पापा को एक सेकंड के लिए भी आभास हो कि कहीं बेटा को तो नहीं लग रहा कि .......... मैं इस वाक्य को पूरा नहीं लिख पाऊंगा। वैसे उस एपिसोड को तो लोगों ने खूब पसंद किया, लेकिन अब लोग कहने लगे थे कि हरी जी कहीं बीमार तो नहीं हैं। उनकी सेहत काफी ढल गयी है। लेकिन इस तरीके की कमेंट से मैं पापा को दूर रखता। उस दौरान गिन के पापा के साथ मैं दो ही शो कर पाया।

### बार-बार फीवर का आना पापा को तोड़ देता

पापा को बीच-बीच में फीवर आ जाता। कमजोरी बढ़ती चली गयी। पापा ज्यादा देर अब बैठ नहीं पाते। बार-बार हीमोग्लोबिन का गिरना भी पापा और मेरे मोटिवेशन को तोड़ देता। मैं भी सोचता इतना बेहतर डाइट देने के बावजूद आखिर हीमोग्लोबिन बढ़ता क्यों नहीं। ऐसा नहीं था कि पापा खाना-खाने में कोई लापरवाही बरतते। पापा अच्छे से खाया करते। कभी-कभी उनका मन नहीं होता, तो मैं अपनी हाथों से उन्हें खिला देता। वैसे तीसरे कीमो का असर साफ दिखने लगा था। पापा अब कमजोर होने लगे थे। पापा का वजन भी तेजी से घटने लगा था। अब हाथ-पांव दबाने पर पता चलता कि पापा का शरीर ढलने लगा था। जैसे-तैसे तीसरा कीमो पार हुआ।

फिर चौथे कीमो की तारीख नजदीक आ गयी। इस बीच मैंने और पापा ने आपस में चर्चा भी की कि डॉक्टर ने पहले तीन कीमो के लिए बोला था। बाद में चार बोला। क्या हमें चौथा कीमो करना चाहिए। मैंने पापा से कहा कि चौथे कीमो से पहले हम लोग पहले डॉक्टर को कहेंगे कि क्या अब आगे कीमो की जरूरत है। रांची से निकलने से पहले हम ब्लड टेस्ट करवा लेते थे। इस बार पापा की हीमोग्लोबिन 7.5 हो गयी। अगले दिन सुबह हम अस्पताल पहुंचे। कीमो शुरू होने से पहले डॉक्टर ने पहले ब्लड टेस्ट की रिपोर्ट देखी। डॉक्टर को हमने कहा कि फोर्थ कीमो जरूरी है क्या। उन्होंने कहा कि हां जरूरी है। मैंने कहा कि डोज घटा दीजिये। अब पापा को बहुत दिक्कत हो रही है। तीसरे कीमो के बाद फीवर भी बार-बार आ रहा था। फोर्थ के बाद तो दिक्कत और बढ़ जायेगी। और तो और हीमोग्लोबिन भी बहुत गिर रहा है। डॉक्टर चीजों को समझ रहे थे। लेकिन उनको हमसे ज्यादा ज्ञान था, तो उन्होंने कहा आप टेंशन मत लीजिये। ये आखिरी कीमो है। फिर पेट सिटी करा लेंगे। खैर मजबूरन हमने चौथा कीमो करने का फैसला लिया। पापा ने भी कहा चलो एक कीमो की ही बात है, फिर देखा जायेगा। लेकिन मैंने पूरे तरीके से मन बना लिया था कि पांचवा कीमो नहीं कराना है।

### जीवन में अपना पहला खून पापा को ही दिया

चौथा कीमो शुरू हुआ। कीमो देने से पहले डॉक्टर ने कहा एक यूनिट ब्लड ट्रांस्फ्यूजन करना होगा। पापा को मैंने एडमिट करवाया। वही सिंगल प्राइवेट रूम लिया। ब्लड बैंक से मैसेज आया कि मिस्टर हरिनारायण सिंह के लिए एक यूनिट ब्लड के लिए डिमांड आयी है, कृपया ब्लड बैंक से संपर्क करें। मैं नीचे गया। मुझे कहा गया कि डोनर कहां है। मैंने कहा कि मैं अटेंडेंट हूं। डोनर तो नहीं है। हम लोग इलाज कराने रांची से आये हैं। उन्होंने कहा कि डोनर तो चाहिए। मैंने कहा कि मैं डोनेट कर देता हूं। उसके बाद मैंने जीवन में अपना पहला ब्लड डोनेट किया। डोनेशन के बाद सैंडविच और जूस दिया गया। उसे मैं हाथों में लेकर पापा के रूम में चला गया। पापा अकेले थे कमरे में। नर्स को बोल कर मैं आया था। पापा को रात में करीब एक बजे ब्लड चढ़ाया गया। पापा बोले कितना लेट चढ़ाता है। पापा की एक आदत हो गयी थी। जब दवा भी चढ़ती वह टकटकी लगा कर उसे देखा करते। मैं ध्यान भटकाने की कोशिश करता, लेकिन वह बोलते देखो न उसका ड्रॉप धीरे-धीरे गिर रहा है। बड़ा देर लगेगा। मैं पापा को कहता, पापा उसकी स्पीड वही है। ज्यादा तेज नहीं चढ़ाया जाता। पापा फिर बोलते अरे बहुत देर लगेगा। मैं मन में मुस्कुराता। बोलता पापा आप सो जाइये, उधर मत देखिये। खैर ब्लड चढ़ाने के बाद अगले दिन कीमो हुआ। फिर डिस्चार्ज लेकर स्टार होटल के कमरे में चले गये। फिर वही शाम का रूटीन। बाजार जाना, खाना बनाना और पापा को अच्छे से सुलाना। फिर अगले दिन रांची के लिए निकल जाना। पापा इस बार खुश थे, बोले चलो कीमो से मुक्ति मिली। लेकिन अब हमें पेम मैंटेनेंस के लिए हर 21 दिनों के बाद आना था। इसमें इम्यूनोथेरेपी के लिए आना था। यह कीमो जैसा घातक नहीं होता।

***आगे पढ़िए:*** *पापा चले गांव। पापा का मैंने ऑटोबायोग्राफी भी किया शूट। बहुत खुश थे पापा। 2023 में हरिनारायण सिंह जी ने बुढ़वा महादेव मंदिर का निर्माण उत्तर प्रदेश स्थित पातेपुर गांव में करवाया। 26 फरवरी 2025 को महाशिवरात्रि के दिन पापा ने मंदिर में पूजा की और भंडारा का भी आयोजन करवाया था।*






वेदर

| शहर | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| रांची | 30.0 °c | 22.6 °c |
| सूर्यास्त (आज) : | 18.12 बजे | |
| सूर्योदय (कल) : | 05.29 बजे | |



## बाबूलाल मरांडी ने राज्य सरकार पर लगाया वोटबैंक की राजनीति का आरोप

# रोहिंग्या, बांग्लादेशी घुसपैठियों को बसाने और मतदाता बनाने की मंशा है : बाबूलाल

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने झारखंड सरकार पर वोट बैंक की राजनीति के लिए बांग्लादेशी और रोहिंग्या घुसपैठियों को बसाने और मतदाता बनाने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि झारखंड सरकार ने जिस प्रकार से एसआइआर का विरोध किया जा रहा है यह वोट बैंक की राजनीति है। झारखंड प्रदेश में जिस प्रकार से जो डेमोग्राफी बदली है या बदल रही है, बांग्लादेशी और रोहिंग्या मुसलमानों को वोट बैंक बनाये रखना इनका मकसद है। इसका एक उदाहरण राज्य सरकार ने मंगलवार को स्पष्ट रूप से बता दिया है कि वह इन्हें केवल झारखंड में बसाना ही नहीं चाहती है बल्कि साथ में उन्हें मतदाता भी बनाना चाहती है। ताकि झारखंड की चुनाव कांग्रेस पार्टी, झारखंड मुक्ति मोर्चा और राष्ट्रीय जनता दल अपने पक्ष में करा सके। आप सब ने झारखंड की विधानसभा की कार्यवाही को देखा और आज सवेरे अखबारों में प्रमुखता से छपी इन मुद्दों से जुड़े समाचार को भी देखा होगा। बाबूलाल मरांडी बुधवार को पार्टी के प्रदेश कार्यालय में आयोजित प्रेस कांफ्रेंस में बोल रहे थे। मरांडी ने कहा कि झारखंड की अलार्मिंग सिचुएशन है। इससे तो पूरा राज्य, देश प्रभावित होगा ही लेकिन इससे सीधा और तत्काल कोई प्रभावित होगा तो वह आदिवासी समाज होगा। संथाल परगना और झारखंड में दर्जनों आदिवासी



महिला है जिससे इन रोहिंग्या, बांग्लादेशी मुसलमानों ने ना केवल शादी किया बल्कि मुखिया, जिला परिषद भी बने हैं। यही स्थिति रही तो आने वाले समय में इसी तरह से आदिवासी महिलाओं से शादी करके रोहिंग्या, बांग्लादेशी मुसलमान सांसद, विधायक भी बनेंगे। यह दृश्य साफ दिख रहा है।

1951 में जब पहली जनगणना हुई थी तब झारखंड में आदिवासियों की संख्या 35.38 प्रतिशत थी। जबकि मुस्लिम की आबादी 8.9 प्रतिशत थी। 2011 के जनगणना में आदिवासियों की संख्या 35.38 प्रतिशत से घटकर 26.20 प्रतिशत हो गयी। वहीं मुसलमानों की जनसंख्या 8.9 प्रतिशत से बढ़कर 14.53 प्रतिशत हो गयी। आदिवासियों की जनसंख्या में गिरावट आयी जबकि मुसलमानों की आबादी में जबरदस्त बढ़ोतरी हुई। यही जब ओवरऑल बात किया जाये तो 1951 में सनातनियों की आबादी 87.79 प्रतिशत थी। 2011 में सनातनियों की संख्या घटकर 81.17 प्रतिशत हो गयी। मरांडी ने कहा कि यह नेचुरल तरीके से नहीं बढ़ सकती है। यह कृत्रिम तरीके से बढ़ी और बढ़ायी गयी है। बांग्लादेश से लगातार घुसपैठ होना इसका प्रमुख कारण है। कांग्रेस, झामुमो, राजद जैसे दल इसके पक्षधर हैं। ऐसे घुसपैठियों का वोटर कार्ड, राशनकार्ड बनाना, जन्म प्रमाण पत्र बनाना, उनकी जमीन उपलब्ध कराना, उनको बसाना इनकी मंशा है। ताकि वोट में इसका फायदा उठाया जा सके। यही गत मंगलवार के विधानसभा में उनकी मंशा साफ दिखी। अभी मतदाता सूची ज्वलंत मुद्दा है। इस संबंध में एक और उदाहरण देते हुए मरांडी ने कहा कि 2014 से 2019 के बीच देश के अंदर में मतदाताओं में 9.3 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज हुई। जबकि झारखंड में 6.2 प्रतिशत की वृद्धि हुई। वहीं 2019 से 2024 के बीच देश में मत प्रतिशत में 10.1 प्रतिशत वृद्धि हुई जबकि झारखंड में यह वृद्धि 16.7 प्रतिशत दर्ज की गयी। यह गौर करने वाली बात है। 2019 से 2024 के बीच यहां किसकी सरकार रही या बताने की जरूरत नहीं है। 2019 से 2024 के बीच राष्ट्रीय ग्रोथ से भी झारखंड में मत प्रतिशत की वृद्धि अधिक दर्ज होना, आइने की तरह सब कुछ साफ कर रहा है। यह काफी चिंता का विषय है कि इस रफ्तार से आखिर यहां पर आबादी कैसे बढ़ी, यह भी एक गहन जांच का विषय है। चूंकि 2014 से 2019 में झारखंड में भारतीय जनता पार्टी के नेतृत्व वाली सरकार थी इसलिए यहां पर अवैध घुसपैठियों के लिए कोई जगह नहीं थी इसलिए अधिक वृद्धि दर्ज नहीं हुई। आज वर्तमान सरकार के कार्यकाल में ऐसे लोगों को इन दलों के द्वारा वोटर बनाकर बसाया जा रहा है, इसलिए इन लोगों के पेट में दर्द हो रहा है और ये दल हंगामा कर रहे हैं।

# भाजपा झूठ और दुष्प्रचार की फैक्ट्री : विनोद पांडेय

**झूठे आंकड़ों और सांप्रदायिक जहर की राजनीति कर रही**

**एसआइआर के माध्यम से भाजपा अपने पक्ष में वोट कराना चाह रही**



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झामुमो के केंद्रीय महासचिव सह प्रवक्ता विनोद पांडेय ने भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी के आरोपों को सिरे से खारिज किया है। उन्होंने कहा कि भाजपा जनता का विश्वास खो चुकी है और अब झूठे आंकड़ों और सांप्रदायिक जहर के सहारे राजनीति कर रही है। विनोद कुमार पांडेय ने कहा कि झारखंड की किसी सीमा से अंतरराष्ट्रीय बॉर्डर नहीं जुड़ता। ऐसे में यदि कहीं घुसपैठ हुआ है तो इसके लिए सीधे तौर पर केंद्रीय गृह मंत्रालय और उससे जुड़ी एजेंसियां जिम्मेदार हैं। भाजपा को इस मुद्दे पर राज्य सरकार को कटघरे में खड़ा करने के बजाय केंद्र से जवाब मांगना चाहिए। उन्होंने चुनौती दी कि अगर भाजपा के पास कोई प्रमाणित दस्तावेज है तो वह झारखंड सरकार को सौंपे। राज्य सरकार उस आधार पर केंद्र सरकार से हस्तक्षेप की मांग करने को तैयार है। उन्होंने कहा कि भाजपा नेता बाबूलाल मरांडी आदिवासी-मूलवासी समाज को गुमराह करने का प्रयास कर रहे हैं, जबकि हकीकत यह है कि भाजपा ने ही अपने शासनकाल में झारखंड को बेरोजगारी, पलायन और भ्रष्टाचार की दलदल में धकेला। आज जब हेमंत सरकार शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार और अधिकार की दिशा में ठोस काम कर रही है, तो भाजपा की जमीन खिसकती जा रही है और वह अफवाह फैलाने की राजनीति पर उतर आयी है। विनोद पांडेय ने कहा कि भाजपा की असलियत जनता जान चुकी है। यह पार्टी सिर्फ सांप्रदायिक ध्रुवीकरण चाहती है और लोकतांत्रिक संस्थाओं पर अविश्वास पैदा करती है। झारखंड मुक्ति मोर्चा साफ कर देना चाहता है कि आदिवासी-मूलवासी की पहचान और अधिकार सर्वोपरि है, जिसे कोई बदल नहीं सकता। भाजपा कितना भी भ्रम फैलाये, जनता आने वाले समय में उसे करारा जवाब देगी। विनोद पांडेय ने कहा कि एसआइआर के माध्यम से भाजपा अपने पक्ष में मतदान कराने का षड्यंत्र रच रही है और सबसे बड़ी अदालत जनता की अदालत में इसका माकूल फैसला आयेगा। थोड़ा इंतजार कीजिये। झारखंड के जागरूक मतदाताओं ने पिछले साल 2024 में झामुमो के नेतृत्व में इंडिया गठबंधन को भरपूर आशीर्वाद देकर भाजपा को आइना दिखाया था।

# कुख्यात मयंक सिंह छह दिन की रिमांड पर, पूछताछ शुरू

**अमन साहू के हथियार और फाइनेंशियल नेटवर्क पर नकेल की तैयारी**




आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड पुलिस के इतिहास में पहली बार अजरबैजान से प्रत्यर्पित कर कुख्यात गैंगस्टर मयंक सिंह उर्फ सुनील मीणा को बुधवार को कड़ी सुरक्षा के बीच रामगढ़ जेल से रांची के धुर्वा स्थित एटीएस मुख्यालय लाया गया। रामगढ़ कोर्ट से छह दिन की रिमांड मिलने के बाद एटीएस ने मयंक से पूछताछ शुरू की।

एटीएस एसपी ऋषव कुमार झा ने बताया कि एनकाउंटर में मारे गये कुख्यात गैंगस्टर अमन साहू के सबसे विश्वस्त साथी मयंक सिंह को रामगढ़ जेल से रांची स्थित एटीएस मुख्यालय लाया गया है। अदालत से छह दिनों के रिमांड पर एटीएस की टीम मयंक को लेकर रांची पहुंची, जहां उसे विभिन्न आपराधिक मामलों से लेकर गिरोह के हथियार से संबंधित पूछताछ की जा रही है।

मयंक को रिमांड पर लाने से न सिर्फ झारखंड पुलिस बल्कि राज्य के कई अन्य पुलिस को भी काफी फायदा मिलेगा। गैंगस्टर अमन साहू (अब मृत) के फाइनेंशियल नेटवर्क के साथ-साथ पूरे हथियार नेटवर्क को मयंक ही संभालता था। मयंक से पूछताछ के बाद जो कार्रवाई होगी उसमें अमन साहू के हथियार और फाइनेंशियल नेटवर्क दोनों को ध्वस्त करने में सहायता मिलेगी।

## शमा लाइब्रेरी के विकास के लिए सहयोग राशि दी गयी



हजारीबाग (आजाद सिपाही)। नगरनिगम वार्ड 32 की पार्षद सुनिता देवी ने अपने पति स्मृति शेष मंजीत यादव के अधूरे सपनों को आगे बढ़ाते हुए शमा लाइब्रेरी के विकास के लिए सहयोग राशि प्रदान की। उन्होंने संकल्प लिया कि वे लाइब्रेरी की प्रगति और शिक्षा के प्रसार में हर संभव प्रयास करेंगी। शमा लाइब्रेरी, जो 1971 से संचालित हो रही है, पिछले 53 वर्षों से शिक्षा के क्षेत्र में महत्वपूर्ण योगदान दे रही है। यहां से तैयारी कर अनेक विद्यार्थियों ने जेपीएससी और अन्य सिविल सेवा परीक्षाएं पास की और समाज के उत्थान में अहम भूमिका निभा रहे हैं। लाइब्रेरी के सचिव मो. मुस्तकिम उर्फ मंडुल ने बताया कि संस्था की सेवाएं केवल शिक्षा तक सीमित नहीं हैं, बल्कि इसका योगदान राष्ट्रहित में भी महत्वपूर्ण रहा है। आज की सभा में छह लोगों ने भी लाइब्रेरी के विकास के लिए चेक और कैश के रूप में सहयोग राशि जमा की। सभा में उपस्थित प्रमुख सदस्य : मो. मुस्तकिम उर्फ मंडुल, जमाल अहमद उर्फ हीरो, इम्तियाज अहमद, सह सचिव इब्राक अहमद, उपाध्यक्ष पूर्व वार्ड पार्षद नेजाम अंसारी, प्रवक्ता काशिफ अदीब, संरक्षक नजरुल्लाह अंसारी, अख्तर हुसैन, मुमताज अहमद, ट्रस्टी मेंबर फहीमुद्दीन, हाजी मंजूर आलम, मो. उस्मान कादरी, मो. इशाक, मो. परवेज आलम और सैय्यद साहिल अहमद। इस अवसर पर सुनिता देवी ने कहा कि इमने पति स्वर्गीय मंजीत यादव इस लाइब्रेरी के संरक्षक रहे हैं। उन्होंने इसके विकास के लिए काफी काम किया। अब मैं उनके अधूरे सपनों को पूरा करने के लिए हरसंभव प्रयास करूंगी। शमा लाइब्रेरी के सदर जमाल अहमद उर्फ हीरो ने बताया कि आगामी कार्यक्रम शमा लाइब्रेरी द्वारा 3 सितंबर को सदर अस्पताल और ओल्ड एज होम में फल वितरण कार्यक्रम। 28 सितंबर शिर-ते-पाक पर विवज प्रतियोगिता का भव्य आयोजन किया जायेगा।

## बदलाव संकल्प महासभा का आयोजन





बरकट्ठा (आजाद सिपाही)। गोरहर के नवाडीह मैदान में झारखंडी मुद्दों को लेकर बदलाव संकल्प महासभा का आयोजन किया गया। इस महासभा में मुख्य रूप से डुमरी विधायक जयराम महतो उपस्थित थे। इस महासभा में हजारीबाग, कोडरमा, चतरा और गिरिडीह लोकसभा के कार्यकर्ताओं ने भाग लिया। मौके पर विधायक जयराम महतो ने कहा कि झारखंड को एक नये बदलाव की जरूरत है। झारखंड अपने निर्माण के 22 सालों के बाद भी आज शोषण से मुक्त नहीं हुआ है। राज्य की नौकरशाही ने इस राज्य को सिर्फ लूटने का काम किया है। यहां के नेताओं ने अपनी तिजोरी को भरा है। उन्होंने कहा कि झारखंड की स्थानीय नीति, नियोजन नीति, पुनर्वास नीति में कोई स्पष्टता नहीं है। झारखंडी की पहचान आज तक परिभाषित नहीं हो पायी है। स्थानीय नीति को झारखंडी भावनाओं के अनुरूप परिभाषित करने की जरूरत है। बिहार की तरह नियोजन नीति लागू हो। बिहार पुनर्गठन अधिनियम 2000 की उपधारा 85 के तहत झारखंड सरकार के पास भी यह हक है कि संयुक्त बिहार के समय का कोई भी अधिनियम, संकल्प या गजट को अंगीकृत कर सकते हैं। इसी के तहत 1982 की नियोजन नीति को अंगीकृत कर बिहार की तर्ज पर झारखंड में भी नियोजन की प्रक्रिया शुरू की जानी चाहिए। साथ ही नियुक्ति फॉर्म भरते समय अभ्यर्थी को अपने स्थानीय प्रमाण पत्र की क्रमांक संख्या लिखनी जरूरी की जाये। इसके तहत सारी सच्चाई निकलकर सामने आ जायेगी कि अभ्यर्थी कहां का खतियानी है। साथ ही, मांग यह भी है कि जनसंख्या के अनुपात में सभी वर्गों के लिए जिला स्तर पर आरक्षण लागू किया जाना चाहिए। इस महासभा को महेंद्र प्रसाद, लखन कुमार महतो, देववंद महतो, संजय मेहता ने भी संबोधित किया। सभा में डॉ कुंजलाल महतो, सी के पांडे, केदार साव, क्रांतिकारी महेंद्र प्रसाद, लखन कुमार, प्रमोद यादव, राकेश सोहर महतो, जनप्रतिनिधि काल छोटन कॉल, उप मुखिया अरुण कुमार महतो, प्रदीप महतो, राजेंद्र महतो, रामसुंदर कुमार बैजनाथ महतो, डॉ गणेश महतो, धीरेंद्र महतो, कुमकुम कुमारी, मोनिका कुमारी, मनीषा कुमारी, सुमन कुमारी, काजल कुमारी, सीमा कुमारी, मौसम कुमारी, रिंकी कुमारी, अनु कुमारी समेत हजारों लोग उपस्थित थे।

## जयनगर में पांच दिवसीय गणपति पूजा शुरू



जयनगर (आजाद सिपाही)। प्रखंड मुख्यालय दुर्गा मंदिर प्रांगण में हरेक वर्ष की भांति इस वर्ष भी पांच दिवसीय श्री गणेश महोत्सव आचार्य बसंत शास्त्री जी महाराज उप आचार्य विष्णुकांत शास्त्री ने वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ पूजा अर्चना किया। दिनांक 28 अगस्त प्रात: काल दैनिक पूजा-पाठ, संध्या दिव्य आरती और प्रसाद वितरण, दिनांक 29 अगस्त प्रात: काल पूजा-पाठ, शिव पूजन महारुद्राभिषेक संध्या दिव्य आरती और प्रसाद वितरण दिनांक 30 अगस्त प्रात: काल पूजा-पाठ दीप महायज्ञ, संध्या दिव्य आरती और प्रसाद वितरण दिनांक 31 अगस्त प्रात: काल पूजा-पाठ, सामूहिक हवन पूणार्हुति भव्य महाआरती, ब्राह्मण भोजन, विदाई, महाप्रसाद वितरण एवं प्रतिमा विसर्जन किया जायेगा। सार्वजनिक गणपति पुजा को संपन्न कराने में समिति के अध्यक्ष सुनील सिंह, महासचिव सरोज सोनी, कोषाध्यक्ष सूरज सोनी, उमेश मोदी, सूरज सिंह, राजा सिंह, धर्मेंद्र सिंह, पप्पू राम, राजेश सिंह, मनीष सिंह, बबलू सिंह, बिट्टू सोनी, रोहित सोनी सहित सैकड़ों महिला-पुरुष पुजा में शामिल रहे। वहीं विधायक अमित यादव भी यहां पहुंचे और पूजा में हिस्सा लिया।

## पारन के साथ हरितालिका तीज व्रत संपन्न



मरकच्चो (आजाद सिपाही)। अखंड सौभग्य की साधना का महापर्व हरितालिका तीज का पर्व क्षेत्र में मंगलवार को परंपरागत श्रद्धा और आस्था के साथ सुहागिन महिलाओं ने व्रत रखकर शिव पार्वती का पूजन किया। दिनभर निर्जला उपवास रखने के बाद महिलाओं ने संध्या के समय मंदिरों और अपने-अपने घरों में भगवान शिव और माता पार्वती की विधिवत पूर्वक पूजा अर्चना की। पूजन के दौरान महिलाओं ने भगवान शिव को बेलपत्र, अक्षत, पुष्प और गंगाजल अर्पित किया। वहीं माता पार्वती को सुहाग की सामग्रियां चढ़ा कर अखंड सौभाग्य व दांपत्य सुख की कामना की। पूरे कार्यक्रम के दौरान वातावरण में भक्ति भाव का संचार रहा। ग्रामीण महिलाओं ने बताया कि इस व्रत को रखने से पति की दीर्घायु, पारिवारिक सुख समृद्धि और दांपत्य जीवन में प्रेम अटूट बना रहता है। पूजा-अर्चना के बाद महिलाओं ने एक दूसरे को प्रसाद बांटकर व्रत का समापन किया। वहीं बुधवार की सुबह बालू से बनाये गये शिव पार्वती की मूर्तियां को तालाबों में विसर्जित कर पारन की और इसी के साथ हरितालिका तीज व्रत का समापन हो गया।

# शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज अस्पताल के लेबर रूम में लगी आग, मची अफरा-तफरी

**मरीज और बच्चे सुरक्षित, मच्छर अगरबत्ती बना आग का कारण**

आजाद सिपाही संवाददाता



**हजारीबाग।** शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज अस्पताल हजारीबाग के लेबर रूम में मंगलवार रात 10 बजे के आसपास अचानक आग लग गयी। जिससे अस्पताल परिसर में अफरा तफरी का माहौल हो गया। आलम यह रहा की मरीज अपने बच्चों को लेकर जान बचाने के लिए इधर-उधर भागते हुए देखे गए। मरीज के परिजन और अस्पताल प्रबंधन के सूझबूझ के कारण बड़ी घटना घटने से बच गयी। आग की लपट कुछ इस तरह फैल गयी कि मरीज और उनके परिजन बच्चों को लेकर जान बचाने के लिए इधर-उधर भागते नजर आए। लगभग 1 घंटे से अधिक का समय मरीज को शांत होने में लग गया। घटना के बारे में बताया जा रहा है कि मरीज के परिजन ने मच्छर अगरबत्ती वार्ड में लगाये थे। पास में ही ऑक्सीजन पाइप था। जिसके संपर्क में आने से आग बहुत तेजी से फैल गयी। चंद मिनट में आग की लपट दूर तक पहुंचने लगी। लगभग 40 से 50 मरीज उस समय वार्ड में भर्ती थे। हालांकि मरीजों के परिजनों और अस्पताल प्रबंधन की सूझबूझ से स्थिति को तुरंत काबू में कर लिया गया। राहत की बात यह रही कि इस घटना में कोई हताहत नहीं हुआ। जानकारी मिलने के बाद सांसद प्रतिनिधि रंजन चौधरी भी अस्पताल पहुंचे। उन्होंने बताया कि मरीज के परिजन के लापरवाही के कारण बड़ी घटना घटते घटते बच गयी। आग की खबर जैसे ही मेडिकल कॉलेज के सुपरिंटेंडेंट डॉक्टर अनुकरण पूर्ति को मिली। इन्होंने तत्काल अस्पताल प्रबंधन और अग्निशमन विभाग को इसकी सूचना दी। यह घटना कैसे घटी है इसकी जांच भी शुरू करायी गयी है, ताकि भविष्य में ऐसी घटना की पुरावृति न हो।

# मंत्री सुदिव्य कुमार सोनू ने मल्टीपरपस पार्क का किया उद्घाटन



आजाद सिपाही संवाददाता

**कोडरमा।** राज्य के नगर विकास और पर्यटन मंत्री सुदिव्य कुमार सोनू ने बुधवार को कोडरमा जिले के चंदवारा प्रखंड अंतर्गत जामुखड़ी में नव निर्मित मल्टीपरपस पार्क का उद्घाटन किया। इस अवसर पर उन्होंने पार्क परिसर, झील रेस्टोरेंट और वॉटर एडवेंचर स्पोर्ट्स से जुड़ी सुविधाओं का भी निरीक्षण किया। एनएच-20 पर रांची-पटना मुख्य मार्ग के किनारे स्थित यह पार्क एक ओर राष्ट्रीय राजमार्ग से जुड़ा है, जबकि दूसरी ओर तिलैया डैम की सुरम्य झील इसकी प्राकृतिक खूबसूरती को और निखारती है। इस पार्क में वॉटर एडवेंचर स्पोर्ट्स के साथ-साथ बच्चों के लिए किड्स जोन, बैठने और घूमने की व्यवस्था की गयी है। इस दौरान मंत्री श्री सोनू ने कहा कि तिलैया डैम क्षेत्र प्राकृतिक सौंदर्य और पर्यटन की अपार संभावनाओं से भरा है। इस पार्क और वॉटर एडवेंचर सुविधाओं से न सिर्फ स्थानीय लोगों को लाभ मिलेगा, बल्कि यह क्षेत्र झारखंड के पर्यटन मानचित्र पर एक प्रमुख आकर्षण के रूप में उभरेगा। उन्होंने झारखंड पर्यटन विकास निगम लिमिटेड द्वारा संचालित झील रेस्टोरेंट के जीर्णोद्धार की योजना को जाना और इसके त्वरित क्रियान्वयन का आश्वासन दिया। मौके पर उपायुक्त ऋतुराज ने मंत्री को तिलैया डैम क्षेत्र में पर्यटन विकास की संभावनाओं और चल रही योजनाओं की जानकारी दी। बैठक में क्षेत्र में पर्यटन अधोसंरचना को और सुदृढ़ करने को लेकर विभिन्न पहलुओं पर चर्चा की गयी। इस मौके पर विधायक कोडरमा डॉ नीरा यादव, विधायक बरही मनोज यादव, विधायक बरकट्ठा अमीत कुमार यादव, उपायुक्त ऋतुराज, पुलिस अधीक्षक अनुदीप सिंह, उप विकास आयुक्त रवि जैन, अनुमंडल पदाधिकारी रिया सिंह, जिला परिवहन पदाधिकारी विजय कुमार सोनी, जिला पर्यटन पदाधिकारी तुषार समेत अन्य पदाधिकारी और स्थानीय जनप्रतिनिधि मौजूद रहे।

## तिलैया डैम और ध्वजाधारी धाम परिसर में पर्यटक सुविधाओं की मांग की गयी

**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** स्थानीय विधायक डॉ नीरा यादव ने राज्य के नगर विकास और पर्यटन मंत्री सुदीव्य कुमार को पत्र सौंपकर तिलैया डैम और ध्वजाधारी धाम परिसर में पर्यटकीय सुविधाओं की मांग की है। उन्होंने कहा है कि कोडरमा जिला का तिलैया डैम ख्यातिप्राप्त पर्यटक स्थल है। इसे और विकसित कर प्रचारित प्रसारित किया जाय तो पर्यटकों और सैलानियों की संख्या में वृद्धि होगी। साथ ही बड़े पैमाने पर स्थानीय युवाओं को रोजगार मिलेगा। तिलैया डैम में नियमित रूप से एडवेंचर स्पोर्ट्स के आयोजन के साथ ही उरवां मोड से तिलैया डैम तक फोर लेन सड़क के निर्माण की आवश्यकता है। इसके साथ ही उरवां और तिलैया डैम में पर्यटकों एवं सैलानियों के ठहरने के लिए उच्च स्तर के होटल वो कॉटेज आदि का निर्माण कराया जा सकता है। तिलैया डैम के नजदीक पार्क की भी स्थापना की जा सकती है।वहीं कोडरमा जिला मुख्यालय स्थित ध्वजाधारी धाम प्रसिद्ध धार्मिक स्थल है जहां 777 सीढियां चढकर लोग भोले शिव पर जलाभिषेक करते है। यहां बडी संख्या में विवाह और अन्य संस्कार होते है तो श्रावण पूर्णिमा तथा महाशिवरात्रि पर हजारों की संख्या में लोग पहुंचते है। पहाड़ी पर चढने के लिए बनी सीढियां सुविधाजनक नहीं है और इसके दोनों ओर रेलिंग भी नहीं लगी है। इस वजह से हमेशा दुर्घटना का अंदेशा बना रहता है। यहां सीढियों को सुविधाजनक बनवाना, दोनो ओर रेलिंग लगवाना तथा पहाड़ी पर पानी की व्यवस्था करवाना सार्वजनिक हित में जरूरी है।

# तलाब में डूबने से बच्चे की मौत

आजाद सिपाही संवाददाता

**चलकुशा।** प्रखंड के सलैयडीह गांव के गंगासागर तालाब में अहले सुबह अबिद कुमार गुप्ता पिता विजय साव अपने भाई के साथ स्नान करने गया था इसी दौरान गहरे पानी में दोनों भाई चले गये, तीज पर्व को लेकर स्नान करने गयी महिलाओं की नजर पड़ने पर महिलाओं न काफी सोर मचाने लगी। काफी जिससे काफी ग्रामीण एकत्रित हो गये काफी मशक्कत करने के बाद दोनों बच्चों को पानी से बाहर निकाला गया और कोडरमा सदर अस्पताल ले जाया जा रहा था लेकिन अबिद कुमार गुप्ता ने रास्ते में ही दम तोड दिया। दुसरे को इलाज के बाद छोड़ दिया गया। मौत की खबर गांव में आग की तरह फैल गयी। परिजनों के चित्कार से गांव में गमगीन माहौल हो गया। मुखिया सुखदेव यादव ने परिजनों से संवेदना व्यक्त करते हुए हर संभव मदद दिलाने की बात कही।

## अज्ञात पिकअप वाहन ने ली दो बच्चियों की जान

चलकुशा। थाना क्षेत्र के ग्राम जमसोति में दर्दनाक हादसे में दो बच्चियों की मौत हो गयी। बताया जा रहा है कि गणेश चतुर्थी के पंडाल की ओर से आ रही पिकअप वाहन ने साइकिल से आ रही खुशी कुमारी पिता पंजाबी रजक उम्र लगभग 17 वर्ष और आरांशी कुमारी पिता अरुण रजक उम्र लगभग 12 वर्ष को जोरदार टक्कर मारी जिसमें दोनों बच्चियां गंभीर रूप से घायल हो गयी। दोनों बच्चियों को सदर अस्पताल कोडरमा ले जाया गया जहां दोनों को रांची रेफर कर दिया गया वहीं एक बच्ची ने रास्ते में ही दम तोड दिया तो दुसरी ने इलाज के दौरान दम तोड दी। दोनों बच्चियां एक ही घर में रहती थी। इस घटना ने इलाके को झकझोर कर रख दिया। मुखिया प्रतिनिधि केदार यादव ने कहा कि बीते रात जमसोती के लिए काफी भारी रहा, एक तरफ दुर्घटना में दो बच्चियों ने जान खो दी तो दुसरे तरफ हाथियों को भगाने में ग्रामीणों को काफी मशक्कत करना पड़ा।

# झरपो में हाथियों ने मचाया उत्पात, कई एकड़ फसल नष्ट



आजाद सिपाही संवाददाता

**टाटीझरिया।** हाथियों के द्वारा वर्तमान समय में प्रखंड के क्षेत्र के हर सीमा पर अपना रूप दिखा कर लोगों को नुकसान पहुंचा रहा है। मंगलवार को रात दारू प्रखंड के पेटो की ओर से झरपो सीमा में आ गया था जिससे पांच एकड़ में लगा खीरा, टमाटर, बैंगन को पुरी तरह से नष्ट कर दिया। झरपो निवासी निरंजन प्रसाद पिता इंद्रदेव प्रसाद ने गांव के ही लोगों से जमीन लीज पर लेकर अपना फसल उगा कर अपना जीविकोपार्जन कर रहा था। मंगलवार रात को हाथियों के झुंड के द्वारा पुरी तरह नष्ट कर दिया जिसे निरंजन को पांच लाख का नुकसान हुआ है। निरंजन ने बताया कि बहुत मेहनत से टमाटर, बैंगन और खीरा को बरसात में बचा पाया था जिसे हाथियों ने बर्बाद कर दिया। इन सभी फसल को अपने बच्चों से ज्यादा मेहनत कर बचाया था। अपने मेहनत को बताते हुए निरंजन ने रो पड़ा। वहीं झरपो के ही काली प्रसाद, लक्ष्मण महतो, महेश्वर साव, बासुदेव महतो राजेश प्रसाद के लगे धान, के फसल को पैरों तले रौंद दिया। गोधीया में प्रदीप राम का धान, बलदेव महतो, नागेश्वर महतो, सरयू महतो, महावीर महतो, जयप्रकाश महतो का गन्ना ओल, बैगन, मकई नष्ट किया। काली महतो, नंदू महतो, रामचंद्र महतो, हेमन महतो का चहारदीवारी, सुरेंद्र नाथ यादव, सुरेंद्र प्रजापति टाटीझरिया का धान, चोलो प्रजापति, सेवा प्रजापति, महादेव प्रजापति, सरयू यादव, बड़ा डहरभंगा धान, परमेश्वर यादव उर्फ बूटी महतो का चहारदीवारी को बर्बाद कर दिया। इसके अलावा शंकर सोनी और पंकज सोनी के लगे बागवानी को भी नष्ट किया। सुचना मिलते ही मुखिया सह बीस सुत्री अध्यक्ष शिबू प्रसाद सोनी, उपप्रमुख रवि वर्णवाल और सांसद प्रतिनिधि महेश अग्रवाल ने निरीक्षण कर वन विभाग और सरकार से हुए नुकसान को अवलोकन करते हुए मुवाअजा की मांग किया। समाचार लिखे जाने तक हाथियों का झुंड खपिया जंगल में डेरा जमाये हुए हैं। सूचना मिलने के बाद फॉरेस्टर विद्याभूषण वनरक्षी गोपी पासवान अपने दल बल के साथ साथ में हाथी भगाने वाले टीम के साथ पहुंचे विद्याभूषण ने बताया कि हाथी कभी झरपो तरफ तो कभी खैरा गोधीया अमनारी सहित क्षेत्र में है सभी लोगों से आग्रह होगा कि जंगल तरफ जानवर चराने या अन्य काम से भी नहीं जाये हाथी भगाने की टीम भगाने में लगा हुआ है जिनका जो भी फसल का नुकसान हुआ है सभी का मुआवजा प्रक्रिया के तहत दिया जायेगा।

## बांका टोला में हाथी का आतंक, महिला बची



हजारीबाग (आजाद सिपाही)। जिले के इचाक प्रखंड अंतर्गत डाढ़ा पंचायत अंतर्गत बभनी गांव में पिछले कुछ दिनों से झुंड से बिछड़ा एक हाथी ग्रामीणों के लिए आतंक का कारण बना हुआ है। बीते रात्रि बभनी गांव के बांका टोला की निवासी फूलो देवी के कच्चे मकान पर हाथी ने धावा बोल दिया। इस दौरान मकान बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया और महिला भी हाथी के हमले से चोटिल हो गयी। हालांकि महिला ने सूझबूझ का परिचय देते हुए किसी तरह हाथी के नीचे से निकलकर अपनी जान बचाई। सचमुच यह कहावत चरितार्थ हुई जाको राखे साइयां, मार सके ना कोय। घटना की जानकारी मिलते ही डाढा.पंचायत की मुखिया सह झामुमो महिला सेल की जिला अध्यक्ष सुनीता देवी ने भुक्तभोगी महिला की स्थिति जानी। उन्होंने पीड़िता की इलाज के लिए आर्थिक सहयोग उपलब्ध कराया और प्रशासन से अविलंब क्षतिपूर्ति राशि दिलाने की मांग की। मुखिया ने कहा कि हर वर्ष डाढा.पंचायत के ग्रामीण हाथियों की तबाही का शिकार होते हैं, लेकिन वन विभाग व जिला प्रशासन की ओर से अब तक ठोस कदम नहीं उठाये गये हैं। उन्होंने बताया कि पंचायत के प्रत्येक गांव में 10-10 सोलर लाइट लगाने का प्रस्ताव विभाग को सौंपा गया था, ताकि हाथियों की आवाजाही रोकी जा सके, लेकिन अब तक कोई कार्रवाई नहीं हुई है। लगातार हो रहे हाथियों के आतंक से ग्रामीणों में दहशत का माहौल है। हालात यह है कि लोग रातभर जागकर घर-परिवार की सुरक्षा करने को मजबूर हैं। ग्रामीण प्रशासन से हाथियों के आतंक से निजात दिलाने की गुहार लगा रहे हैं।

## मुखिया और उसके पति के खिलाफ कार्रवाई की मांग

इचाक (आजाद सिपाही)। प्रखंड अंतर्गत कारीमाटी पंचायत के मुखिया किरण देवी और उनके पति चंदन मेहता के कार्य शैली से क्षुब्ध वार्ड सदस्यों ने मोर्चा खोल दिया है। क्षुब्ध वार्ड सदस्यों के एक घट में शामिल महेंद्र कुमार, गिरधारी प्रसाद मेहता, श्वेता देवी, अनीता देवी, देवंती देवी, राधा देवी, रामकुमार मेहता और संजू देवी ने मुखिया के कार्य शैली से तंग आकर इचाक बीडीओ संतोष कुमार को आवेदन सौंपा है। जिसकी कॉपी डीसी हजारीबाग, प्रमुख, जिला परिषद अध्यक्ष को सौंपा है। जिसने कहा है कि मुखिया पंचायत सचिवालय में कभी नहीं बैठी, वे सारा काम अपने घर पर ही निपटाती है। डीएमएफटी मद की राशि मनमाने ढंग से खर्च करना, मनरेगा योजना में दो से पांच फीसदी की वसूली और आवास में लाभुकों से रिश्वत लेना, मनमानी पर सवाल उठाने पर मुखिया और उसके पति के द्वारा वार्ड सदस्यों के साथ अभद्र व्यवहार करना जैसे कई आरोप शामिल है। वार्ड सदस्यों ने मामले की जांच कर मुखिया और उसके पति के खिलाफ कार्रवाई की मांग किया है। ताकि पंचायत के गरीबों को सरकारी योजनाओं का सही लाभ मिल सके।

## तैलिक साहू समाज ने ऋतिक कंपनी के मालिक सीएम राजेश के बयान पर जताया रोष




बड़कागांव (आजाद सिपाही)। बड़कागांव प्रखंड तैलिक साहू समाज द्वारा पूर्व विधायक अंबा प्रसाद को ऋत्विक कंपनी के मालिक सीएम राजेश द्वारा फोन पर धमकी देने और यह कहना कि राजनितिक कैरियर खत्म कर देंगे का कड़ी निंदा की गयी। इस बात को लेकर तैलिक साहू समाज में गुस्सा उबाल पर है। इस संबंध में रुकमणी भवन बड़कागांव में समाज की बैठक कर विरोध जताया गया। ऋत्विक कंपनी के मालिक सीएम राजेश की बातों को भर्त्सना करते हुए कहा कि समाज की बेटी को धमकाना बंद करें। हमलोगों के जमीन पर कार्य करेंगे और हमलोगों को ही धमकाना और शोषण करना बर्दाश्त नहीं चलेगा। पूर्व विधायक अंबा प्रसाद के साथ तैलिक साहू समाज खड़ा है। समाज की आवाज को कुचलने नहीं दिया जायेगा। बैठक के बाद रूक्मणी भवन से रैली निकाल कर विरोध जताया गया। इस अवसर पर राष्ट्रीय तेली साहु समाज के जिला संरक्षक कौलेश्वर साव, जिला अध्यक्ष कैलाश साव, उपाध्यक्ष अशोक साव, प्रखंड अध्यक्ष जानकी साव, अखिल भारतीय साहु समाज के प्रखंड अध्यक्ष जगतनंदन प्रसाद गुप्ता, पूर्व प्रखंड अध्यक्ष धनु प्रसाद निराला, सचिव मोहन साव, वरिष्ठ समाजसेवी कुंज बिहारी साव, विनय साव, पदूम साव, गणेश गुप्ता, रामदुलार गुप्ता, त्रिलोकी साव, श्याम भार्गव, शशिभूषण साव, अशोक साव, मिथलेश कुमार साव, दिलीप साव, महेन्द्र साव सहित समाज के अन्य लोग शामिल थे।

## फरार वारंटी के घर चिपकाया इश्तेहार



विष्णुगढ़ (आजाद सिपाही)। विष्णुगढ़ थाना पुलिस ने पूर्व मामले पर फरार चल रहे वारंटी के घर जाकर विधिवत इश्तेहार चिपकाया है। युक्त अभियुक्त 2021 के मामले में मिनी गन फैक्ट्री मामले के अभियुक्त की अनुपस्थिति में यह आदेश उनके घर में जाकर विधिवत इश्तेहार चिपकाया है। फरार वारंटी विष्णुगढ़ थाना कांड संख्या 218/2021, दिनांक 13.11.2021, धारा 25(1)(अ)/26(2)/35 आर्म्स एक्ट के प्राथमिकी अभियुक्त मो जमाल, पिता स्व. अलीमुद्दीन सा बंदियो थाना चंद्रपुरा जिला बोकारो के विरुद्ध निर्गत इश्तेहार अधिपत्र का तामिला विष्णुगढ़ थाना के पुलिस अवर निरीक्षक दशरथ महतो के द्वारा उसके घर पर जाकर विधिवत चिपकाया गया। ये मामले के आरोपियों के विरुद्ध माननीय न्यायालय में 2021 में मामला दर्ज किया गया था। अभियुक्त और परिवार के सभी सदस्य फरार चल रहे थे। परिवार के सदस्यों को युक्त फरार रहने के कारण कांड के अनुसंधानकर्ता और पुलिसकर्मी के द्वारा अभियुक्त इश्तेहार के घर पर जाकर ढोल पिटवा कर चौक चौराहे और सार्वजनिक स्थलों पर पोस्टर चिपकाया गया। जिसमे अभियुक्त को माननीय न्यायालय में 30 दिनों के अंदर आत्मसमर्पण करने हेतु निर्देश दिया गया अन्यथा आत्मसमर्पण नहीं करने पर कुर्की जब्ती कर आगे की कार्रवाई की जायेगी। इस दौरान विष्णुगढ़ थाना के एसआइ मयार्नुस खलको और जवान सशस्त्र बल समेत कई अन्य ग्रामीण मौजूद थे।

## गणेश चतुर्थी उत्साह के साथ मनाया गया



बड़कागांव (आजाद सिपाही)। एनटीपीसी माइनिंग लिमिटेड के पकरी बरवाडीह और पीबी-नॉर्थ वेस्ट कोयला खनन परियोजनाओं में गणेश चतुर्थी का पर्व उत्साह और श्रद्धा के साथ मनाया गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में कर्मचारियों ने भाग लिया, जिससे पूरे परिसर में भक्ति और आनंद का माहौल बना रहा। कार्यक्रम में परियोजना प्रमुख सुब्रत कुमार दास सहित विभागाध्यक्षों की गरिमायी उपस्थिति रही। सभी कर्मचारियों ने मिलकर भगवान गणेश की पूजा-अर्चना की और मंगल कामनाएं व्यक्त की। यह आयोजन न केवल परंपरा और संस्कृति का प्रतीक रहा, बल्कि संगठन में एकता, सामूहिकता और सौहार्द की भावना को भी और सुदृढ़ किया।

## मिथिलेश कुमार बने सांढ़ दुर्गा पूजा समिति के अध्यक्ष, संतोष महतो सचिव



बड़कागांव (आजाद सिपाही)। प्रखंड के ग्राम सांढ़ और टोला छपेरवा महाबीर मण्डप के प्रांगण में दुर्गा पूजा समिति का गठन और शांतिपूर्ण बनाने को लेकर बैठक हुई। इसकी अध्यक्षता सांढ़ ग्राम अध्यक्ष सह पूर्व मुखिया कार्तिक महतो और संचालन छपेरवा समाज अध्यक्ष कृत्यानंद महतो ने किया। इस दौरान दुर्गा पूजा शांति पुर्ण संपन्न करवाने के लिए दुर्गा पूजा समिति का गठन किया गया। जिमसें सर्वसम्मति से अध्यक्ष बने मिथलेश कुमार व सचिव संतोष महतो, कोषाध्यक्ष कैलाश महतो को बनाया गया। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि दुर्गा पूजा को सफल बनाने हेतु विधि व्यवस्था को दुरुस्त करने के लिए समिति गठित कर जिम्मेवारियां सौंपी गयी। वही बैठक को संबोधित करते हुए पूजा अध्यक्ष मिथलेश कुमार ने कहा कि जो ग्रामीणों मुझे जिम्मेवारी सौंप रहे हैं। उसे हम पूरे ईमानदारी पूर्वक निर्वाहन करूंगा। आगे उन्होंने बताया कि ग्राम सांढ़ में 1980 से दुर्गा पूजा की शुभारंभ की गयी थी। जिस वक्त खपरैल के बने मंडप से शुरू किया गया था। उसे समय लोग अपने कंधों में प्रतिमा को उठाकर गांव की भ्रमण करते हुए ढोल नगाड़े के साथ नाचते गाते पंडरी पोखर में प्रतिमा को विसर्जन करते थे। लेकिन आज माता के श्रद्धालुओं के सहयोग से एक भव्य दुर्गा मंदिर का निर्माण कर पूजा अर्चना की जा रही है।

# गणेश महोत्सव की धूम, जगह-जगह विराजे गजानन

आजाद सिपाही संवाददाता

**रामगढ़।** गणेश चतुर्थी पर भगवान गणेश का आगमन हुआ है। रामगढ़ जिले में भक्तों ने उनका भव्य स्वागत किया। शहर से लेकर गांव तक बनाये गये पूजा पंडाल में भगवान गणेश की विशाल प्रतिमाएं स्थापित की गयी। बुधवार को भव्य पूजा अनुष्ठान के बाद भगवान गणेश के पट्ट खोले गये और उनके दर्शन के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी। गजानन की मूर्ति स्थापना के साथ ही गणपति बप्पा मोरया की गूंज से पूरा शहर गूंज उठा। शहर के कई स्थानों पर बुधवार को गजानन की प्रतिमा स्थापित की गयी। वहीं आकर्षक पंडाल और विद्युत सज्जा देखते ही बन रहा था।



जबकि कई भक्तों ने अपने-अपने घरों में भी भगवान गणेश की मूर्ति स्थापित कर शुभ मुहूर्त में पूजन अर्चना कर सुख समृद्धि की कामना की।





**इन स्थानों पर विराजे गजानन**

शहर के चट्टी बाजार में रामगढ़ युवा संघ के द्वारा भव्य पंडाल और प्रतिमा स्थापित के साथ आकर्षक विद्युत सज्जा सजायी गयी, बिजुलिया तालाब रोड में युवा सहयोग समिति के द्वारा भी भव्य पंडाल और प्रतिमा स्थापित की गयी, नेहरू रोड स्थित महाकाल भगवा सेना गणेश पूजा समिति द्वारा भी आकर्षक पंडाल और मूर्ति स्थापित की गयी। यहां पंडाल को प्रसिद्ध तारापीठ मंदिर का रूप दिया गया है। श्री श्री गणेश पूजा समिति न्यू गुप्ता क्लब कोयरी टोला साहू मोहल्ला में भी पंडाल और प्रतिमा स्थापित की गयी। शिवाजी रोड किला मंदिर के पास भी भव्य प्रतिमा और पंडाल बनाया गया। गोरियारीबाग में भगवान गणेश की प्रतिमा व पंडाल का निर्माण कराया गया।

## एसपी अजय कुमार ने दिगवार में गणेशोत्सव पंडाल का किया उद्घाटन



**कुजू (आजाद सिपाही)।** भगवान श्रीगणेश प्रथम भगवान के रूप में पूजे जाते हैं। उनकी लीला अनुकरणीय है। वे सुख, समृद्धि और उन्नति का दाता हैं। उक्त बातें रामगढ़ एसपी अजय कुमार ने दिगवार में गणेशोत्सव पंडाल का विधिवत उद्घाटन के मौके पर बतौर मुख्य अतिथि के रूप में कही। कहा कि भगवान श्री गणेश अपने माता-पिता के प्रति सेवा और समर्पण भाव से श्रेष्ठ बने। ठीक आप सभी अपने माता-पिता का मान सम्मान कर भरपूर आशीर्वाद पाये। साथ ही, युवा वर्ग को अपराधिक गतिविधियों से दूरी बनाये रखने की सलाह दी। वहीं, विद्यार्थियों को मोबाइल पर धार्मिक एप्लीकेशन एप के माध्यम से आध्यात्मिक दर्शन करने की सलाह दीं। इससे पूर्व, एसपी ने पंडाल का विधिवत उद्घाटन फीता काटकर किया। साथ ही, गणेशजी की पूजार्चना कर क्षेत्र की सुख समृद्धि की कामना की। तत्पश्चात आयोजन समिति के संयोजक सांसद प्रतिनिधि मनोज गिरी की अगुवाई में एसपी समेत आगत अतिथियों का अंगवस्त्र भेंटकर स्वागत किया गया। पूजा समिति अध्यक्ष रवि कुशवाहा ने बताया कि तीन दिनों का गणेश उत्सव कार्यक्रम है। वहीं, पुरोहित राकेश पांडेय ने यजमान बने चंदन कुशवाहा, कैलाश गिरी, धोनी कुमार, वर्षा रानी और लवली कुमारी का पूजन कराया। इस अवसर पर भाजपा ओबीसी रांची नगर प्रभारी जगेश्वर प्रजापति, सांसद प्रतिनिधि मनोज गिरी, वार्ड पार्षद कुलदीप कुशवाहा, अरूण कुशवाहा, सचिव मनोहर कुशवाहा, पिंटू कुशवाहा, ज्ञानी कुशवाहा, सुशील कुमार, शांति देवी, संगीता देवी, सुनीता देवी, विनोद प्रसाद, जगदीश महतो, प्रभाकर कुशवाहा, संजीव कुशवाहा, शंकर कुशवाहा, देवेंद्र गिरी, सुनील सिंह, मंगल मुंडा समेत पूजा समिति के कई सदस्य और धर्मप्रेमी शामिल रहे।

## राज्यसभा सांसद ने सेवटा में गणेश पूजा पंडाल का किया उद्घाटन



**कुजू (आजाद सिपाही)।** मातृभूमि भारत देवी- देवताओं, संतो और उपासकों का देश है। भगवान श्रीगणेश का आध्यात्मिक पूजन और आराधना करने से मानसिक शांति, स्थिरता और आंतरिक सद्गुणों का विकास होता है। साथ ही, जीवन में सुख-समृद्धि आती है। उक्त बातें राज्यसभा सांसद आदित्य प्रसाद साहू ने बुधवार को सेवटा शिव मंदिर में चार दिवसीय गणेश महोत्सव पर पंडाल उद्घाटन के दौरान बतौर मुख्य अतिथि के रूप में कहीं। उन्होंने कहा कि गणेशजी के आशीर्वाद से समाज और गांव पूर्ण रूप से संपन्न और समृद्ध है। साथ ही, माता-पिता का सम्मान कर हर रोज आशीर्वाद पाये। इससे पूर्व, सांसद ने गणेश पूजा पंडाल का फीता काटकर विधिवत उद्घाटन किया। तत्पश्चात श्री साहू ने पूजार्चना कर झारखंड वासियों के लिए सुख समृद्धि की कामना की। आयोजन समिति के अध्यक्ष संदीप साहू, सचिव सोनू शाह की अगुवाई में आगत अतिथियों का अंगवस्त्र भेंटकर स्वागत किया गया। समिति सदस्य राजेश प्रसाद ने बताया कि आगामी 28 अगस्त की संध्या गंगा आरती का आयोजन किया गया है। जबकि 29 को हवन व महाभंडारा और 30 अगस्त को शोभा यात्रा और मूर्ति विसर्जन की जायेगी। मौके पर खोखेन्द्र साव, भीम प्रसाद साहू, विधायक प्रतिनिधि नरेश प्रसाद साहू, प्रवीण मेहता, आचार्य विकास पांडेय, संजय शाह, सुनील साहू, विक्रांत कुमार, प्रो राजेश प्रसाद, राजेश प्रसाद, सुरेश प्रसाद साहू, परमेश्वर साहू, विजय जायसवाल, छोटन सिंह, महेंद्र प्रजापति, अशोक प्रसाद, परमेश्वर प्रसाद, लखन प्रसाद, रंजीत कुमार, रमेश कुमार, शशिकांत, ध्रुव प्रसाद, अनमोल सिंह, डॉ सुमन कुमारी, सुधान सिंह समेत कई मौजूद रहे।

## गणेश महोत्सव कलश शोभा यात्रा के साथ शुरू



**टंडवा (आजाद सिपाही)।** सूर्य मंदिर चूंदरू धाम टंडवा में बुधवार को विधि विधान, वैदिक मंत्रोच्चार से भक्ति मय गूंज के साथ दस दिवसीय गणेश महोत्सव सह सूर्य मंदिर नव निर्माण हेतु यज्ञ का शुरुआत हो गया। गेरूआ नदी से जल भर कर कलश यात्रा की शुरूआत की गयी। आचार्य वेदांत जय नारायण मिश्र ने पांच मुख्य पुजारी पति पत्नी की जोड़ी सहित सैकड़ों कलश यात्रियों को वैदिक मंत्रोच्चार के साथ जल पूजन कराया, कलश में जल भर कर नगर भ्रमण के लिए प्रस्थान कराया गया। जल यात्रा आंबेडकर चौक, गुप्ता चौक, बाजारटांड़, पोस्टऑफिस चौक, थाना चौक, हॉस्पिटल, भामाशाह चौक, शहीद चौक होते हुए नगर भ्रमण करते चूंदरू धाम यज्ञ मंडप स्थान में पहुंचा। नगर भ्रमण के दौरान नीम चौक में समाज सेवी रिंकू गुप्ता द्वारा पानी, शरबत से जल यात्रियों को रस पान कराया गया। वहीं मंच पर पूजा समिति सह सूर्य मंदिर विकास समिति द्वारा अतिथियों को अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया गया। मौके पर पहुंचे चतरा सांसद कालीचरण सिंह को समिति ने न्यू सूर्य मंदिर की चित्र देकर सम्मानित किया गया। सांसद कालीचरण सिंह ने सूर्य मंदिर प्रांगण में एक करोड़ के मद से पंडाल शेड और छठ घाट की निर्माण की घोषणा की। इस भव्य कलश यात्रा में सिमरिया विधायक उज्ज्वल दास, पूर्व विधायक किशुन कुमार दास, सीसीएल प्रक्षेत्र सांसद प्रतिनिधि प्रेम विकास उर्फ मंटू सिंह, प्रेम रंजन पासवान, समिति अध्यक्ष विकास गुप्ता, सचिव अनिल दास, कोषाध्यक्ष संजीत गुप्ता, कुलदीप साव, नंदा थापा, शंकर गुप्ता, रंजित गुप्ता, रविन्द्र गुप्ता, जगेश्वर दास, मीनू गुप्ता, बबलू गुप्ता, राजेंद्र नायक, देवकी रजक, विकास मालाकार, मनोज मालाकार, संतोष प्रसाद गुप्ता, बलराम गुप्ता, अजय गुप्ता, मुख्य पुजारी रविन्द्र बख्शी, सुनीता बख्शी, बरूण सिंह, ललिता सिंह, राजू गुप्ता, नीरू गुप्ता, चंद्र साव, मालती देवी, नंदू साव, सरस्वती देवी सहित सैकड़ों धर्म प्रेमी श्रद्धालु उपस्थित थे।

## पूर्व मंत्री सत्यानंद भोगता ने किया कर्मचारी शक्ति समागम कार्यक्रम का शुभारंभ




**चतरा (आजाद सिपाही)।** पूर्व मंत्री सत्यानंद भोगता ने आज चतरा जिला मुख्यालय स्थित D.M.F.T प्रशिक्षण भवन में झारखंड ऑफिसर, टीचर्स एंड एम्प्लॉइस फेडरेशन द्वारा आयोजित ₹कर्मचारी शक्ति – समागम₹ में बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए और दीप प्रज्वलित कर समागम का शुभारंभ किया। इसके उपरांत झारोटेफ के सदस्यों ने शिक्षक संवर्ग को MACP, राज्यकर्मियों की उम्र 62 वर्ष करने और शिशु शिक्षण भत्ता सहित 11 सूत्री ज्वलंत मुद्दों को लेकर एक ज्ञापन सौंपा, जिसपर पूर्व मंत्री ने राज्य के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से मिलकर उनकी मांगों से अवगत कराने और मांगों पर जल्द पहल करने का भरोसा दिलाया। सत्यानंद भोक्ता ने कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए कहा कि कर्मचारी शक्ति समागम एक ऐसा मंच है जहां कर्मचारी अपनी मांगों, समस्याओं और अपने अधिकारों के लिए एकजुट होकर आवाज उठाते हैं। यह आयोजन झारखंड ऑफिसर्स टीचर्स इम्प्लाइज फेडरेशन द्वारा बड़े पैमाने पर किया जाता है। यह कार्यक्रम कर्मचारी संगठन को मजबूत करने, कर्मचारियों में एकजुटता बढ़ाने आदि के लिए बेहतर कदम है। कार्यक्रम में मुख्य सलाहकार सुनील कुमार, प्रांतीय प्रवक्ता शिल्प सुहासिनी, राष्ट्रीय जनता दल जिलाध्यक्ष नवल किशोर यादव, 10+2 शिक्षक संघ अध्यक्ष अनूप कुमार, माध्यमिक शिक्षक संघ जिलाध्यक्ष उपेन्द्र राम, झारोटेप के जिला संयोजक सुनील कुमार, शिक्षक कुमार चंदन, रमेश कुमार साहू, पुरुषोत्तम सिंह, आशीष कुमार समेत कई गणमान्य मौजूद थे।

## नौ किलो डोडा के साथ एक गिरफ्तार



**हंटरगंज/चतरा (आजाद सिपाही)।** जिले में नशे के सौदागरों पर पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए एक स्विफ्ट कार के साथ 9 केजी अवैध डोडा जब्त किया है। अवैध मादक पदार्थों की इस तस्करी में एक तस्कर पुलिस के हत्थे चढ़ गया है। पुलिस की इस कार्रवाई से नशे के सौदागरों में हड़कंप मच गया है। पुलिस ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया कि मंगलवार रात्रि चतरा पुलिस अधीक्षक सुमित अग्रवाल को गुप्त सूचना मिली थी की एक सफेद रंग का स्विफ्ट डिजायर कार में कुछ अवैध समान हंटरगंज की ओर जा रहा है। सूचना के आलोक में अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी के निर्देश पर एक छापेमारी टीम की गठन की गयी। छापेमारी टीम ने तुरंत कार्रवाई करते हुए प्रतापुर मोड़ के आगे औरू-गेरुआ के समीप मुख्य सड़क से एक तस्कर को गिरफ्तार किया और उसके पास से एक बोरा में लगभग 9 केजी डोडा बरामद किया गया है। गिरफ्तार युवक सदर थाना क्षेत्र के शेरपुर गांव निवासी नंद किशोर साव का पुत्र उपेंद्र कुमार है। कार से एक बोरे में 9 किलो, डोडा, एक स्मार्ट फोन और एक स्विफ्ट डिजायर कार जिसका रजिस्ट्रेशन संख्या जेएच 01/एफपी 0240 जब्त किया गया है। उपेंद्र कुमार से पुछताछ के बाद पुलिस अब फरार आरोपियों की तलाश कर रही है और इस काम में लगे नेटवर्क के बारे में जानकारी प्राप्त कर रही है। इस कार्रवाई में हंटरगंज प्रखंड विकास पदाधिकारी निखिल गौरव कमान कच्छप, सब इंस्पेक्टर नितेश कुमार प्रसाद, बिरेंद्र तिवारी सहित सशस्त्र बल के जवान शामिल थे।

## पति गया परदेस, पत्नी ने की आत्महत्या

**रजरप्पा (आजाद सिपाही)।** रामगढ़ प्रखंड अंतर्गत कुंदरु कला पंचायत के करमाली टोला के प्रहलाद महतो की पत्नी ज्योति देवी (19 वर्ष) ने अपने ससुराल में पंखा में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली, परिजनों ने बताया कि पिछले जून महीना 2025 को दुलमी प्रखंड अंतर्गत जमीरा लदगा टोला में युवक का शादी हुआ था, युवक शादी करने के बाद अपने घर में नव विवाहित महिला के साथ रहा उसके बाद रोजी-रोटी के तलाश में परिवार के भरण पोषण के लिए चेन्नई मद्रास चला गया, प्रति गया प्रदेश में काम करने पत्नी ने अपने ससुराल में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली, आत्महत्या के बाद पूरे गांव से लोग मृतक के शव को देखने के लिए भीड़ उमड पड़ी, उधर लड़की के परिवार वालों का कहना है कि रात में फोन से पति द्वारा अपनी पति को बहुत अधिक गाली गलौज किया गया था जिस कारण बेटी ने आत्महत्या कर ली परिजनों द्वारा प्रताड़ित करने का आरोप लगाया है, लड़की के पिता नकुल महतो ने बताया कि शादी के बाद पति का व्यवहार मेरी बेटी के साथ अच्छा नहीं था, बराबर बद्दी भद्दी-भद्दी गाली गलौज किया करता था। जिस कारण ज्योति देवी ने मजबूर होकर आत्महत्या की है। ग्रामीणों द्वारा रामगढ़ पुलिस को सूचना दी गयी सूचना मिलते ही पुलिस बल के जवान दलबल के साथ कुंदरु कला पहुंचे और ग्रामीणों के बीच घर का दरवाजा तोड़कर फांसी के फंदे में झूल रही महिला का शव को उतारा गया, पुलिस शव को अपने को कब्जे में ले ली और पोस्टमार्टम के लिए रामगढ़ सदर अस्पताल भेज दिया गया, पोस्टमार्टम के बाद देर शाम तक शव को परिजनों को शौंप दिया जायेगा। समाचार लिखें जाने तक लड़की के परिजन लड़का के पिता और लड़का का इंतजार में रुके रहे।

## पर्यूषण पर्व की तैयारी पूरी


**रामगढ़ (आजाद सिपाही)।** जैन धर्म का सबसे बड़ा पर्व पर्यूषण को लेकर जैन समाज के लोगों ने भव्य तैयारी की है। 28 अगस्त से शुरू होने वाले इस पर्व को लेकर सारी तैयारियां पूरी हो चुकी है। शहर के मेन रोड में स्थित जैन मंदिर को आकर्षक तरीके से सजाया गया है। जैन धर्म के सभी पर्वो में पर्यूषण का अपना अलग महत्व है। दस दिवसीय धार्मिक कार्यक्रमों में जैन श्रद्धालु पाप, द्वेश और असत्य विचारों से दूर होकर आत्मशुद्धि और आत्म कल्याण हेतु प्रभु के प्रति अपनी भक्ति समर्पित करते हैं। बहुत से जेन श्रद्धालु इन 10 दिनों में विभिन्न प्रकार के व्रतों का अनुपालन कर त्याग और तपस्या का अनुपम उदाहरण प्रस्तुत करते हैं। रामगढ़ जैन समाज के जिनालयो में पर्यूषण पर्व के भव्य आयोजन की तैयारी कार्यकारिणी समिति द्वारा की जा रही है। तैयारियों की विस्तृत जानकारी देते हुए सचिव योगेश सेठी ने बताया कि आयोजन को सफल बनाने के लिए ललितपुर से पंडित निवेश शास्त्री और सागर, मध्य प्रदेश से भजन गायक नीलेश जैन एवं उनके साथियों को आमंत्रित किया गया है। 10 दिवसीय कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए अध्यक्ष राजेन्द्र चूड़ीवाल, दीपक जैन उर्फ गुड्डू जैन, ललित जैन, सौरभ जैन, राजेश चूड़ीवाल, देवेंद्र गंगवाल, राजू शेट्टी, पदम सेठी और सुनील छाबड़ा अपना बहुमूल्य योगदान देंगे।

## विहिप ने 61वां स्थापना दिवस मनाया




**रामगढ़ (आजाद सिपाही)।** जिले के दुलमी प्रखंड में बुधवार को विश्व हिंदू परिषद का 61 वां स्थापना दिवस मनाया गया। जामसिंह गांव में आयोजित इस कार्यक्रम में संगठन के प्रदेश सह मंत्री मनोज पोद्दार और बजरंग दल के रामगढ़ जिला संयोजक महेंद्र ठाकुर शामिल हुए। इस दौरान मुख्य अतिथि मनोज पोद्दार ने कार्यकर्ताओं को बताया कि विश्व हिंदू परिषद की स्थापना जिस परिकल्पना के साथ हुई थी आज उसपर हर सदस्य खरा उतरा है। हमारे पूर्वजों ने जीवन मूल्य की लड़ाई लड़ी। विश्व हिंदू परिषद भारत के साथ-साथ 29 देशों में काम करता है। संघ के शताब्दी वर्ष में पांच प्रण में काम कर रहे हैं। सामाजिक समरसता, कुटुम्ब प्रबोधन, पर्यावरण संरक्षण, स्वदेशी, आत्मनिर्भरता और नागरिक कर्तव्य शामिल है। कार्यक्रम की अध्यक्षता दुलमी प्रखंड अध्यक्ष दिलरंजन भगत और संचालन विहिप जिला सह मंत्री भागीरथ पोद्दार ने किया। कार्यक्रम में अशोक कुमार पटेल, गौतम महतो, सुदीप कुमार, ऋषिदेव चौधरी, सुभाष ठाकुर, नीलकंठ चौधरी सहित अन्य लोग मौजूद थे।

## विधायक और पतरातू अंचलाधिकारी को ज्ञापन सौंपेगी थाना मैदान बचाओ समिति



**भुरकुंडा (आजाद सिपाही)।** भूरकुंडा थाना मैदान बचाओ समिति की बैठक बुधवार को भुरकुंडा थाना मैदान में हुई। जिसकी अध्यक्षता खेल-कूद प्रभारी पंकज कुमार और संचालन उपाध्यक्ष श्रवण कुमार ने की। इससे पूर्व समिति के सदस्यों ने मैदान की दुर्दशा का जायजा लिया। बैठक के दौरान निर्णय लिया गया कि पतरातू अंचलाधिकारी मनोज कुमार चौरसिया और विधायक बड़कागांव को ज्ञापन देकर श्रावणी मेले से अर्जित हुई आय का सदुपयोग करते हुए थाना मैदान का सुंदरीकरण कार्य जल्द शुरू कराने की अपील की जायेगी। अवसर पर पंकज कुमार ने कहा कि समिति ने मेले से होनेवाली आय को मैदान में लगाने के लिए संवैधानिक तरीके से आंदोलन किया था। जिसपर भुरकुंडा ओपी में बैठक हुई थी। जिसमें पतरातू सीओ ने आश्वस्त किया था कि मेले से अर्जित रकम थाना मैदान के सुंदरीकरण में लगायी जायेगी। इस पर जनप्रतिनिधियों और क्षेत्र के प्रबुद्ध लोगों ने भी सहमति जताई थी और समिति ने विरोध समाप्त कर दिया था। इधर, मेला समाप्त हुए 10 दिन से ज्यादा बीत गया है और इस दिशा में कोई सुगबुगाहट नहीं हो रही है। इसे लेकर पतरातू अंचलाधिकारी को जल्द ही ज्ञापन सौंपा जायेगा। वहीं समिति सदस्य श्रवण कुमार ने कहा कि बीते अप्रैल माह में 29, 30 तारीख और एक मई को स्थानीय युवाओं ने श्रमदान और जेसीबी के माध्यम से मैदान की सफाई कर खेल-कूद योग्य बनाया था। यह बात क्षेत्र के लोग भलिभांति जान रहे हैं। मौके पर सचिव बिजेंद्र कुमार, यदुनाथ प्रसाद, श्रवण कुमार, सुरेंद्र साव, राहुल यादव, विनोद राय, अरविंद कुमार वर्मा, राजन ठाकुर, उमेश मेहता, सचिन कुमार सिंह, रोशन कुमार, पीयूष केशरी, सतीश राय, रंजन, सुनील, आकाश सहित अन्य उपस्थित थे।

## सीओ ने पत्थर लदा ट्रैक्टर किया जब्त

**चतरा (आजाद सिपाही)।** गिद्धौर थाना क्षेत्र के मध्य विद्यालय दुआरी के समीप अवैध रूप से पत्थर लदा ट्रैक्टर को अंचल अधिकारी अनंत शयनम विश्वकर्मा ने बुधवार को जब्त कर लिया। यह कार्रवाई गुप्त सूचना के आधार पर की गयी। बताया जाता है कि दुआरी नदी सहित आसपास के क्षेत्र से अवैध रूप से पत्थर उत्खनन कर खरीद बिक्री करने की सूचना प्राप्त हुई थी। बुधवार को छापेमारी अभियान चलाकर अवैध रूप से पत्थर लदा एक ट्रैक्टर को जब्त कर लिया गया।

# टूटी झरना मंदिर और रेफरल अस्पताल का रास्ता जर्जर

## हादसों का इंतजार करता जर्जर मुख्य द्वार, स्ट्रीट लाइट की मांग

अमरजीत कुमार

**कुजू।** अति प्राचीन शिव मंदिर, टूटीझरना और रेफरल अस्पताल, भरेचनगर को जाने वाला एकमात्र मुख्य सड़क मार्ग काफी जर्जर हो चुका है। बरसात के दिनों में राहगीरों और श्रद्धालुओं को एक कदम चलना भी दूभर हो गया है। बड़े बड़े गड्ढों की वजह से कई दो पहिया वाहन चालक गिरकर घायल हुए। वहीं, कईयों को अस्पताल का मुंह देखना पड़ा है। यह मार्ग रामगढ़ नगर परिषद क्षेत्राधीन वार्ड नंबर दो में स्थित है। गौरतलब है कि विगत चार वर्ष पूर्व नगर विकास और आवास विभाग द्वारा करीब 57 लाख रुपये की लागत से उक्त सड़क का निर्माण किया गया था। लेकिन निर्माण कार्य के दौरान संवेदक द्वारा बरती गयी अनियमितता की वजह से कुछ ही दिनों के बाद सड़क टूटकर बिखरने लगा था और इसपर बड़े बड़े गड्ढे बन गये थे। मामले की शिकायत क्षेत्रवासियों द्वारा जिले के






उच्च अधिकारियों को कई बार दिये जाने के बाद भी किसी प्रकार का संज्ञान नहीं लिया गया था। जिससे मंदिर और अस्पताल जाने का मुख्य सड़क का हालात काफी जर्जर अवस्था को प्राप्त हो गया है। जबकि इस सड़क मार्ग में कई सरकारी और प्राइवेट स्कूल भी स्थित है। जिससे बच्चो को पैदल विद्यालय आने जाने में काफी मशक्कत करना पड़ता है। इधर, जर्जर सड़क की वजह से अस्पताल जाने वाले मरीजों को काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। क्षेत्र वासियों के अनुसार इस सड़क पर चलना एक चुनौती के समान है। वहीं, यह घनी आबादी वाला क्षेत्र है। क्षेत्रवासियों ने राजनीतिक दलों के नेताओं एवं जन प्रतिनिधियों पर भी अपना आक्रोश व्यक्त किया है। कहा कि इनके द्वारा आज तक जर्जर सड़क की बदहाली को लेकर कोई ठोस कार्य नहीं किया गया। जिससे सड़क की स्थिति ऐसी बन गयी है।

**कभी भी गिर सकता है टूटी झरना मंदिर का मुख्य द्वार:** एनएच 33 सड़क के किनारे स्थित टूटीझरना मंदिर का मुख्य द्वार की स्थिति बेहद दयनीय है। 16 पायो पर निर्मित मुख्य द्वार अपने निर्माण काल के बाद आज तक मरम्मति की आस जो रहा है। समय रहते प्रशासनिक विभाग द्वारा यदि संज्ञान नहीं लिया गया तो बड़े हादसों से इनकार नहीं किया जा सकता है।

**मुख्य द्वार से मंदिर तक स्ट्रीट लाइट की मांग:** क्षेत्रवासियों ने राहगीरों के आवागमन, मंदिर जाने वाले श्रद्धालुओं और रात्रि बेला में अस्पताल जाने वाले मरीजों की सुविधा के लिए जिला प्रशासन से स्ट्रीट लाइट की मांग की है। जिससे लोगों को सहूलियत मिल सके।

# रामप्रसाद चंद्रभान सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में गणित विज्ञान मेला का आयोजन

**बच्चे हमारे देश के भविष्य हैं और उनके भविष्य के निर्माता शिक्षक हैं: सुनीता चौधरी**

आजाद सिपाही संवाददाता

**रामगढ़।** रामप्रसाद चंद्रभान सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में गणित विज्ञान मेला का आयोजन किया गया। विद्यालय प्रबंधन समिति के सचिव शंकर लाल अग्रवाल, प्रधानाचार्य प्रवीण और विभिन्न विद्यालय से आए हुए निर्णायक की टीम ने दीप प्रज्वलित और नारियल फोड़कर कार्यक्रम का उद्घाटन किया। विद्यालय के शिशु, बाल और किशोर वर्ग के छात्र छात्राओं ने विभिन्न विषयों में विज्ञान और गणित के आकर्षक मॉडल बनायें। मौके पर कार्यक्रम प्रमुख सुनील कुमार ने कहा कि आज का युग विज्ञान का युग है। वैज्ञानिक आविष्कारों के बिना



आज जीवन की कल्पना अधूरी है। मौके पर मुख्य अतिथि पूर्व विधायक सुनीता चौधरी ने कहा कि इस तरह के कार्यक्रम के आयोजन से बच्चों में छिपी हुई अपनी वैज्ञानिक सोच को निखारने का मौका मिलता है। बच्चों ने बहुत मेहनत करके एक से बढ़कर एक सुंदर और आकर्षक मॉडल बनाए हैं। यह बच्चे हमारे देश के भविष्य हैं और उनके भविष्य के निमार्ता शिक्षक हैं। जिनकी देखरेख में यह बच्चे वैज्ञानिकता की ओर अग्रसर रहेंगे। मौके पर विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष सुरेश बगड़िया ने कहा कि विद्यालय का सर्वांगीण विकास हो, यही हमारा लक्ष्य है। प्रतियोगिता में विजेता प्रतिभागियों को किया गया सम्मानित विभिन्न विद्यालयों से आए निर्णायक मंडली के द्वारा बच्चों को प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान दिया गया। सफल प्रतिभागियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में युवा नेता पियूष चौधरी, शंभू शरण सिंह, निशा देवी, विद्यालय प्रबंधन समिति के संरक्षक महेश अग्रवाल, सचिव शंकरलाल अग्रवाल, कार्यक्रम में वरिष्ठ आचार्य कन्हैया कुमार, दिनेश महतो के अलावा कुमकुम झा, रेणु शाह, श्रीकांत द्विवेदी, संगीता मिश्रा, महेश्वर महतो, गौरी शंकर अग्रवाल, भोलानाथ घोष, अमित बर्मन, जयदेव पंडित, मनोज कुमार, सुनील कुमार, दयाशंकर तिवारी, दयाशंकर उपाध्याय, बबीता कुमारी, राजीव कुमार दास, शैलेंद्र कुमार सिंह, सोमा चाकी, आशीष अग्रवाल, अंजू कुमारी, अमरलाल महतो, नागेश्वर साव, रीता तिवारी, पद्मावती सिंह, निकिता शर्मा, प्रवीण कुमार राय, अनुजा कुमारी, बबीता रानी, दुर्गेश कुमार, वीणा कुमारी, शालू कुमारी, पल्लवी कुमारी, उत्तम कुमार, विकास कुमार मोदी, मुस्कान कुमारी, सोनू कुमार राणा आदि मौजूद थे।

## इश्तिहार

इस इश्तिहार के माध्यम से विक्की यादव उम्र 22 वर्ष, पिता गरज यादव सा0 बकरीहाट नियर दुर्गा मंदिर थाना झरिया, जिला - धनबाद को सूचित किया जाता है कि झरिया थाना कांड सं. 111/25 दिनांक 21/04/2025 धारा 65(1) और 06 पोक्सो एक्ट दर्ज कराया गया है जो वर्तमान जिला एवं सत्र न्यायधिश IX सह विशेष न्यायलय पोक्सो एक्ट धनबाद में लंबित है।

आपको सूचित किया जाता है कि इस इस्तिहार के तारिख से 30 दिनो के अन्दर उपरोक्त वर्णित मनानिय न्यायालय में उपस्थित हो अन्यथा 30 दिनों के बाद न्यायसंगत कार्यवाही कि जायेगी।

आदेशानुसार
अनुसंधानकर्ता झरिया
थाना धनबाद

आजाद सिपाही
रांची, गुरुवार, 28 अगस्त, 2025
www.azadsipahi.in



# इनफ्लुएंसरों को सुप्रीम चेतावनी

सोशल मीडिया इनफ्लुएंसरों के कंटेंट से जुड़े मामले में सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट ने जो कुछ कहा है, उसे बहुत सावधानी से लेने की जरूरत है। समय रैना समेत पांच सोशल मीडिया इनफ्लुएंसरों की टिप्पणियों को दिव्यांगों की गरिमा के खिलाफ पाया गया है।

**हास्य की सीमा :** इंटरनेट सेंसेशन के इस दौर में जब अपने कंटेंट को वायरल बनाने की इच्छा सब पर हावी होती दिख रही है, इस केस ने यह ध्यान दिलाया है कि हर दूसरे अधिकार की तरह अभिव्यक्ति की आजादी भी अपने साथ जिम्मेदारी लेकर आती है। सुप्रीम कोर्ट ने इस मामले में ठीक ही बेहद सख्त रुख दिखाते हुए कहा कि किसी को भी दूसरों पर, खासकर दिव्यांगों, बीमारों जैसे कमजोर तबकों पर हंसने की छूट नहीं दी जा सकती। अदालत का यह मानक भी तर्कसंगत कहा जायेगा कि प्रायश्चित के तौर पर की जाने वाली क्षतिपूर्ति होने वाले नुकसान के मुकाबले ज्यादा होनी चाहिए।

**गाइडलाइन की जरूरत :** इसमें दो राय नहीं कि ऑनलाइन कंटेंट से जुड़े मामलों के लिए सरकार की ओर से गाइडलाइन होनी चाहिए। इस सिलसिले में अटॉर्नी जनरल की तरफ से बताया गया कि सभी हितधारकों से बातचीत की प्रक्रिया शुरू की जा चुकी है। लेकिन कोर्ट ने भी माना कि इस तरह की कोई भी गाइडलाइन किसी खास केस की प्रतिक्रिया में आनन-फानन में तैयार नहीं की जा सकती और न ही ऐसा किया जाना चाहिए। यह कार्य न केवल मौजूदा परिस्थिति और इससे जुड़े तमाम पहलुओं का, बल्कि आने वाले दौर की चुनौतियों का भी ध्यान रखते हुए करना होगा।

> सुप्रीम कोर्ट ने इस मामले में ठीक ही बेहद सख्त रुख दिखाते हुए कहा कि किसी को भी दूसरों पर, खासकर दिव्यांगों, बीमारों जैसे कमजोर तबकों पर हंसने की छूट नहीं दी जा सकती। अदालत का यह मानक भी तर्कसंगत कहा जायेगा कि प्रायश्चित के तौर पर की जाने वाली क्षतिपूर्ति होने वाले नुकसान के मुकाबले ज्यादा होनी चाहिए।

**वाणिज्यिक अभिव्यक्ति :** सुप्रीम कोर्ट की टिप्पणी से यह सवाल भी सामने आया कि क्या अभिव्यक्ति की आजादी को वाणिज्यिक और गैर-वाणिज्यिक जैसी दो श्रेणियों में बांटकर देखा जा सकता है। ध्यान रहे, संविधान की ओर से सभी नागरिकों को अभिव्यक्ति का एक जैसा अधिकार दिया गया है। इसके साथ जुड़ी पाबंदियां भी सबके लिए समान हैं। यहां तक कि मीडिया या मीडियाकर्मियों को भी अलग से कोई अधिकार नहीं दिया गया है। ऐसे में इस पर विचार करना होगा कि क्या किसी की अभिव्यक्ति को इस आधार पर अलग तरह से देखा जाना चाहिए कि वह वाणिज्यिक कंटेंट की श्रेणी में आता है या नहीं।

**अधिकारों का टकराव :** पिछली सुनवाई की रोशनी में देखा जाये तो स्पष्ट हो जाता है कि इस मामले में अनुच्छेद 19 के तहत मिले अभिव्यक्ति के अधिकार और अनुच्छेद 21 के तहत मिले गरिमापूर्ण जीवन के अधिकार दोनों पर विचार करना है। जाहिर है, यह देखना महत्वपूर्ण होगा कि शीर्ष अदालत कैसे दोनों के बीच संतुलन साधते हुए आगे बढ़ती है।

**अभिमत**
**आजाद सिपाही**

इस प्रकार प्रधानमंत्री मोदी ने स्वतंत्रता दिवस के अपने संबोधन में देश की सुरक्षा से लेकर आर्थिक विकास एवं आमजन की सुख-समृद्धि में बढ़ोत्तरी के लिए एक व्यापक कार्य योजना प्रस्तुत की है। बच्चों, युवाओं, उद्यमियों से लेकर किसानों तक समाज के सभी वर्गों को संबोधित किया और 2047 तक भारत को विकसित एवं आत्मनिर्भर राष्ट्र के रूप में स्थापित करने का विजन व कार्ययोजना देशवसियों के समक्ष रखी।

# आत्मनिर्भरता व स्वदेशी के मूल मंत्र से ही भारत होगा मजबूत व सुरक्षित

**मृत्युंजय**

**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी ने इस वर्ष स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर कई कीर्तिमान एक साथ रच डाले। लाल किले की प्राचीर से 103 मिनट तक बोलते हुए अपने राजनीतिक जीवन का सबसे लंबा भाषण दिया। अपने संबोधन में हर क्षेत्र में स्वदेशी को अपनाने के साथ ही आत्मनिर्भरता को मजबूती प्रदान करने का संदेश दिया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जीएसटी सुधार से लेकर राष्ट्रीय एवं धार्मिक महत्व की सभी संस्थाओं व केंद्रों की व्यापक स्तर पर सुरक्षा के लिए वर्ष 2035 तक ऑपरेशन सुदर्शन चक्र जैसी अत्यंत महत्वाकांक्षी योजना की घोषणा की। साथ ही, देश के विभिन्न स्थानों में बांग्लादेशी व रोहिंग्या घुसपैठ के कारण हो रहे जनसांख्यिकी परिवर्तन की रोकथाम के लिए व्यापक स्तर पर मिशन मोड में अभियान प्रारंभ करने की घोषणा की है जो राष्ट्रीय एवं सांस्कृतिक दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के भाषण की सबसे बड़ी विशेषता यह रही कि लाल किले से उन्होंने विश्व के सबसे बड़े सामाजिक संगठन राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की प्रशंसा की और उसे सबसे बड़ा एनजीओ बताया। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ इस बार अपनी स्थापना के 100वें वर्ष में प्रवेश कर रहा है। संघ के 100 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर प्रधानमंत्री मोदी द्वारा देश वा समाज हित में किये गये संघ के कार्यों की चर्चा व प्रशंसा संघ के स्वयंसेवकों का उत्साहवर्द्धन करनेवाला तो रहा ही साथ ही यह भी स्पष्ट हो गया कि भाजपा और संघ के बीच कोई वैचारिक मतभेद हो ही नहीं सकता।

> यह भी स्पष्ट हो गया कि भाजपा और संघ के बीच कोई वैचारिक मतभेद हो ही नहीं सकता।



प्रधानमंत्री मोदी ने अपने संबोधन में स्वदेशी हथियारों के बल पर ऑपरेशन सिंदूर की सफलता की कहानी को देशवासियों के समक्ष एक बार पुनः रेखांकित किया और साथ ही पाकिस्तान को फिर से अत्यंत कड़ा संदेश देते हुए कहा कि सिंधु नदी का जल और खून मतलब आतंकवाद एक साथ नहीं चलेगा। उन्होंने कहा कि अगर हम हथियारों के मामले में आत्मनिर्भर ना होते तो क्या आप सोच सकते हैं कि इतना सफल ऑपरेशन सिंदूर संभव हो पाता। अमेरिका की शह पर अनर्गल प्रलाप करने वाले पाक सेना प्रमुख आसिम मुनीर को स्पष्ट संदेश दे दिया गया है कि अब भारत के साथ परमाणु हमले की ब्लैकमेलिंग नहीं चलने वाली। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि भारत की नीति अभी तक पहले हमला नहीं करने की रही है।

**प्रधानमंत्री विकसित भारत रोजगार योजना–** प्रधानमंत्री मोदी ने 15 अगस्त के दिन से ही युवाओं के लिए एक लाख करोड़ रुपये की योजना लागू करने की घोषणा कर दी। इस योजना के तहत निजी क्षेत्र में पहली नौकरी पाने वाले युवकों को सरकार की ओर से प्रोत्साहन राशि के रूप में 15 हजार रूपये दिये जायेंगे। यह योजना करीब-करीब साढ़े. तीन करोड़ नौजवानों के लिए रोजगार के अवसर बनायेगी।

**नेक्स्ट जेनरेशन जीएसटी सुधार–** पीएम मोदी ने इस दीपावली से जीएसटी सुधार के माध्यम से बड़ी राहत देने की घोषणा की है जिससे आम नागरिकों व छोटे व्यापारियों को बड़ी राहत मिलने जा रही है।

**हाइ पावर डेमोग्राफी मिशन–** प्रधानमंत्री मोदी ने बताया कि आज देश के सामने सबसे बड़ी चिंता व चुनौती यह है कि सोची समझी साजिश के तहत देश की डेमोग्राफी को बदला जा रहा है एक नये व गंभीर संकट के बीज बोए जा रहे हैं। ये घुसपैठिये देश के नौजवानों की रोजी रोटी छीन रहे हैं। झूठ बोलकर बहन बेटियों को अपना निशाना बना रहे हैं।ये घुसपैठिये भोले-भाले आदिवासियों को भ्रमित करके उनकी जमीन पर कब्जा कर रहे हैं। देश यह सहन नहीं करेगा जब-जब सीमावर्ती क्षेत्रों में डेमोग्राफी परिवर्तन होता है तब-तब राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए खतरा पैदा होता है। उन्होंने कहा कि दुनिया का कोई भी देश अपने देश को घुसपैठियों के हवाले नहीं कर सकता। हमारे पूर्वजों व महापुरूषों ने त्याग और बलिदान से हमें स्वतंत्र भारत दिया है। हमने एक हाइ पावर डेमोग्राफी मिशन शुरू करने का निर्णय लिया है, जो कि इस भीषण संकट से निपटने के लिए कार्य करेगा। ज्ञातव्य है कि बांग्लादेशी व रोहिंग्या घुसपैठ के कारण असम सहित अनेक सीमावर्ती राज्यों के जिलों की डेमोग्राफी तेजी से बदल गयी है व बदल रही है। कई राज्यों में घुसपैठियों के खिलाफ व्यापक अभियान भी चलाया जा रहा है। झारखंड जैसे छोटे राज्यों में यह समस्या बहुत विकराल रूप ले चुकी है और गत चुनावों में यह एक प्रमुख चुनावी मुद्दा भी बना था।

**समुद्र मंथन–** प्रधानमंत्री मोदी ने अपने संबोधन में समुद्र मंथन योजना की ऐतिहासिक घोषणा करते हुए कहा कि ऊर्जा के क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनने के लिए भारत नेशनल डीप वाटर एक्सप्लोरेशन मिशन शुरू करने जा रहा है। हम समुद्र से भारत के लिए तेल और गैस खोजने का अभियान प्रारंभ करने जा रहे हैं जिससे हम इस क्षेत्र में भी आत्मनिर्भर हो सकें।इस अभियान को समुद्र मंथन नाम दिया गया है।

**सुदर्शन चक्र मिशन–** प्रधानमंत्री मोदी ने अपने संबोधन में 2035 तक देश के सभी सामरिक व सेना के साथ ही आस्था के सभी महत्वपूर्ण केंद्रो को स्वदेशी तकनीक आधारित व्यापक सुरक्षा कवच देने की महत्वपूर्ण घोषणा की है और इस कवच का लगातार विस्तार होता जायेगा, ताकि देश का हर नागरिक स्वयं को सुरक्षित महसूस करे। उन्होंने बताया कि भगवान श्रीकृष्ण से प्रेरणा लेकर हमने सुदर्शन चक्र की राह को चुना है। ये एक पावरफुल वैपन सिस्टम होगा जो दुश्मन के हमले को नष्ट तो करेगा ही करेगा साथ ही, कई गुना अधिक शक्ति से दुश्मन पर हिटबैक करेगा।

**परमाणु ऊर्जा क्षमता–** 2047 तक 10 गुना बढ़ाने का लक्ष्य भी रखा गया है। इसके लिए परमाणु ऊर्जा क्षेत्र में 10 नये परमाणु रिएक्टर का निर्माण कार्य तीव्र गति से चल रहा है। हम परमाणु ऊर्जा क्षमता 10 गुना से भी अधिक बढ़ाने का लक्ष्य लेकर आगे बढ़ रहे हैं।

**मेड इन इंडिया जेट इंजन–** प्रधानमंत्री मोदी ने देश के युवा वैज्ञानिकों एवं तकनीशियनों से पूछा कि हमारे देश का अपना पूरी तरह से स्वदेशी जेट इंजन होना चाहिए कि नहीं होना चाहिए। आगे कहा हमें स्वदेशी जेट इंजन का निर्माण करना है तभी हम पूरी तरह आत्मनिर्भर होंगे।

प्रधानमंत्री मोदी ने अपने संबोधन में एक मंत्र दिया है और वह है 'दाम कम, लेकिन दम ज्यादा।' अर्थात उन्होंने उद्यमियों और उद्योगों से उचित मूल्य पर गुणवत्तापूर्ण उत्पाद बनाने पर अधिक ध्यान देन का आह्वान किया ताकि हम वैश्विक बाजार में अपने उत्पादों की धूम मचा सकें। अगर हमें वैश्विक बाजार में अपने उत्पादों की क्षमता प्रदर्शित करनी है तो हमें गुणवत्ता के मोर्चे पर निरंतर नयी ऊचाइयों को छूना होगा।

प्रधानमंत्री मोदी ने सोशल मीडिया के प्रभावशाली लोगों के साथ-साथ राजनीतिक दलों से भी घरेलू स्तर पर निर्मित उत्पादों को अपनाने और बढ़ावा देने का आग्रह किया। अपने संबोधन के माध्म से प्रधानमंत्री मोदी ने एकमात्र यही संदेश दिया है कि अब आत्मनिर्भरता ही सुरक्षित भारत का मूल मंत्र है। फिर वह चाहे जो भी क्षेत्र हो। उर्वरकों में आत्मनिर्भरता का संकल्प- प्रधानमंत्री मोदी के संबोधन में उर्वरकों के क्षेत्र में भी आत्मनिर्भरता का संकल्प दिखा। उन्होंने बताया कि खाद्य सुरक्षा के लिए उर्वरक में भी आत्मनिर्भर होना जरूरी है ताकि विदेशी दबाव से किसानों को मुक्त किया जा सके। उन्होंने यह भी साफ किया कि खेती की लागत घटना ही सिर्फ लक्ष्य नहीं है अपितु किसानों की आय बढ़ाने के लिए सस्ती खाद भी उपलब्ध कराना आवश्यक है।

इस प्रकार प्रधानमंत्री मोदी ने स्वतंत्रता दिवस के अपने संबोधन में देश की सुरक्षा से लेकर आर्थिक विकास एवं आमजन की सुख-समृद्धि में बढ़ोत्तरी के लिए एक व्यापक कार्य योजना प्रस्तुत की है। बच्चों, युवाओं, उद्यमियों से लेकर किसानों तक समाज के सभी वर्गों को संबोधित किया और 2047 तक भारत को विकसित एवं आत्मनिर्भर राष्ट्र के रूप में स्थापित करने का विजन वा कार्ययोजना देश्वसियों के समक्ष रखी।

**(इस लेख में लेखक के अपने विचार हैं।)**

## कोल्हान की खबरें

## फर्जी नौकरी के नाम पर रैकेट का खुलासा
# 4 गिरफ्तार, 179 युवक-युवतियां मुक्त

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**जमशेदपुर।** पूर्वी सिंहभूम जिले घाटशिला थाना क्षेत्र में चल रहे बड़े पैमाने पर फर्जी नौकरी के नाम पर घोटाले का पुलिस ने खुसला कर दिया पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) ऋषभ कुमार गर्ग को मिली गुप्त सूचना के आधार पर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी घाटशिला के नेतृत्व में गठित टीम ने मऊभंडार ओपी क्षेत्र में संयुक्त छापेमारी की। छापामारी के दौरान जांच में खुलासा हुआ बेरोजगार युवाओं से नौकरी दिलाने के नाम पर 25,000 वसूले जा रहे थे। इसके अलावा युवाओं पर दो अन्य लोगों को नेटवर्क में जोड़ने का दबाव बनाया जाता था। विरोध करने पर उनके साथ मारपीट की जाती थी। उन्हें घर जाने तक की अनुमति नहीं दी जाती थी।जानकारी मिलने पर पुलिस ने एमएस रिया एंटरप्राइजेस (लालडीह, दहीगोड़ा, थाना-घाटशिला) के कार्यालय को सील कर दिया और मौके पर सभी दस्तावेज जब्त कर ली। कार्रवाई के दौरान फर्जी कंपनी से जुड़े 3 युवकों को रंगे हाथ गिरफ्तार किया गया। जबकि एक अन्य व्यक्ति को बेरोजगार युवाओं के साथ मारपीट करने के आरोप में पकड़ा गया।मौके पर कुल 179 युवक-युवतियां जो छत्तीसगढ़, महाराष्ट्र, पश्चिम बंगाल और ओडिशा के निवासी हैं उन्हें किराये के मकानों में फर्जी नौकरी के नाम पर बंधक बनाकर रखा गया था। पुलिस ने सभी को उनके घर सुरक्षित भेजने की प्रक्रिया में जुट गई। गिरफ्तार आरोपियों में भोलाबगान, छोटागोविन्दपुर निवासी 28 वर्षीय रोमेन्ट कुमार, डोमचाच निवासी मोहन कुमार राणा, वैशाली जिला निवासी शिवम कुमार सिंह और कुलदीप सिंह शामिल है।ग्रामीण एसपी ने बताया इस मामले में मुख्य आरोपी गया जिले के राजू यादव,समस्तीपुर के सुनिल यादव, राहुल रंजन, अनिल और रवि चौहान सहित अन्य फरार हैं। जिनकी गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जारही है। छापामारी दल में घाटशिला थाना प्रभारी वंश नारायण सिंह, मऊभंडार ओपी प्रभारी पंकज कुमार,मनोज मरांडी, पंकज कालिंदी सहित अन्य शामिल रहे।उधर पुलिस की कार्रवाई से इलाके में हड़कंप मच गया। पुलिस का मानना है यह नेटवर्क मार्केटिंग के नाम पर युवाओं को ठगने वाला संगठित रैकेट है।

# हिंदू पीठ में गणेश उत्सव का सातवां वर्ष हर्षोल्लास के साथ मनाया



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**जमशेदपुर।** शहर के हिंदू पीठ में गणेश उत्सव का सातवां वर्ष भक्तिमय माहौल में मनाया जा रहा है। तीन दिवसीय गणेश उत्सव में विभिन्न राजनीतिक दलों, समाजसेवियों और बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्तित रहे।मंदिर परिसर को आकर्षक लाइटिंग की सजावट से सजाया गया। संध्या समय गणपति बप्पा की आरती और दीप प्रज्वलन से कार्यक्रम की शुरूआत हुई। इस अवसर पर हिंदू पीठ के अध्यक्ष अरुण सिंह, महासचिव दिलजय बॉस, संयोजक शंभू नाथ सिंह, ए.के. श्रीवास्तव, चैंबर ऑफ कॉमर्स के मानव केडिया, चंद्रभान सिंह, ब्रह्मदेव शर्मा, कांग्रेस नेता विजय खां और अनिल मोदी उपस्थित रहे। आयोजन में शामिल विभिन्न दलों के नेताओं और समाजसेवियों को अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया गया। नृत्य और संगीत की प्रस्तुतियों के बीच भक्तजन आरती और पूजा-अर्चना में शामिल होकर भक्ति भाव में डूबे नजर आए। श्रद्धालुओं के लिए विशेष प्रसाद की व्यवस्था की गयी। पार्किंग, प्रसाद वितरण और अन्य व्यवस्थाओं के लिए 100 से अधिक स्वयंसेवक तैनात रहे, जिससे भक्तों को किसी प्रकार की असुविधा न हो। हिंदू पीठ में गणेश उत्सव का लगातार सातवां वर्ष है। आयोजकों ने बताया हर वर्ष की तरह इस बार भी भक्तों की सुविधा के लिए विशेष इंतजाम किए गए हैं।

# गणपति बप्पा सबके जीवन से विघ्न दूर करें : अमरप्रीत सिंह काले

**गणेशोत्सव पर काले ने टेका माथा, समाज में एकता और सद्भाव का दिया संदेश**

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**जमशेदपुर।** गणेश चतुर्थी के पावन अवसर पर झारखंड भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता अमरप्रीत सिंह काले ने शहर के विभिन्न गणेशोत्सव कार्यक्रमों में पहुंचकर श्रद्धापूर्वक माथा टेका और गणपति बप्पा का आशीर्वाद प्राप्त किया।

काले ने काशीडीह स्थित विघ्नहर्ता गणेश पूजा समिति, भालुबासा के जम्बू अखाड़ा यूथ, गणेश सेवा संस्थान , राजेंद्र नगर में आयोजित गणेश पूजनोत्सव में शामिल हुए।

इस अवसर पर उन्होंने सभी के सुख, शांति एवं समृद्धि की मंगलकामना करते हुए कहा ह्लगणेश चतुर्थी केवल धार्मिक आस्था का पर्व ही नहीं, बल्कि समाज में एकता, सद्भाव और सकारात्मक ऊर्जा का प्रतीक है। गणपति बप्पा हम सबके जीवन से विघ्न दूर करें और हर घर में खुशहाली का संचार करें।

## मानगो फ्लाइओवर का नाम शहीद खुदीराम बोस के नाम पर रखने की मांग

**जमशेदपुर (आजाद सिपाही)।** झारखंड बांग्लाभाषी उन्नयन समिति ने मानगो फ्लाइओवर का नाम शहीद खुदीराम बोस के नाम पर रखने और उनकी प्रतिमा स्थापित करने की मांग की। बुधवार को इस संबंध में समिति के एक शिष्टमंडल ने जमशेदपुर पश्चिमी विधायक सरयू राय से मुलाकात कर अपनी बातें रखीं। समिति ने कहा मानगो चौक स्थित शहीद स्मारक और खुदीराम बोस की प्रतिमा का सौंदर्यीकरण पूर्व में विधायक सरयू राय द्वारा कराया गया था। विधायक सरयू राय ने प्रतिनिधिमंडल को आश्वस्त किया कि वे इस मांग पत्र को विधानसभा में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को सौंपेंगे और आग्रह करेंगे कि इस पर सहानुभूतिपूर्वक विचार किया जाये। इस अवसर पर राजेश राय, अंशु मुखर्जी, असीत चक्रवर्ती, कमल चक्रवर्ती, संजीव आचार्या, तारक मुखर्जी समेत कई उपस्थित रहे।

## गुरु तेग बहादुर की शहीदी जागृति यात्रा में शामिल हुए रघुवर दास



**जमशेदपुर (आजाद सिपाही)।** सिखों के 9वें गुरु श्री गुरु तेग बहादुर जी के शहीदी दिवस की 350वीं वर्षगांठ पर आयोजित ऐतिहासिक शहीदी जागृति यात्रा में बुधवार को झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास शामिल हुए।श्री दास ने टेल्को गुरुद्वारा पहुंच कर गुरुग्रंथ साहिब के समक्ष शीश नवाकर अरदास की। इसके बाद वे शहीदी जागृति यात्रा की रवानगी में भी सहभागी बने।इस अवसर पर उन्होंने गुरु महाराज से झारखंड की उन्नति, शांति और समृद्धि की कामना करते हुए कहा गुरु तेग बहादुर जी की शहादत पूरी मानवता के लिए प्रेरणास्रोत है। इस अवसर पर भाजपा नेता कुलवंत सिंह बंटी सहित कई श्रद्धालु उपस्थित रहे।

## गणेश पूजा पंडालों में शामिल हुई सविता महतो

**ईचागढ़ (आजाद सिपाही)।** ईचागढ़ की विधायक सविता महतो गणेश चतुर्थी के पावन अवसर पर नीमडीह प्रखंड क्षेत्र के पूड़ीयारा, बांदु (चांडिल) स्थित आदर्श कॉलोनी और ईचागढ़ के गौरांगकोचा में आयोजित गणेश महोत्सव में शामिल हुईं।बुधवार को विधायक ने गणेश मंडप में माथा टेककर क्षेत्रवासियों के सुख-समृद्धि एवं मंगल की कामना की। उन्होंने आयोजकों को सफल आयोजन के लिए शुभकामनाएं देते हुए कहा गणेशोत्सव समाज को एकजुट करने वाला उत्सव है। इस अवसर पर नीमडीह प्रखंड अध्यक्ष सचिन गोप, झामुमो केंद्रीय सदस्य काबलु महतो, राहुल वर्मा, मंगल मांझी सहित पूजा समिति के कई सदस्य व सैकड़ो श्रद्धालु उपस्थित रहे।

# रामदास सोरेन का श्राद्ध कार्यक्रम संपन्न, पहुंचे इरफान अंसारी और संजय यादव

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**घाटशिला।** झारखंड के पूर्व शिक्षा मंत्री स्व रामदास सोरेन के श्राद्ध कार्यक्रम में बुधवार को जनसैलाब उमड़ पड़ा। पूरे क्षेत्र में गमगीन माहौल के बीच गोड्डा के पूर्व सांसद फुरकान अंसारी, झारखंड सरकार के स्वास्थ्य मंत्री डॉ इरफान अंसारी और श्रम मंत्री संजय यादव विशेष रूप से जमशेदपुर पहुंचे और पुष्पांजलि अर्पित कर दिवंगत नेता को अपनी श्रद्धांजलि दी।

श्राद्ध कार्यक्रम में उपस्थित तीनों नेताओं ने स्व. सोरेन की सेवाओं को याद करते हुए उन्हें झारखंड की राजनीति और समाज का अमूल्य धरोहर बताया। इस मौके पर सभी ने परिवार के सदस्यों से मिलकर संवेदनाएं व्यक्त की और कठिन समय में साथ खड़े रहने का भरोसा दिलाया। पूर्व सांसद फुरकान अंसारी ने दोनों पुत्रों को ढांढस बंधाते हुए कहा कि पिताजी के जाने के बाद अब परिवार और समाज की विरासत तुम दोनों के कंधों पर है। तुम्हें मजबूत बनकर आगे बढ़ना है और मां का विशेष ख्याल रखना है। आज पूरा समाज तुम्हारे साथ खड़ा है, तुम्हें कभी अकेला महसूस नहीं करना पड़ेगा। रामदास सोरेन जैसे नेता का जीवन हमेशा प्रेरणा देता रहेगा और उनकी सेवा भावना को आगे ले जाना ही सच्ची श्रद्धांजलि होगी। स्वास्थ्य मंत्री डॉ इरफान अंसारी ने भावुक होकर कहा कि आज मैंने केवल एक सहकर्मी ही नहीं, बल्कि एक साथी और मित्र को खो दिया है। कोल्हान का सबसे बड़ा नेता अब हमारे बीच नहीं रहा, यह विश्वास करना बेहद कठिन है। उनकी कमी को कोई भी कभी पूरा नहीं कर सकता। हमने डॉक्टरों के माध्यम से उन्हें बचाने की भरपूर कोशिश की, लेकिन नियति के आगे हम सभी हार गये। उनकी स्मृतियां हमेशा हमारे दिलों में जीवित रहेंगी। मैं परिवार के साथ पहले भी था, आज भी हूं और आगे भी सदा रहूंगा। श्रम मंत्री संजय यादव ने गहरी संवेदना व्यक्त करते हुए कहा कि रामदास सोरेन जैसे नेता अमर होते हैं। उनका जाना झारखंड की राजनीति और समाज दोनों के लिए अपूरणीय क्षति है।

# बंशीधर नगर में खाद नहीं मिलने से गुस्साये किसानों ने सड़क जाम की

**किसानों ने पुलिस प्रशासन से खाद वितरण प्रक्रिया में पारदर्शिता लाने एवं सभी किसानों को उनकी जरूरत के अनुसार खाद उपलब्ध कराने की मांग की**



आजाद सिपाही संवाददाता

**बंशीधर नगर।** शहर में बुधवार को यूरिया खाद को लेकर दिनभर माहौल तनावपूर्ण रहा। प्रखंड के विभिन्न गांवों से सैकड़ों की संख्या में महिला और पुरुष किसान खाद लेने के लिए खाद वितरण केंद्रों पर पहुंचे थे। तेज धूप होने एवं खाद नहीं मिलने से किसानों ने जमकर हंगामा किया। गुस्साये किसानों ने यहां ट्रॉमा सेंटर के निकट एनएच 75 को जाम कर दिया। साथ ही प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। अचानक लगे इस जाम से सड़क के दोनों ओर वाहनों की लंबी कतार लग गई और यात्रियों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ा। सड़क जाम होने की सूचना मिलने पर सीओ विकास कुमार सिंह एवं बीडीओ रौशन कुमार ने पुलिस बल के साथ जाम स्थल पर पहुंच कर किसानों को काफी समझा बुझा कर माहौल को शांत कराया। बाद में खाद वितरण में तेजी लाने एवं सभी लोगों को खाद उपलब्ध कराने का भरोसा दिये जाने के बाद लोगों ने दो घंटे बाद जाम हटा लिया। साथ ही यह भी भरोसा दिलाया गया कि वितरण व्यवस्था पर कड़ी निगरानी रखी जायेगी, ताकि कालाबाजारी और जमाखोरी पर रोक लग सके। उधर किसानों का कहना था कि जो किसान हैं उन्हें खाद नहीं मिल पा रहा है। जबकि वे लोग दिनभर लाईन में खड़े रहने के बावजूद खाली हाथ लौट रहे हैं। वहीं प्रभावशाली लोग बोड़ा का बोड़ा खाद लेकर निकल जा रहे हैं। किसानों ने पुलिस प्रशासन से खाद वितरण प्रक्रिया में पारदर्शिता लाने एवं सभी किसानों को उनकी जरूरत के अनुसार खाद उपलब्ध कराने की मांग की।

## प्रशासन आज विभिन्न प्रखंडों में उपलब्ध करायेगा यूरिया खाद : दिनेश कुमार यादव



गढ़वा (आजाद सिपाही)। जिले में यूरिया खाद की बढ़ती मांग और किसानों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए गढ़वा जिला प्रशासन ने विशेष पहल की है। किसानों को समय पर खाद उपलब्ध कराने और खरीफ फसलों को प्रभावित होने से बचाने के उद्देश्य से आज जिले के विभिन्न प्रखंडों में यूरिया खाद की आपूर्ति सुनिश्चित की जायेगी। इस संबंध में उपायुक्त-सह-जिला दंडाधिकारी दिनेश कुमार यादव ने जानकारी दी कि चिनिया, गढ़वा, रंका, मझीआंव, कांडी, बड़गड़, भंडरिया, चिरौंजिया मोर, मेराल, डंडई, बरडीहा, सगमा तथा केतार प्रखंडों में पर्याप्त मात्रा में यूरिया खाद किसानों के लिए उपलब्ध कराया जा रहा है। उपायुक्त ने कहा कि जिला प्रशासन का प्राथमिक उद्देश्य किसानों तक समयबद्ध और पारदर्शी तरीके से खाद पहुंचाना है। उन्होंने जिले के किसानों से अपील करते हुए कहा कि यूरिया खाद की कमी को देखते हुए प्रत्येक किसान निर्धारित केंद्रों से केवल एक बोरी (बैग) ही प्राप्त करें, ताकि सभी किसानों को समान रूप से खाद उपलब्ध हो सके। यदि किसी किसान को किसी प्रकार की कठिनाई होती है तो वह तुरंत संबंधित प्रखंड विकास पदाधिकारी से संपर्क करें। गढ़वा जिला प्रशासन किसानों के हित, सुविधा और समृद्धि के लिए निरंतर सक्रिय एवं प्रतिबद्ध है।

### मुख्यमंत्री से मिले झामुमो नेता धीरज दुबे

# जिले में अतिवृष्टि और बाढ़ से किसानों को हुए नुकसान से कराया अवगत

आजाद सिपाही संवाददाता



**गढ़वा।** जिले में लगातार हो रही अतिवृष्टि और बाढ़ की वजह से किसानों की हालत बद से बदतर हो गयी है। खेतों में लगी फसलें लगभग नष्ट हो चुकी हैं। किसानों को भारी आर्थिक नुकसान का सामना करना पड़ रहा है। इस गंभीर हालात को देखते हुए झामुमो मिडिया पैनलिस्ट सह केंद्रीय सदस्य धीरज दुबे ने मॉनसून सत्र के दौरान विधानसभा में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से मुलाकात की और उन्हें विस्तार से पूरे हालात से अवगत कराया।

धीरज दुबे ने मुख्यमंत्री को बताया कि जिले के कई प्रखंडों में मक्का और दलहन जैसी मुख्य फसलें पूरी तरह बर्बाद हो गईं है। खेतों में पानी भर जाने से किसानों के पास अपने खेत को बचाने का कोई उपाय नहीं रहा। साथ ही, कांडी प्रखंड के हेठार इलाके में बाढ़ की वजह से कई गांवों में डूब के कारण धान की फसल बर्बाद हो गये, मवेशियों के चारा तक की किल्लत हो गयी और लोगों का जीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। जिले के किसान कठिन दौर से गुजर रहे हैं। कभी उन्हें सूखा तो कभी अतिवृष्टि से नुकसान उठाना पड़ता है। अगर सरकार तत्काल राहत और मुआवजे की व्यवस्था नहीं करती, तो किसानों की स्थिति और भी भयावह हो जायेगी।

मुख्यमंत्री ने धीरज की बातों को गंभीरता से सुना और भरोसा दिलाया कि सरकार किसानों के साथ खड़ी है। उन्होंने संबंधित विभागों को निर्देश दिया कि जिले में हुए नुकसान का तत्काल आकलन कर रिपोर्ट प्रस्तुत करें, ताकि प्रभावित परिवारों को राहत राशि उपलब्ध कराई जा सके। मुख्यमंत्री ने यह भी आश्वासन दिया कि किसानों के कर्ज. माफी और बीमा दावों पर प्राथमिकता से कार्रवाई होगी।

## आरजीडीआइ कॉलेज प्रशासनिक भवन परिसर में फैला कचरा, छात्रों ने हटाने की मांग की

रंका (आजाद सिपाही)। रंका अनुमंडल मुख्यालय के थाना मोड़ स्थित राजमाता गुंजेश्वरी देवी इंटर महाविद्यालय के प्रशासनिक भवन परिसर के पश्चिमी भाग में कुड़ा कचरा फैला हुआ है। प्राप्त जानकारी और लोकेशन के अनुसार यह कचरा बगल के निवासी के द्वारा परिसर का दिवार को तोड़ कर फैलाया गया है। जिसमें ईंट, पत्थर, एस्बेस्टस, लकड़ी आदि परिसर में मौजूद हैं जिसे देखा जा सकता है। इस प्रकार एक शैक्षणिक संस्थान में स्वच्छता का वातावरण होना चाहिए। किंतु यह घोर चिंता का विषय है। विद्यार्थियों ने कॉलेज प्रशासनिक भवन परिसर में मौजूद कुड़े कचरे को हटाने और स्वच्छ बनाने की मांग रंका अनुमंडल पदाधिकारी से की है ताकि एक शैक्षणिक संस्थान की गरिमा बनी रहे।

## भंडरिया में झामुमो की बैठक आयोजित



भंडरिया (आजाद सिपाही)। भंडरिया प्रखंड मुख्यालय इस्थित पीडब्लूडी बंगला परिसर मे झारखंड मुक्ति मोर्चा के प्रखंड अध्यक्ष हरिदास तिर्की के अध्यक्षता में कार्यकर्ता बैठक आहूत की गयी थी। इस बैठक में संगठन की मजबूती के लिए इस बैठक में युवा मोर्चा के संगठन तैयार करने की विचार विमर्श किया गया और तन-मन-धन से पार्टी के कार्य में लगे रहने की बातें कही गयी, ताकि आने वाले समय में फिर से झारखंड मुक्ति मोर्चा की सरकार बने। इस मौके पर प्रखंड उपाध्यक्ष रविशंकर कश्यप, सचिन लॉरेंस, तिर्की रानू, मंडल उपाध्यक्ष चंद्रशेखर सिंह, शेरोफिना कुजूर, अर्जुन राम एवं सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## झामुमो के सक्रिय कार्यकर्ता के पिता का निधन



मृतक परिवार को सांत्वना देते भोजपुर गढ़ प्रमुख दीपक प्रताप देव ।

बंशीधर नगर (आजाद सिपाही)। झामुमो के युवा नेता व भोजपुर गढ़ प्रमुख दीपक प्रताप देव ने खरौंधी प्रखंड के झामुमो के सक्रिय कार्यकर्ता राजेंद्र राम के पिता के निधन की सूचना मिलने पर उनके निवास स्थान पर पहुंचकर शोक संतप्त परिजनों से मुलाकात कर अपनी संवेदना व्यक्त की। दीपक प्रताप देव ने कहा कि वे एवं उनकी पार्टी हमेशा अपने कार्यकर्ताओं और उनके परिवार के हर सुख दुख में साथ खड़ा है। उन्होंने परिजनों को ढांढस बंधाया तथा सहयोग राशि भी प्रदान की। मौके पर झामुमो जिला उपाध्यक्ष लल्लू राम, विजय राउत, पंकज कुमार सिंह सहित अन्य पार्टी के कार्यकर्ता मौजूद थे।

## रंका में हाथी ने घर को किया ध्वस्त



रंका (आजाद सिपाही)। रंका थाना वन क्षेत्र अंतर्गत 20 अगस्त 2025 को ग्राम - कटरा निवासी प्रभू कोरवा के घर को हाथी ने ध्वस्त कर दिया। समाजसेवी नसीम अंसारी एवं झारखंड मुक्ति मोर्चा परिवार के लोगों ने मसाला , लाइट एवं टीना बजाकर हाथी को भगाया। भुक्तभोगी परिवार ने सरकार से क्षतिपूर्ति मुआवजा की मांग की है ताकि घर बना सके।

# एसपीडी कॉलेज में इपीएफओ का शिविर संपन्न

आजाद सिपाही संवाददाता



**गढ़वा।** स्थानीय सूरत पांडेय डिग्री कॉलेज में बुधवार को कर्मचारी भविष्य निधि संगठन द्वारा आउटरीच कार्यक्रम के तहत निधि आपके निकट 2.0 कार्यक्रम का एक दिवसीय शिविर संपन्न हुआ। इस मौके पर करीब एक दर्जन से अधिक मामलों का निष्पादन किया गया। यह शिविर अगले माह की 29 तारीख को पुनः आयोजित की जायेगी।

इस मौके पर महाविद्यालय के प्राचार्य डा. हिमांशु भूषण जारुहार, कर्मचारी भविष्य निधि संगठन के प्रवत्रन पदाधिकारी राजेश कुमार वर्मा, सामाजिक सुरक्षा सहायक धनवंत कुमार, महाविद्यालय के प्राध्यापक डा. उमेश सहाय, प्रो. रामाशिष उपाध्याय, सुबोध पाठक, वकील खान, मनोहर राम, जितेन्द्र कुमार तिवारी, अरुण पाठक आदि उपस्थित थे। इस मौके पर प्रवत्रन पदाधिकारी राजेश कुमार वर्मा ने बताया कि आउटरीच कार्यक्रम के तहत निधि आपके निकट 2.0 कार्यक्रम में कर्मचारियों के ईपीएफ से संबंधित समस्यायों का समाधान किया गया, जिसके तहत ई. नोमिनेशन, लाईफ सर्टिफिकेट, युएएन एक्टीवेशन, ज्वाईन्ट डिक्लरेशन, डिजिटल सिग्नेचर आदि से संबंधित कार्य किये गए। उन्होने बताया कि प्रधानमंत्री विकसित भारत रोजगार योजना के बारे में भी जानकारी दी गयी। उन्होने बताया कि अब ईपीएफ से संबंधित किसी भी समस्या का निदान स्वयं किया जा सकता है इस बात को लेकर जागरुक किया जा रहा है।

## करंट की चपेट में आने से युवक की मौत

भवनाथपुर (आजाद सिपाही)। खरौंधी थाना क्षेत्र के चंदनी गांव में एक युवक 440 वोल्ट बिजली प्रवाह के चपेट में आने से गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसे घायलावस्था में स्वजनों के द्वारा भवनाथपुर सीएचसी में प्राथमिक उपचार के लिए भर्ती कराया गया, जहां चिकित्सक डॉ इंद्र किशोर विश्वकर्मा के द्वारा प्राथमिक उपचार के दरम्यान मृत घोषित कर दिया। घटना की जानकारी मिलने के बाद भवनाथपुर पुलिस के एएस आई उदय यादव के द्वारा कागजी करवाई के बाद पोस्टमार्टम के लिए गढ़वा भेज दिया गया है। घटना के बारे में बताया जाता है कि चंदनी गांव निवासी 30 वर्षीय प्रिंस दुबे पिता सूरजमन दुबे अपने घर के पीछे लगे बिजली मोटर चालू करने के लिए गया था। जहां घर के पीछे लोहे का दरवाजा खोलने के दरम्यान दरवाजे में बिजली तार के कटिंग होने के कारण दरवाजा में करंट लगने से घायल हो गया। तत्काल उसे भवनाथपुर सीएचसी में लाया गया, जहां चिकित्सक ने मृत घोषित कर दिया।

## गढ़वा में निःशुल्क मोतियाबिंद ऑपरेशन शिविर का आयोजन



आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** शहर के चिरौंजिया मोड़ स्थित राधिका नेत्रालय में लायंस क्लब ऑफ गढ़वा ऑसम एवं राधा लक्ष्मी ट्रस्ट के संयुक्त तत्वावधान में निःशुल्क मोतियाबिंद ऑपरेशन शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें 35 मोतियाबिंद मरीजों के आख का ऑपरेशन किया गया। लायंस क्लब ऑफ गढ़वा ऑसम के अध्यक्ष ला. डॉ असजद अंसारी ने जानकारी देते हुए बताया कि लायंस क्लब ऑफ गढ़वा ऑसम एवं राधा लक्ष्मी ट्रस्ट के सहयोग से अब तक 300 से अधिक मोतियाबिंद मरीजों का ऑपरेशन कराया जा चुका है। ला. डॉ असजद ने बताया कि दोनों संस्थानों के सहयोग से हर हफ्ते निशुल्क मोतियाबिंद ऑपरेशन शिविर का आयोजन होता रहा है । उन्होंने कहा कि हमारा उद्देश्य आर्थिक रूप से कमजोर लोगों को सहायता एवं मदद प्रदान करना है। इस मौके पर कार्यक्रम के प्रोजेक्ट चेयरमैन सह राधिका नेत्रालय के संस्थापक ला. सुशील कुमार ने कहा कि ये शिविर उन मरीजों के लिए विशेष रूप से उपयोगी है जो आर्थिक कारणों से उपचार नहीं करवा पाते हैं इस शिविर में वैसे लोगों को लाभ मिलता है। इस मौके पर क्लब की ओर से अध्यक्ष ला. डॉ असजद अंसारी, प्रोजेक्ट चेयरपर्सन ला. सुशील कुमार, ला. उमेश अग्रवाल और कई लोग उपस्थित थे।

# पलायन की भेंट चढ़ा आदिवासी परिवार का सहारा, शव पहुंचते ही माहौल हुआ गमगीन

आजाद सिपाही संवाददाता



**केतार।** प्रखंड क्षेत्र के मुकुंदपुर पंचायत अंतर्गत आदिवासी बहुल क्षेत्र मायर में एक बार फिर कोहराम मच गया, जब कुछ ही दिन बाद फिर पलायन की भेंट चढ़ा व्यक्ति का शव पैतृक गांव पहुंचा। प्रखंड क्षेत्र में लगभग तीन माह के अंदर आधे दर्जन लोग पलायन का शिकार होकर अपना जान गंवा बैठे। इसी क्रम में आदिवासी टोले के व्यक्ति चंदेश्वर सिंह 45 वर्ष आंध्रप्रदेश के नेल्लोर शहर स्थित कृष्णापट्टनम पोर्ट के अंदानी कंपनी के मारुति नंदन कंपनी में ड्राइवर का कार्य करता था। छुट्टी के दिन चंदेश्वर हादसे का शिकार हो गया। जिससे कमर, पैर एवं रीढ़ बुरी तरीके से क्षतिग्रस्त हो गया। इलाज में मोटी खर्च होने के कारण मृतक का इलाज कराने में परिजन अक्षम हो गये। जिससे गरीबी की दंश झेल रहे चंदेश्वर के परिवार ससमय बेहतर इलाज नहीं करा पाया, जिससे 15 दिन बाद आंध्रप्रदेश के अस्पताल में चंदेश्वर तड़प कर दम तोड़ दिया। बुधवार को जब मृतक का शव जैसे ही पैतृक गांव पहुंचने वाला था तभी से आसपास के सैकड़ों महिला, पुरुष एवं बच्चे मृतक के घर पहुंचे। सभी के आंखे नम थीं। मौके पर मुखिया मूंगा साह, जेएमएम कार्यकर्ता सह बीडीसी प्रतिनिधि इंतियाज आलम सहित अन्य लोग पहुंचकर परिजनों को ढाढ़स देकर जैसे तैसे सांत्वना दिलाया। मृतक का अंतिम संस्कार पंडा नदी के तट पर किया गया। जिसमें सैकड़ो लोग उपस्थित थे।

**मृतक के परिजनों पर टूटा दुखों का पहाड़ :** चंदेश्वर सिंह चेन्नई के अस्पताल में जीवन और मौत से जूझ ही रहा था तभी परिजन प्राकृतिक विपदा का शिकार हो गये। तीन दिनों से हो रहे मूसलाधार बारिश से उनका आशियाना ही ध्वस्त हो गया। मृतक की पत्नी राधिका देवी अपने दो पुत्र एवं एक पुत्री लेकर दूसरे के घर में रहने पर मजबूर है। मृतक चंदेश्वर सिंह अपने परिवार का इकलौता कमाऊ व्यक्ति था। ड्राइवरी का कार्य कर किसी प्रकार अपना परिवार का भरण पोषण करता था।

## दुकान का शटर तोड़कर चोरी का प्रयास, जांच में जुटी पुलिस

मेराल (आजाद सिपाही)। थाना क्षेत्र के एनएच 75 पर लगमा बस स्टैंड के समीप मंगलवार की मध्यरात्रि में दुकान के शटर का ताला तोड़ कर चोरी के प्रयास को दुकानदार ने विफल कर दिया। इस बाबत अकलवानी- लगमा निवासी मिथिलेश सोनी द्वारा मेराल थाना में आवेदन दे कर घटना की जानकारी देते हुए कार्रवाई की मांग की है। आवेदन में कहा गया है कि मेरा घर और दुकान एक ही जगह है, मंगलवार की मध्य रात्रि में अज्ञात चोरों द्वारा मेरा एक दुकान के शटर का ताला तोड़कर दूसरा ताला तोड़ रहा था कि आवाज सुनकर मैं नीचे आने लगा, तो मुझे देखकर भागने लगे। बता दें कि चार माह पूर्व यहीं बगल से ही एक नया ट्रैक्टर की चोरी अज्ञात चोरों द्वारा कर ली गयी थी।

## तीन दिन पहले कोयल नदी में बहे व्यक्ति का शव जयनगरा में बरामद

आजाद सिपाही संवाददाता

**कांडी।** थाना क्षेत्र अंतर्गत जयनगरा गांव के समीप कोयल नदी से मंगलवार की सुबह पुलिस ने एक यक्ति का शव बरामद किया। मृतक की पहचान पलामू जिला चैनपुर थाना क्षेत्र के कोल्हुआ चेड़ाबार गांव निवासी 51 वर्षीय मोहन राम, पिता रामसेवक राम के रूप में की गई है। ग्रामीणों ने सुबह टहलने के दौरान नदी में शव देखा और इसकी सूचना पुलिस को दी। सूचना मिलते ही एएसआई आशीर्वाद महतो दल-बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे और जांच-पड़ताल करते हुए शव का पंचनामा बनाकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल गढ़वा भेज दिया। ग्रामीणों के अनुसार मृतक मोहन राम जेपीएस पानी प्लांट में कार्यरत था। शनिवार दोपहर तक वह प्लांट के पास कोयल नदी में अपने दो साथियों के साथ लकड़ी पकड़ने गया था। इस दौरान उसके दोनों साथी बाहर आ गये, लेकिन मोहन तेज धारा में बह गया और लापता हो गया। मृतक के परिवार में पत्नी और तीन बेटे मनीष, कमेश व चर्खु शामिल हैं, जो बाहर काम करते हैं। घटना की जानकारी मिलते ही परिवारजन घर के लिए रवाना हो गये हैं। घटना की सूचना मिलते ही राणाडीह पंचायत के मुखिया ललित बैठा, खरौंधा पंचायत उपमुखिया रवि कुमार समेत भारी संख्या में ग्रामीण मौके पर पहुंचे।

# बेहतर सेवा देकर 'जीवन रक्षक' की भूमिका निभायें एंबुलेंस कर्मी : एसडीएम

**'कॉफी विद एसडीएम' में पहुंचे एम्बुलेंस चालक, रखी समस्याएं, दिए सुझाव**




आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** बुधवार को क्षेत्र के एम्बुलेंस चालकों ने सदर एसडीएम संजय कुमार के नियमित संवाद कार्यक्रम 'कॉफी विद एसडीएम' में भाग लिया। इस अवसर पर एम्बुलेंस कर्मियों ने अपनी व्यावहारिक समस्याओं के साथ-साथ व्यक्तिगत समस्यायें भी एसडीएम के समक्ष रखीं। एसडीएम ने इन समस्याओं के समाधान के लिए आवश्यक कदम उठाने और उचित दिशा में प्रयास करने का भरोसा दिलाया।

**अनियमित मानदेय :** एंबुलेंस चालकों ने बताया कि उन्हें एजेंसी द्वारा नियमित रूप से वेतन नहीं मिलता। कई बार उनका वेतन उनकी मेहनत के अनुसार समानुपाती नहीं होता। कभी-कभी उन्हें एक दिन का 100 रुपये से भी कम भुगतान प्राप्त होता है। इसके अलावा, एजेंसी कुछ पैसे हमेशा अपने पास रोक रखती है, जिससे चालकों पर तनाव बना रहता है। 108 एम्बुलेंस सेवा से जुड़े कर्मियों के संघ के अध्यक्ष, नीरज तिवारी, ने इस विषय पर प्रशासनिक हस्तक्षेप करने का अनुरोध किया।

**सुरक्षा किट की मांग :** कुछ एम्बुलेंस कर्मियों ने सुरक्षा किट की मांग भी उठायी। उन्होंने बताया कि जब वे किसी मरीज को उठाने जाते हैं, तो उन्हें नंगे हाथ काम करना पड़ता है, उनके हाथ में ग्लव्स नहीं होते और मास्क भी नहीं मिलता। इससे उनकी स्वयं की सुरक्षा खतरे में रहती है, लेकिन मजबूरी में उन्हें ऐसा करना पड़ता है। उन्होंने अनुरोध किया कि इस प्रकार की सुरक्षा किट उपलब्ध करवाई जाए।

मेराल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में प्रतिनियुक्त एम्बुलेंस कर्मी सत्येंद्र चौधरी सहित कुछ अन्य चालकों ने बताया कि उनकी गाड़ी खराब है। एमवीआई से जांच भी हो गयी है, लेकिन मरम्मत न होने के कारण गाड़ी अभी भी खराब पड़ी है। इसी प्रकार कई अन्य एम्बुलेंस कर्मियों ने भी बताया कि यदि गाड़ी की मरम्मत भी हो जाती है, लेकिन भुगतान न होने के कारण मैकेनिक उसे अपने पास ही कई हफ्तों तक रखता है, जिससे कार्य प्रभावित होता है।

निजी एम्बुलेंस निर्धारित शुल्क ही लें संजय कुमार ने सभी निजी एम्बुलेंस संचालकों को निर्देश दिया कि वे किसी भी रोगी से निर्धारित राशि से अधिक शुल्क न लें। साथ ही रोगी को गंतव्य स्थल से पहले छोड़ने की कोई शिकायत न मिले। इस पर निजी एम्बुलेंस संचालक प्रतिनिधि वीरेंद्र कुमार गुप्ता ने बताया कि निजी एम्बुलेंस भी नंबर से चलती हैं और सभी प्रमुख शहरों का किराया पहले से ही प्रशासन द्वारा तय है, जिससे वे कभी अधिक नहीं लेते।

**सड़क दुर्घटना के घायल व्यक्तियों की मदद करें :** एसडीएम ने सभी एम्बुलेंस चालकों से कहा कि वे अधिकांश समय सड़क पर ही रहते हैं। ऐसे में यदि रास्ते में कोई सड़क दुर्घटना ग्रस्त व्यक्ति दिख जाये तो वे स्वेच्छा से अपनी गाड़ी रोककर, यदि संभव हो, उसे भी सहायता प्रदान करें। इस पर एम्बुलेंस चालक रितेश रंजन, वकील ठाकुर, सुजित पासवान आदि ने बताया कि उन्होंने कई बार ऐसा किया है। जब वे खाली एम्बुलेंस लेकर कहीं से लौट रहे थे और रास्ते में कोई दुर्घटना ग्रस्त व्यक्ति दिखा, तो उन्होंने बिना किसी की मदद लिए उसे अस्पताल पहुंचाया।

# स्व. मुकेश चंद्र माथुर की पुण्यतिथि मनायी गयी

**संगीत कला महाविद्यालय और मैलोडी ग्रुप के संयुक्त तत्वाधान में कार्यक्रम का किया गया आयोजन**



आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** संगीत कला महाविद्यालय में दर्द भरे नगमों के बेताज बादशाह स्वर्गीय मुकेश चंद्र माथुर का 49वीं पुण्यतिथि संगीत कला महाविद्यालय और मैलोडी ग्रुप के संयुक्त तत्वाधान में संगीत भरी श्रद्धांजलि मनाया गया कार्यक्रम के उद्घाटन मुख्य अतिथि अनुमंडल पदाधिकारी संजय कुमार पांडये नगर परिषद अध्यक्षा पिंकी केशरी भाजपा के नगर मंडल अध्यक्ष उमेश कश्यप समाज सेवी दौलत सोनी डॉक्टर पतंजलि केशरी सियाराम शरण वर्मा ने संयुक्त रूप से स्वर्गीय मुकेश जी के तस्वीर पे पुष्पांजलि और दिप प्रज्वलित कर किया। इस अवसर पर अनुमंडल पदाधिकारी संजय पांडये ने कहा कि मुकेश जी एक मखमली आवाज के मालिक थे उनकी आवाज जो कभी दिल के पार गुजर गयी, तो कभी दर्द बनकर दिल में उतर गयी। उनके गीत आज भी सदाबहार कहे जाते हैं। 22 जुलाई 1923 को जन्में मुकेश चंद माथुर हिंदी सिनेमा जगत में सिर्फ मुकेश ही कहलाये। निदेशक प्रमोद सोनी और सारे कलाकार साधुवाद के पात्र है। नगर परिषद अध्यक्षा पिंकी केशरी ने कहा कि मुकेश की आवाज में एक अजीब सी राहत थी जिसको सुनने वाला मंत्रमुग्ध हो जाता है। डॉक्टर पतंजलि केशरी ने कहा कि स्वर्गीय मुकेश अपनी माता पिता की छठी संतान थे। जब उन्होंने 10वीं की पढ़ाई पूरी कर ली, तो दिल्ली में पब्लिक वर्क में काम करने लगे थे। हालांकि जिसकी आवाज को दुनिया पर राज करना हो वो आवाज कब तक छिपी रहने वाली थी।

## कोल्डीहा टोला में ग्रामीणों ने श्रमदान कर बनायी सड़क



**मनिका/ लातेहार (आजाद सिपाही)।** मनिका प्रखंड क्षेत्र के डोंकी पंचायत के कोल्डीहा टोला के ग्रामीणों ने श्रमदान कर लगभग चार किलोमीटर सड़क बनाई है। इस टोला की सड़क की स्थिति इतनी खराब थी की बाइक चलना तो दूर की बात है पैदल चलने में भी डर लगता था ग्रामीणों ने बताया कि हम लोगों के द्वारा कई बार जनप्रतिनिधि अधिकारी को भी सड़क खराब होने की सूचना दी गयी है परंतु आज तक किसी का कोई पहल नहीं किया गया। ग्रामीणों ने बताया कि आजादी के साथ दस्तक बीत जाने के बाद भी ग्रामीणों को सड़क नसीब नहीं हुआ इसके बाद ग्रामीणों ने कच्ची सड़क बनाई। ग्रामीणों ने जिला प्रशासन से प्रेस के माध्यम से अभिलंब सड़क निर्माण करने की मांग की ताकि आवागमन सुचारू रूप से हो सके। ग्रामीणों ने बताया कि अगर किसी का अचानक तबीयत खराब हो जाता है तो खटोला में करके डोकी गांव तक मरीज को लाना पड़ता है इसके बाद ही वहां बैठकर अस्पताल ले जाने का साधन है। ग्रामीणों ने बताया कि आजादी के बाद भी टोला में सड़क निर्माण का कार्य आज तक नहीं हुआ है। वही विधायक रामचंद्र सिंह से मोबाइल से बातचीत के दौरान बताया कि मामला संज्ञान में है बहुत जल्द इस टोला में सड़क निर्माण किया जाएगा। मौके पर श्रमदान करने वालो में उपेंद्र उरांव, पलन उरांव, कमलेश उरांव, सुरेंद्र उरांव, सीताराम उरांव, समेत सैकड़ो की संख्या में महिला–पुरुष शामिल थे।

## सार्वजनिक दुर्गा पूजा समिति का गठन आठवीं बार अध्यक्ष बने राजकुमार प्रसाद



**लातेहार (आजाद सिपाही)।** लातेहार तरवाडीह में सार्वजनिक दुर्गा पूजा समिति का पुनर्गठन किया गया। इस अवसर पर सर्वसम्मति से लातेहार ब्लॉक उप प्रमुख राजकुमार प्रसाद को लगातार आठवीं बार समिति का अध्यक्ष चुना गया। बैठक में निर्णय लिया गया कि इस वर्ष दुर्गा पूजा पिछले वर्षों से भी अधिक भव्यता से मनायी जायेगी। समिति ने घोषणा की कि इस बार लगातार 10 दिनों तक रामलीला का मंचन होगा, साथ ही विधि–विधान से पूजा–पाठ सम्पन्न कराया जायेगा। समिति की नयी टीम में उपाध्यक्ष के रूप में रामकुमार प्रसाद, मनोज साव, अंकित प्रसाद और शुभम प्रसाद को चुना गया है। सचिव रघुनंदन प्रसाद, जबकि उप सचिव रविन्द्र प्रसाद, मदन प्रसाद, लवकुश प्रसाद और रूपेश वर्मा बनाए गये हैं। कोषाध्यक्ष प्रदीप प्रसाद और उप कोषाध्यक्ष बजरंग प्रसाद, सुजीत प्रसाद और मिथलेश प्रसाद होंगे। संरक्षक मंडल में अशोक साव, चन्दन प्रसाद, कृष्णदेव प्रसाद, गुप्तेश्वर राम, धुरूप साव, अनिल प्रसाद, संतोष प्रसाद, सिरिस्ता राम, सुरेश राम और श्याम किशोर प्रसाद शामिल हैं। पदाधिकारियों ने कहा कि इस बार की दुर्गा पूजा धार्मिक और सांस्कृतिक दृष्टि से खास और यादगार होगी।

## कैरो में तीन दिवसीय गणेश पूजा का आयोजन



**कैरो/ लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** प्रखंड कैरो जिला लोहरदगा के अंतर्गत कैरो प्रखंड मुख्यालय में 27 अगस्त बुधवार को गणेश चतुर्थी के शुभ अवसर पर श्री गणेश जी की मूर्ति रखकर दुर्गा बाड़ी भवन में गणेश पूजा आयोजन समिति के द्वारा हर्षोल्लास के साथ पूजा का आयोजन किया गया। मौके पर आचार्य कौशल कांत त्रिपाठी जी के द्वारा विधिवत रूप से मंत्रोच्चारण कर श्री गणेश की पूजा–अर्चना करायी गयी ,आयोजन समिति के सभी सदस्यों ने श्रद्धा एवम भक्ति भाव से विघ्न हरता गणेश जी की पूजा अर्चना की। इस अवसर पर आचार्य कौशल कांत त्रिपाठी ने कहा कि आज ही के दिन भाद्र पद शुक्ल पक्ष चतुर्थी तिथि को मंगल मूर्ति गणेश जी का पृथ्वी लोक पर अवतार हुआ था। 4 युग सतयुग,त्रेता,द्वापर,और कलियुग में कुल 28 कल्प हैं इन सभी 28 कल्प में सिद्धि विनायक गणेश जी का अवतार हुआ। माता पार्वती और भोलेनाथ जी के विवाह के पूर्व भी गणेश जी का अवतार हुआ था। कैरो प्रखंड मुख्यालय में उक्त महोत्सव के अवसर पर गणपति बप्पा मोरया के ध्वनि से मुख्यालय भक्तिमय वातावरण में तब्दील रहा। मौके पर आयोजन समिति के नवयुवक अध्यक्ष क्रीतिक कुमार,सचिव राजा कुमार,बबलू महली,आकाश प्रजापति, शशांक पांडे समेत आयोजन समिति के सदस्यों ने गणपति की पूजा अर्चना की। आयोजन समिति के अध्यक्ष कृतिक कुमार ने कहा कि तीन दिनों तक चलने वाले इस महोत्सव का विसर्जन 29 अगस्त को होगा।

## सड़क दुर्घटना में दो लोग गंभीर घायल

**भंडरा (आजाद सिपाही)।** भंडरा–लोहरदगा मुख्य पथ भंडरा थाना क्षेत्र के मैना बगीचा के समीप अज्ञात ऑल्टो वैन की टक्कर में दो लोग गंभीर रुप से घायल हो गये। जिससे स्थानीय सामाजिक कार्यकर्ता बालकृष्णा सिंह द्वारा भंडरा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया। स्थानीय ग्रामीणों ने बताया कि गुमला जिले के घाघरा थाना क्षेत्र अंतर्गत सासो जांगरा टोली गांव निवासी ललकु उरांव (25 वर्ष) अपने दोस्त चरणदयाल उरांव (27 वर्ष) के साथ मोटर साइकिल से अपने रिश्तेदार के घर धोबाली गया हुआ था। तभी लौटने के क्रम में भंडरा मैना बगीचा के समीप अज्ञात ऑटो ने टक्कर मार फरार हो गया।

# कांग्रेस केवल पार्टी नहीं, यह जनता की धड़कन है : के राजू

आजाद सिपाही संवाददाता



**लोहरदगा।** जिला कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष सुखैर भगत के नेतृत्व और प्रखंड अध्यक्ष तनवीर गौहर की अध्यक्षता में संगठन सृजन वर्ष 2025 के तहत कुडू प्रखंड के ग्राम पंचायत ककड़गढ़ एवं सुंदरू पंचायत में एक सफल कार्यक्रम का आयोजन हुआ। पंचायत कमिटी का भौतिक सत्यापन एवं प्रमाण पत्र वितरण किया गया। केंद्र सरकार के खिलाफ नारा लगाया गया। वर्तमान देश की लचर व्यवस्था पर तीखी चर्चा और वोट के अधिकार पर विशेष जोर दिया गया। मौके पर प्रदेश प्रभारी के. राजू ने कहा कि 'कांग्रेस केवल पार्टी नहीं, यह जनता की धड़कन है।' आज केंद्र में बैठी सरकार आम आदमी को हाशिये पर धकेल रही है। कांग्रेस का हर कार्यकर्ता गांव-गांव तक जनता की आवाज पहुंचाने का काम करेगा। वोट का अधिकार छीनने की कोशिश लोकतंत्र पर हमला है और कांग्रेस इसे कभी बर्दाश्त नहीं करेगी। कहा कि पंचायत संगठन हमारी ताकत है और यही ताकत देश को नयी दिशा देगी। सह प्रभारी डॉ सीरि बेला प्रसाद ने कहा कि कांग्रेस की जड़ें गांव और पंचायत से ही मजबूत होती हैं। आदिवासी और किसान कांग्रेस की आत्मा हैं। देश की मौजूदा नीतियों ने जनता को निराश किया है, लेकिन कांग्रेस ही विकल्प है।

प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश उन्होंने कहा कि संगठन सृजन केवल कार्यक्रम नहीं, बल्कि जनआंदोलन है। पंचायत कमिटी कांग्रेस का किला है, जिसे और मजबूत करना होगा। हर कार्यकर्ता को जनता की समस्या सुनकर पार्टी तक पहुंचानी होगी। आज देश को सच्चे नेतृत्व की आवश्यकता है। प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष बंधु तिर्की ने कहा कि झारखंड की अस्मिता और अधिकारों की रक्षा कांग्रेस ही कर सकती है। कांग्रेस कार्यकर्ता जनता की उम्मीद हैं। पर्यवेक्षक सह प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष शहजादा अनवर ने कहा कि पंचायत कमिटी संगठन की रीढ़ है। हर कार्यकर्ता कांग्रेस का सिपाही है। जिला अध्यक्ष सुखैर भगत उन्होंने कहा कि लोहरदगा कांग्रेस पूरी मजबूती के साथ जनता के बीच खड़ी है। पंचायत से लेकर जिला तक संगठन की एकजुटता हमारी असली ताकत है। मौके पर सुमित शर्मा, कार्यकारी जिला अध्यक्ष शकील अहमद, रांची ग्रामीण जिला अध्यक्ष राकेश किरण महतो, प्रदेश प्रतिनिधि नेसार अहमद, सांसद प्रतिनिधि साजिद अहमद चंगू, जिला परिषद अध्यक्ष रीना कुमारी भगत, जिला पर्यवेक्षक डॉ. राजेश गुप्ता, जिला महासचिव मोहन दुबे, साहिद अहमद बेलू, पवन गौतम, सलीम अंसारी (बड़े), सदरुल अंसारी, प्रकाश उरांव, संदीप गुप्ता एवं अनामिका सरकार, प्रखंड पर्यवेक्षक निशीथ जायसवाल, विशाल डूंगडंग, संतोष महतो, राजू उरांव, ऐनुल अंसारी, समेत अन्य उपस्थित रहे।

## लकड़ी माफिया पर वन विभाग की कार्रवाई

# सेन्हा में 50 हजार की इमारती लकड़ी जब्त, आरोपी फरार



आजाद सिपाही संवाददाता

**सेन्हा/ लोहरदगा।** वन विभाग की टीम ने अवैध लकड़ी कारोबारियों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए मंगलवार देर शाम छापेमारी अभियान चलाकर करीब 50 हजार रुपये मूल्य की इमारती सखुआ की लकड़ी जप्त की। कार्रवाई के दौरान लकड़ी माफिया लकड़ी छोड़कर मौके से फरार हो गये। मामला सेन्हा थाना क्षेत्र के आरा गांव का है। मिली जानकारी के अनुसार, गुप्त सूचना पर डीएफओ अभिषेक कुमार के निर्देश पर गठित विशेष टीम ने छापेमारी की। इस दौरान माफिया सखुआ की चौपहल को बाहर ले जाने की तैयारी कर रहे थे। वन विभाग ने सक्रियता दिखाते हुए लकड़ी को जब्त कर लिया। वन विभाग के अधिकारियों ने बताया कि पठारी क्षेत्र में लंबे समय से लकड़ी माफिया सक्रिय हैं। लगातार मिल रही सूचनाओं के आधार पर बीते रात छापेमारी कर लकड़ी बरामद की गयी। फिलहाल जब्त लकड़ी को वन कार्यालय परिसर में सुरक्षित रखा गया है और अज्ञात लकड़ी माफियाओं के खिलाफ विभागीय कार्रवाई शुरू कर दी गयी है।

# लोहरदगा और लातेहार के देवस्थलों में पधारे गजानन

आजाद सिपाही संवाददाता

**लातेहार।** लातेहार लातेहार जिला मुख्यालय समेंत अन्य प्रखंडों में विघ्नहरण मंगलकरण भगवान गणेश की पूजा 27 अगस्त से प्रारंभ की गयी है। जिला मुख्यालय के सोमेश्वर शिव मंदिर, रेलवे स्टेशन, राधाकृष्ण मंदिर चट्टी मुहल्ला और पहाड़पुरी में भगवान गणेश की प्रतिमा स्थापित कर पूजा अर्चना शुरू की गयी है। सोमेश्वर शिव मंदिर, रेलवे स्टेशन डुरूआ में रांची से आये अमरनाथ पंडित के सानिध्य में पूजा अर्चना संपन्न कराया गया। मौके पर यजमान के रूप में प्रवीण कुमार अग्रवाल सप्तनीक मौजूद थे। आयोजन समिति के सचिव आशीष कुमार बाग ने बताया कि महोत्सव के पहले दिन अपराह्न दो बजे से भंडारे का आयोजन किया गया। इसमें सांसद कालीचरण सिंह और विधायक प्रकाश राम समेंत कई लोगों ने भाग लिया। मौके पर सरयू प्रसाद सिंह, असीम कुमार बाग, छोटे लाल अग्रवाल, ललित कुमार पांडेय, विकास कांत पाठक, कृष्ण नंदन पांडेय, संजय सिन्हा, मिथिलेश सिंह,सुशील पांडेय, संतोष सिंह, मनोज गुप्ता, प्रदीप अग्रवाल, सुभाष गुप्ता आदि मौजूद थे। गुरूवार को प्रतिमा का विसर्जन किया जायेगा।



### राधाकृष्ण मंदिर परिसर मे स्थापित की गयी प्रतिमा

शहर के बीचोबीच स्थित राधाकृष्ण मंदिर (ठाकुरबाड़ी) में विघ्नहरण मंगलकरण भगवान गणेश की प्रतिमा स्थापित कर तीन दिवसीय पूजा अर्चना शुरू की गयी। यहां पुजारी संतोष कुमार मिश्रा के द्वारा पूजा अर्चना संपन्न करायी गयी। पूजा अर्चना के बाद महाप्रसाद का वितरण किया गया। मौके पर समिति के संरक्षक जवाहर प्रसाद अग्रवाल, निर्मल कुमार महलका, राजेश कुमार अग्रवाल, योगेश प्रसाद, रविनाथ गुप्ता, बज्रेश अग्रवाल, विजय प्रसाद गुप्ता, विनय कुमार, अध्यक्ष विशाल अग्रवाल, बजरंगी प्रसाद के अलावा विनोद कुमार गुप्ता, सागर कुमार, अरविंद कुमार, रमेश कुमार अग्रवाल, संतोष कुमार, गौरव अग्रवाल, राहुल अग्रवाल, बिट्टू कुमार गुप्ता, सौरभ कुमार गुप्ता, रविराज, राजू कुमार, आनंद कुमार गुप्ता आदि मौजूद थे।

## भव्य पंडाल निर्माण कर गणेश उत्सव मनाया



**भंडरा/ लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** प्रखंड में नवयुवक संघ गणेश पूजा समिति भंडरा द्वारा गणेश चतुर्थी के उपलक्ष्य में गणेश पूजा का आयोजन किया गया है। कमिटी द्वारा पूजा पंडाल का निर्माण कराया गया है। गणेश पूजा पंडाल का उद्घाटन थाना प्रभारी अरविंद सिंह, मुखिया परमेश्वर महाली, संजय खत्री ने संयुक्त रूप से नारियल फोड़कर किया मौके पर मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे थाना प्रभारी अरविंद सिंह ने कहा कि भंडरा प्रखंड में नवयुवकों द्वारा इस तरह भव्य पंडाल का निर्माण कर गणेश पूजा का आयोजन करना काफी सराहनीय है। इस दौरान उन्होंने नवयुगों का हौसला बढ़ाते हुए कहा कि युवा पीढ़ी भारत के भविष्य है। किसी भी क्षेत्र में अगर युवाओं का साथ मिल जाए तो वह का आसान बन जाता है। साथी उन्होंने नवयुवक संघ दुर्गा पूजा समिति के अध्यक्ष श्रीकांत युवराज, उपाध्यक्ष विवेक यादव, कोषाध्यक्ष अमर कुमार साहू को शांति व्यवस्था बनाए रखने को लेकर कई बिंदुओं पर आवश्यक निर्देश दिये। मौके पर सान्याल यादव, मनीष यादव, विशाल सोनी राजेश भगत, आशीष यादव, अमित सोनी, करण साहू, अंकित साहू, अभिषेक दुबे सहित काफी संख्या में ग्रामीण मौजूद थे।

## लगातार बारिश में गिरा विधवा का घर

**भंडरा (आजाद सिपाही)।** प्रखंड में लगातार हो रही बारिश ने प्रखंड बस्ती के थाना रोड की गरीब विधवा ललिता उरांव पति स्व इश्वर उरांव के लिए मुश्किलें खड़ी कर दी हैं। उनका घर, जो पहले ही जर्जर स्थिति में था, बारिश के चलते ढह गया। इस हादसे में न केवल उनका आशियाना नष्ट हुआ, बल्कि खाने-पीने का सारा सामान भी बरबाद हो गया। परिवार को अब रहन-सहन के लिए गंभीर कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। ललिता उरांव के परिवार में उनके पुत्र के साथ मजदूरी कर किसी तरह जीवन यापन कर रही है। यह परिवार आर्थिक रूप से कमजोर है और यह हादसा उनके जीवन को और भी कठिन बना गया है। घर के गिरने के बाद परिवार को न केवल रहने की समस्या का सामना करना पड़ रहा है, बल्कि बुनियादी जरूरतों का संकट भी उत्पन्न हो गया है।

## श्रद्धालुओं ने भगवान गणेश से सुख-शांति की कामना की



**सेन्हा/ लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** प्रखंड क्षेत्र के राम नगर में गणेश चतुर्थी का पर्व श्रद्धा और भक्ति भाव के साथ धूमधाम से मनाया जा रहा है। गणेश प्रतिमा की स्थापना के बाद सुबह से ही श्रद्धालुओं ने पूजा-अर्चना कर प्रथम पूज्य विघ्नहर्ता भगवान श्री गणेश से सुख-शांति और समृद्धि की मंगलकामना की। भक्तों ने पुष्प, अक्षत, चंदन, सिंदूर, रोली, लड्डू और केला अर्पित कर भगवान गणेश की आराधना की। बच्चों से लेकर बुजुर्ग और महिलाओं में भी उत्साह का माहौल देखा गया। पूजा स्थल पर गणपति बप्पा मोरया के जयकारों से पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया। आयोजन समिति के अध्यक्ष रोहित साहू ने बताया कि पूजा के पश्चात भक्ति जागरण का आयोजन किया गया है। गुरुवार को भव्य भंडारा होगा जबकि शुक्रवार को धूमधाम के साथ प्रतिमा विसर्जन किया जाएगा। इस मौके पर मिथलेश मिश्रा, अवध किशोर साहू, सार्थक, अक्षत, अजीत महतो, रवि साहू, बृजमोहन प्रसाद सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे।

## दस दिवसीय गणेशोत्सव को लेकर शहर में धार्मिक माहौल



**लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** रिद्धि सिद्धि के दाता श्री गणेश चतुर्थी उत्सव बुधवार से शुरू हो गई है जो अगले दस दिनों तक चलेगा। भाद्रपद शुक्लपक्ष चतुर्थी को विघ्नविनायक भगवान गणेश का जन्मदिन मनाया जाता है। इस दिन को भक्त गणेशोत्सव के रूप में मनाते हैं। गणेश चतुर्थी के अवसर पर लोहरदगा शहरी क्षेत्र में लगभग एक दर्जन व पूरे जिले में लगभग चार दर्जन स्थानों पर भगवान श्री गणेश की भव्य प्रतिमाएं स्थापित की गयी। पूरा लोहरदगा भगवान श्री गणेश की आराधना में डूबा गया है। लोहरदगा के पूजा पंडालों को आकर्षक ढंग से सजाया गया है। राणा चौक, बड़ा तालाब, किस्को मोड़, पतराटोली, बसारटोली, कृषि मार्केट समेत सेन्हा, कुडू, भंडरा, किस्को पूजा पंडाल में विद्युत सज्जा देखने लायक है। दस दिवसीय गणेशोत्सव को लेकर शहर में धार्मिक माहौल है। जिस तरह बंगाल में दुर्गा पूजा का प्रचलन है। उसी तरह महाराष्ट्र में गणेशोत्सव घर-घर मनाया जाता है। दुर्गा पूजा और गणेशोत्सव अब भारत के सभी शहरों में आयोजित हो रहा है। इससे हमारी संस्कृति और परम्परा प्रबल हो रही है। अगले दस दिनों में विघ्नविनायक भगवान गणेश की पूजा- अर्चना इन्ही दस नामों की होगी। ऐसी मान्यता है कि भगवान गणेश की इन दस नामों का रोजाना स्तुति करते है। उनका समस्त विघ्न और बाधा दूर हो जाता है। किस्को मोड़ शांति नगर में आकर्षक विद्युत सज्जा और भव्य पंडाल सबको आकर्षित कर रहा है। शहर का पूरा माहौल धार्मिक हो गया है। देर रात तक गणेश प्रतिमा पण्डालों में भक्तों की भीड़ जुटी रही। पंडित रामाधार पाठक का कहना है कि शुभ नक्षत्र में श्री गणेश का आगमन सर्वत्र शुभ फल प्रदाता माना गया है। उन्होंने बताया कि चतुर्थी तिथि के देवता भगवान गणेश हैं, जो रिद्धि-सिद्धि प्रदान करते हैं। बृहस्पति जिन्हें ज्ञान का प्रदाता माना गया है। वायु देवता जो मनुष्य में पंच प्राण को संतुलित रखते हैं।

## महाकाल गणेश पूजा समिति का सांस्कृतिक कार्यक्रम आज

**लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** गणेश चतुर्थी के अवसर पर महाकाल गणेश पूजा समिति कृषि मार्केट में विधिवत पूजा-अर्चना की गयी। समिति के तत्वावधान में आगामी 28 अगस्त को भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया जायेगा। इस दौरान नृत्य प्रतियोगिता होगी। प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार 5100 रुपये, द्वितीय 3100 रुपये तथा तृतीय 2100 रुपये के साथ आकर्षक शील्ड प्रदान की जायेगी। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व राज्यसभा सांसद धीरज प्रसाद साहू होंगे। विशिष्ट अतिथि के रूप में भाजयुमो प्रदेश उपाध्यक्ष अजातशत्रु एवं विधायक प्रतिनिधि निशीथ जायसवाल शिरकत करेंगे। आयोजन समिति के अध्यक्ष विवेक गुप्ता ने बताया कि गणेश चतुर्थी की पूजा के साथ शुरू हुआ यह उत्सव सांस्कृतिक कार्यक्रमों के माध्यम से युवाओं की प्रतिभा को मंच देगा।

# धर्म-संस्कृति का संरक्षण करना समिति का उद्देश्य : सुनील अग्रवाल

आजाद सिपाही संवाददाता



**लोहरदगा।** शहरी क्षेत्र के मुद्रिका बैंक्वेट हॉल में जय श्रीराम समिति की बैठक अध्यक्ष सुनील कुमार अग्रवाल की अध्यक्षता में हुई। जिसमें संगठन को नयी ऊर्जा और सशक्त दिशा देने पर लंबी चर्चा हुई। इस दौरान सर्वसम्मति से पूर्व की कोर कमेटी को भंग कर नयी संरक्षक एवं सलाहकार समिति के गठन का निर्णय लिया गया। बैठक में यह दोहराया गया कि जय श्रीराम समिति पूरी तरह धार्मिक और सामाजिक संगठन है। इसका मकसद सनातन धर्मावलंबियों को एकजुट कर उनके सांस्कृतिक, धार्मिक और सामाजिक मूल्यों का संरक्षण करना है। समिति न तो प्रत्यक्ष और न ही अप्रत्यक्ष रूप से किसी भी राजनीतिक दल के लिए कार्य करेगी। इससे पहले बैठक का शुभारंभ भगवान श्रीराम के जयघोष और मंत्रोच्चारण से हुई। निर्णय लिया गया कि आने वाले समय में समिति विभिन्न धार्मिक पर्वों, भजन-कीर्तन, रामायण मंडली, हवन-पूजन और सामाजिक सेवा कार्यों में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करेगी। समिति के अध्यक्ष सुनील अग्रवाल ने कहा कि समिति का उद्देश्य सनातन धर्मावलंबियों को एक मंच पर लाना, धार्मिक व सांस्कृतिक कार्यक्रमों में सक्रिय भूमिका निभाना, राजनीतिक हस्तक्षेप से दूरी बनाकर रखना और सामाजिक सौहार्द और सेवा भावना का प्रसार करना है। इसके साथ बैठक में धार्मिक पर्वों पर समिति की सक्रिय भागीदारी निभाने, सांस्कृतिक जागरूकता अभियान शुरू करने, वंचित तबकों की सेवा हेतु सहयोगी कार्यक्रम करने और शिक्षा और स्वास्थ्य के क्षेत्र में जनहितकारी पहल करने का निर्णय लिया गया। वही संरक्षक समिति में समाज के प्रबुद्धजनों को जगह दी गयी है। इनमें राजेंद्र खत्री, ओम सिंह, विनोद राय, लाल ओंकारनाथ शाहदेव, सुषमा सिंह, रमेश उरांव, शिव दयाल साहू, परमेश्वर साहू, रितेश साहू, सूरज अग्रवाल, अजय पंकज, मोहन दुबे, प्रेम किशोर प्रजापति, गुप्तेश्वर प्रसाद गुप्ता, राजीव रंजन, आरके सिन्हा, सुमित राय, संतोष लकड़ा, कन्हैया करूवा, रमेश साहू, संजय नायक और मनोज गुप्ता का नाम शामिल है। सलाहकार समिति को संगठन की रीढ़ बताते हुए इसमें डॉ टी साहू, विनोद कुमार सोनी, आनंद पांडे, मनोज साहू, रोहित साहू, हरिओम प्रजापति, अशोक साहू, अशोक रजक, दीपक सर्राफ, महावीर साहू, कंवलजीत सिंह, नागेंद्र प्रजापति, देवेंद्र साहू, छोटू लाल यादव, हेमंत वर्मा, उदय सिंह, कमला देवी, विवेक कुमार और लाल गुड्डू नाथ शाहदेव को शामिल किया गया।

## सेन्हा में बालू लदा एक ट्रैक्टर और चिप्स लदा दो हाइवा जब्त

**सेन्हा (आजाद सिपाही)।** प्रखंड प्रशासन ने अवैध बालू परिवहन और पत्थर खनन के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की है। अंचलाधिकारी पंकज कुमार भगत और थाना प्रभारी वारिश हुसैन के नेतृत्व में पुलिस बल के साथ छापामारी अभियान चलाया गया। इस दौरान झालजमीरा पथ से बिना नंबर का बालू लदा ट्रैक्टर जब्त किया गया। वहीं कलेहपाट चौक से चिप्स लदे दो हाइवा को भी पकड़ा गया। जब्त वाहन वर्तमान में सुरक्षित सेन्हा थाना परिसर में रखे गये हैं। अंचलाधिकारी पंकज कुमार भगत ने बताया कि एक ट्रैक्टर और दो हाइवा को जब्त किया गया है। हाइवा में क्षमता से अधिक चिप्स लोड था।

# बरवाडीह रेलवे कॉलोनी में गणेश पूजा

आजाद सिपाही संवाददाता



**बरवाडीह।** पूरे प्रखंड क्षेत्र में गणेश चतुर्थी का पर्व श्रद्धा और भक्ति भाव से धूमधाम के साथ मनाया गया। प्रखंड मुख्यालय, रेलवे कॉलोनी, बाजार, छिपादोहर समेत विभिन्न क्षेत्रों में गणपति बप्पा की प्रतिमाओं की स्थापना कर पूजा-अर्चना की गयी। रेलवे कॉलोनी में डे परिवार द्वारा लगातार 15 वें वर्ष गणेश पूजा महोत्सव का आयोजन किया गया। भव्य पूजा पंडाल में प्रतिमा स्थापित कर पुजारी मृत्युंजय मिश्रा (बबलू) के द्वारा पूरे विधि-विधान से पूजा-अर्चना कराई गई। इस अवसर पर परिवार के सदस्यों के साथ जिला परिषद सदस्य संतोषी शेखर, सेवानिवृत्त वरीय अभियंता विवेकानंद बसु, ईसीआरकेयू के कार्यकारी अध्यक्ष चंदन कुमार समेत कई लोग उपस्थित रहे। तीन दिवसीय गणपति महोत्सव के पहले दिन पूजा-अर्चना, भंडारा और रात्रि सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। गुरुवार की रात विभिन्न राज्यों से आए कलाकारों द्वारा भक्ति जागरण प्रस्तुत किया जायेगा, जबकि शुक्रवार को पूरे विधि-विधान से प्रतिमा विसर्जन संपन्न होगा। इसी क्रम में रेलवे कॉलोनी में महिला समिति अध्यक्ष रेखा पाठक के नेतृत्व में भी गणपति पूजा का आयोजन हुआ। पूजा-अर्चना के बाद महाप्रसाद का वितरण किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए।

## बाबा नगरी में गणपति बप्पा मोरया की गूंज



देवघर (आजाद सिपाही)। गणेश चतुर्थी के अवसर पर बुधवार को प्रथम पूज्य भगवान गणेश की पूजा को लेकर बाबा नगरी गणपति बप्पा मोरिया के नारे से गुंजा उठा। विघ्नहर्ता की पूजा को लेकर लोग लड्डू ,मोदक की थाल सजाए पहुंचे थे। ऐसे भी बाबा नगरी में गणेश जी को भोगा महाराज के नाम से जाना जाता है। इस कारण शाम में तरह-तरह के पकवान बनाकर भोग लगाने के साथ भक्तों में वितरित किया गया। बतातें चलें कि महाराष्ट्र के मुंबई के बाद बाबा नगरी में प्रथम पूज्य गणेश की पूजा धूमधाम से होती है। यहां के लगभग सभी घरों में लोग गणेश जी प्रतिमा या तस्वीर स्थापित कर पूजा करते है। इसके अलावा शहर में बड़े-बड़े पंडाल बनाकर मोहल्लों में अलग-अलग क्लबों द्वारा भव्य प्रतिमा स्थापित कर पूजा की जा रही है। पंडालों को आकर्षक ढंग से सजाने के साथ ही रंगीन विद्युत रोशनी से सजाया गया था। पंडालों में पश्चिम बंगाल और स्थानीय कलाकारों द्वारा निर्मित प्रतिमा को लाकर स्थापित कर पूजा की गई।

### आदि कर्म योगी अभियान को लेकर कार्यशाला का आयोजन

## जनजातीय क्षेत्रों में विकास पहल को बढ़ावा देना मुख्य उद्देश्य : उपायुक्त

आजाद सिपाही संवाददाता

**मेदिनीनगर।** जनजातीय विकास और परिवर्तन के लिये व्यक्तियों और संस्थानों को सशक्त बनाने के उद्देश्य से समाहरणालय सभागार में बुधवार को कार्यशाला आयोजित हुआ। डीसी समीरा एस, डीडीसी जावेद हुसैन सहित अन्य पदाधिकारियों ने दीप प्रज्वलन कर कार्यशाला का शुभारंभ किया। इस अवसर पर डीसी ने कहा कि आदिवासियों को मुख्य धारा में लाने एवं उन्हें सभी योजनाओं से लाभान्वित करने के उद्देश्य से यह देशव्यापी आदि कर्मयोगी अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान में हम सभी स्टेक होल्डर हैं। आदि कर्मयोगी अभियान का उद्देश्य जनजातीय क्षेत्रों में विकास पहल को बढ़ावा देना और शासन को अधिक प्रभावी बनाना है। जिले के



कार्यक्रम का उद्घाटन करती डीसी समीरा एस।

सुदूरवर्ती क्षेत्रों तक जब शासन की जन कल्याणकारी योजनाओं का शत-प्रतिशत क्रियान्वन होगा तभी अभियान सफल हो सकेगा। इस अभियान को सफल बनाने के लिए किस विभाग को क्या करना है, इसी विषय से संबंधित यह कार्यशाला आयोजित की गयी है। कहा कि इस अभियान को लेकर कई स्तर पर प्रशिक्षण का आयोजन भी किया जाना है। इसके पूर्व में छह जिले के प्रतिनिधियों को मेदिनीनगर में प्रशिक्षण दिया गया है। इस अभियान के तहत जिला स्तर पर मास्टर ट्रेनरों 28, 29 एवं 30 सितंबर को तीन दिवसीय का प्रशिक्षण आयोजित किया जायेगा जो आगे चलकर प्रखंड स्तर पर ब्लॉक लेवल ट्रेनर को प्रशिक्षित करेंगे और जनजातीय समुदायों के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभायेंगे। उन्होंने सभी विभागों को इस अभियान में अपना शत-प्रतिशत देने की अपील की। वहीं, डीडीसी ने कहा कि 28, 29 एवं 30 सितंबर को पोलपोल में तीन दिनों का प्रशिक्षण शिविर आयोजित होगा। जिसमें कुल 65 जिला स्तरीय मास्टर ट्रेनर भाग लेंगे कहा कि जिले में 91 आदिवसी बहुल गांव है, जहां यह अभियान को प्रभावी ढंग से लागू किया जायेगा। इस अभियान के माध्यम से सरकारी कर्मियों में कार्य संस्कृति सुधारने, उत्तरदायित्व बढ़ाने और नागरिकों को त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण सेवाएं उपलब्ध कराने की परिकल्पना है। इस मौके पर जिला कल्याण पदाधिकारी, डीआरडीए निदेशक, जिला पंचायती राज पदाधिकारी और सिविल सर्जन आदि उपस्थित रहे।

## पलामू के सर्वांगीण विकास के लिए मेरा प्रयास जारी है: विष्णुदयाल राम

- पलामू सांसद ने झारखंड के पथ निर्माण विभाग के सचिव एवं केंद्रीय मंत्री को लिखा पत्र

आजाद सिपाही संवाददाता



**मेदिनीनगर।** पलामू सांसद विष्णु दयाल राम ने पर निर्माण विभाग के सचिव को लिखा है। जिसमें कहा कि डालटनगंज कोयल नदी पर उच्च स्तरीय पुल एवं चैनपुर प्रखंड के अंतर्गत शाहपुर कोयल नदी पुल से चैनपुर, नेउरा सेमरा उत्तर कोल सेमरा माइंस लिंक रोड़ लोहरसीमी तक लगभग 15.15 किलोमीटर सडक को टू लेन की सड़क चौड़ीकरण किया जाए। सांसद ने कहा कि उक्त सड़क चौड़ीकरण करने के लिए झारखंड के पथ निर्माण विभाग से तकनीकी स्वीकृति मिल चुकी है। वर्तमान में कोयल नदी पर सिगंल एवं बहुत पुराना पुल होने के कारण जर्जर हो चुका है। उक्त पुल पर प्रतिदिन भारी वाहनों की जाम लगी रहती है, जिससे कभी भी बड़ी दुर्घटना होने की सभावना बनी रहती है। साथ ही चैनपुर, नेउरा सेमरा उत्तर कोल सेमरा माइस लिंक रोड़, लोहरसी सीमा तक की सड़क भी काफी जर्जर हो चुकी है। इस बरसात में गड्ढों में पानी भर जाने के कारण हो रही परेशानियों से नाराज होकर लोगों द्वारा सड़कों पर धान रोपनी कर प्रदर्शन किया जा रहा है। इस लिए उक्त सड़क का बनाया जाना बहुत आवश्यक है। सांसद ने केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय मंत्री नितिन गडकरी को भी इस संबंध में पत्र लिखा है। जिसमें उन्होंने कहा है कि डालटनगंज में नॉर्दर्न बाईपास, कोयल नदी पर उच्चस्तरीय पुल एवं रेलवे लाइन पर आरओबी सहित गढ़वा शाहपुर रोड़ को नए राष्ट्रीय राजमार्ग घोषित करने की मांग की है।

## देवघर में दिनदहाड़े चाकू मारकर युवक की हत्या

**देवघर (आजाद सिपाही)।** शहर में बुधवार को दिनदहाड़े 25 वर्षीय एक युवक की चाकू मारकर हत्या कर दिये जाने का मामला प्रकाश में आया है। उसकी पहचान कौशल जयसवाल के रूप में हुई है। वह हाथी पहाड़ का रहने वाला था। घटना विकास होटल के निकट हुई। हालांकि हत्या के कारणों का पता नहीं चल सका है।



उधर, घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए देवघर सदर अस्पताल भेज दिया है। वहीं, परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है। बतातें चलें कि इस तरह की घटना देवघर में यह पहली बार नहीं है। अपराधियों ने पुलिस को खुलेआम चुनौती देते हुए इस वारदात को अंजाम दिया है।

## बंगीय दुर्गा बाड़ी में हुआ स्मारिका का विमोचन



**मेदिनीनगर (आजाद सिपाही)।** प्रति वर्ष दुर्गा पूजा के अवसर पर बंगीय दुर्गा बाड़ी की ओर से प्रकाशित होने वाला स्मारिका का बुधवार को विमोचन किया गया। दुर्गा बाड़ी पूजा समिति के पदाधिकारियों ने संयुक्त रूप से विमोचन किया। पूजा समिति के अध्यक्ष शुभंकर चक्रवर्ती ने कहा कि इस स्मारिका को तैयार करने में शहर के व्यवसाइयों शिवेश मोइत्रा, सुमित भट्टाचार्य और अमर भांजा का काफी सहयोग रहा। इस स्मारिका में यहां के बंगाली परिवारों का शहर में क्या योगदान रहा है इसका उल्लेख किया गया है जो संग्रहणीय है। वहीं, पूजा समिति के सचिव जयंत विश्वास ने कहा कि इस वर्ष बंगीय दुर्गा बाड़ी में 111 वें वर्ष की पूजा की जाएगी। इसे यादगार बनाने के लिए कई आयोजन किये जा रहे है। इसके लिए मुख्य संरक्षक श्यामल चक्रवर्ती, ट्रस्ट बोर्ड के अध्यक्ष देवेश मोइत्रा, सचिव दिवेंदु गुप्ता आदि के मार्गदर्शन में पूजा की तैयारी चल रही है। उन्होंने बताया कि श्यामल चक्रवर्ती की देखरेख में दुर्गा बाड़ी में बने नए हॉल का उपयोग भी इस साल से शुरू कर दिया जायेगा। कहा की बंगाली समाज के युवा सदस्य इस वर्ष पूजा के आयोजन में सक्रीय भूमिका निभा रहे है जो काफी उत्साहजनक है। इस साल अष्टमी और नवमी को होने वाले सांस्कृतिक कार्यक्रम के तहत बाहर से कई कलाकारों को भी बुलाया जा रहा है। जबकि सप्तमी को नाटक का प्रदर्शन होगा। स्मारिका विमोचन कार्यक्रम में देवाशीष सेनगुप्ता, गौतम घोष, आशीष दासगुप्ता, शिवेश मोइत्रा, सुजीत घोष, सुमित भट्टाचार्य आदि मौजूद थे।

## पलामू डीआइजी ने डीसी को भेजा पत्र न्यायिक प्रक्रिया में विलंब पर जतायी चिंता

**मेदिनीनगर (आजाद सिपाही)।** पलामू प्रक्षेत्र के डीआइजी नौशाद आलम ने पलामू, गढ़वा और लातेहार जिले के डीसी को पत्र भेजकर स्पष्ट कहा है कि पोस्टमार्टम और पीड़िता के चोट जांच (इंजरी) रिपोर्ट थानों को समय पर उपलब्ध करायी जाए। डीआइजी ने पत्र में उल्लेख किया है कि रिपोर्ट देर से मिलने के कारण कई आपराधिक मामलों की जांच समय पर पूरी नहीं हो पा रही है। इससे भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता के तहत निर्धारित समयसीमा में चार्जशीट दायर करने में कठिनाई हो रही है। गंभीर अपराधों में पुलिस को 90 दिनों के भीतर और अन्य मामलों में 60 दिनों के भीतर जांच पूरी करनी होती है, लेकिन रिपोर्ट की देरी न्याय व्यवस्था में बाधा बन रही



है। पत्र में यह भी कहा गया है कि कई ऐसे मामले, जिनका पोस्टमार्टम जिला अस्पतालों में किया जा सकता है, उन्हें भी अनावश्यक रूप से रांची रेफर किया जा रहा है। इससे न केवल समय और संसाधन की बर्बादी होती है, बल्कि पीड़ित परिवारों को भी अतिरिक्त परेशानियों का सामना करना पड़ता है। डीआईजी ने उक्त जिलों के डीसी से अनुरोध किया है कि वे सिविल सर्जन को निर्देशित करें कि सभी पोस्टमार्टम और इंजरी रिपोर्ट निर्धारित समय सीमा में थानों को उपलब्ध कराई जाए। साथ ही केवल वही मामले रांची भेजे जाएं, जो वास्तव में रेफर करने योग्य हों। डीआइजी ने इसे न्यायिक प्रक्रिया को समय पर पूरा करने और जनता को शीघ्र न्याय दिलाने के लिए आवश्यक कदम बताया है।

## पांच मेधावी छात्रों का खर्च वहन करेंगे डॉ सुनील खवाड़े



देवघर आइएएस अकादमी में सफल छात्रों को किया गया सम्मानित

**देवघर (आजाद सिपाही)।** देवघर आइएएस अकादमी (दिया) ने अपनी दूसरी वर्षगांठ पर बुधवार को झारखंड लोक सेवा आयोग में सफल छात्रों के लिए सम्मान समारोह आयोजित किया। इसका उद्देश्य उन विद्यार्थियों को सम्मानित करना था, जिन्होंने कठिन परिश्रम और दृढ़ संकल्प के बल पर प्रतियोगी परीक्षाओं में उल्लेखनीय सफलता अर्जित की है। कार्यक्रम का शुभारंभ देवघर के प्रख्यात समाजसेवी डॉ सुनील खवाड़े ने किया। उन्होंने अपने उद्बोधन में कहा कि छात्रों की मेहनत, अनुशासन और सकारात्मक सोच ही सफलता की कुंजी है। यह सम्मान समारोह न केवल विद्यार्थियों को प्रेरणा देगा बल्कि अन्य अभ्यर्थियों को भी लक्ष्य प्राप्ति हेतु प्रोत्साहित करेगा। डॉ खवाड़े ने कहा कि संस्थान हर वर्ष एक स्कॉलरशिप प्रोग्राम आयोजित करें। जिसमें डॉ सुनील खाबड़े की माता स्वर्गीय फूलमानी देव्या के नाम से सफल, योग्य और जरूरतमंद पांच विद्यार्थियों के संपूर्ण खर्च को वहन करने की उन्होंने घोषणा की। संस्थान के अकादमिक निदेशक देश के विख्यात शिक्षाविद नीरज नचिकेता ने संस्थान की उपलब्धियों का उल्लेख करते हुए बताया कि संस्थान के विद्यार्थियों ने इस वर्ष जेपीएसपी में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर संस्था का गौरव बढ़ाया है। इस मौके पर अंजनी शर्मा, पीके सिंह, डॉ अशोक कुमार, रामकृष्ण आदि उपस्थित थे।

## बीएसएल में कॉन्फ्रेंस हॉल डिस्प्ले यूनिट एवं डिजिटल स्टैंडी का हुआ उद्घाटन



बोकारो (आजाद सिपाही)। इस्पात संयंत्र के अधिशासी निदेशक (संकार्य) भवन में नवनिर्मित कॉन्फ्रेंस हॉल, डिस्प्ले यूनिट एवं डिजिटल स्टैन्डी का उद्घाटन निदेशक प्रभारी वीरेंद्र कुमार तिवारी ने किया। इस मौके पर अधिशासी निदेशक (वित्त एवं लेखा) सुरेश रंगानी, अधिशासी निदेशक (माइंस) विकास मनवटी, अधिशासी निदेशक (सामग्री प्रबंधन) सीआर मिश्रा, अधिशासी निदेशक (परियोजनाएं एवं अतिरिक्त प्रभार संकार्य) अनीष सेनगुप्ता सहित विभिन्न विभागों के मुख्य महाप्रबंधक एवं वरीय अधिकारी उपस्थित थे। भवन की लॉबी में स्थापित डिस्प्ले यूनिट में बीएसएल द्वारा निर्मित उत्पादों के साथ ही नगर के प्रमुख स्मारकों के प्रतिरूप प्रदर्शित किए गए हैं। वहीं, डिजिटल स्टैन्डी के माध्यम से संयंत्र के विभिन्न अधिशासी निदेशक (संकार्य) एवं उनके कार्यकाल का क्रमबद्ध परिचय प्रस्तुत किया गया है।

## सतबरवा में गणेश पूजा का आयोजन, उमड़ी भीड़



**सतबरवा/ पलामू (आजाद सिपाही)।** गणेश चतुर्थी के अवसर पर लक्ष्मण घाट सतबरवा में गणेश पूजा का भव्य आयोजन किया गया है। सबसे पहले विघ्न विनायक भगवान गणेश की प्रतिमा का विधिवत मंत्र उच्चारण और पूजा अर्चना कर प्राण प्रतिष्ठा किया गया । इस दौरान सैकड़ों महिला-पुरुष एवं बच्चे उपस्थित थे। पूजा समिति के सक्रिय सदस्य अमित कुमार ने बताया कि इस वर्ष चौथ अधिवेशन मना रहे हैं। तीन दिनों तक भगवान गजानन हमारे यहां विराजमान रहेंगे। प्रतिदिन सुबह में पूजा अर्चना, दोपहर में प्रसाद का वितरण और संध्या में महा आरती का आयोजन किया जाएगा। वहीं, शतन प्रसाद जायसवाल ने बताया कि पूजा पंडाल को लाइट और फूलों से आकर्षक ढंग से सजाया गया है। 30 अगस्त को हवन के साथ पूर्णाहूति होगी। इसके बाद दोपहर एक बजे से भगवान गजानंद का बाजे गाजे के साथ भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी। इस मौके पर भोलू कुमार, करण कुमार, ओमकार ठाकुर, बबलू कुमार, ओंकार प्रसाद और नमन कुमार आदि उपस्थित थे।

## जपला आरपीएफ ने सात लोगों को रेलवे एक्ट के तहत पकड़ा

आजाद सिपाही संवाददाता

**हुसैनाबाद।** सोननगर-गढ़वा रोड रेल खंड के जपला रेलवे स्टेशन पर आरपीएफ निरीक्षक प्रभारी राजेश कुमार मीना के नेतृत्व में यात्री सुरक्षा को लेकर महिला एवं दिव्यांग बोगियों में विशेष अभियान चलाया गया। इस दौरान महिला-दिव्यांग बोगी और स्टेशन परिसर में अनाधिकृत रूप से घूमते सात लोगों को गिरफ्तार किया गया। आरपीएफ निरीक्षक प्रभारी राजेश कुमार मीणा ने बताया कि यात्री सुरक्षा को लेकर आरपीएफ पुलिस सजग है। अनाधिकृत रूप से यात्रा करने वाले और स्टेशन परिसर में अनाधिकृत रूप से घूमने एवं प्लेटफार्म परिसर में रील बनाने के विरुद्ध लगातार अभियान चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में इस दिन भी महिला-दिव्यांग बोगी और स्टेशन परिसर में छापामारी की गयी और अनाधिकृत रूप से प्रवेश करने वाले सात लोगों को गिरफ्तार कर रेलवे एक्ट के तहत मामला दर्ज कर डाल्टनगंज न्यायिक दंडाधिकारी को अग्रसारित किया गया है। जहां जुर्माना लेकर सभी को रिहा किया गया। उन्होंने बताया कि यह अभियान लगातार जारी रहेगा। इस अभियान में आरपीएफ के उप निरीक्षक जेपी प्रसाद, कार्तिक बिंझा आदि शामिल थे।

## आग लगने से दवाएं और दस्तावेज जले

**देवघर (आजाद सिपाही)।** जिले के सारवा प्रखंड के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के लेबर रूम के बगल में अवस्थित दवा कक्ष में आग लग गई। इससे वहां रखी विभिन्न दवाएं और दस्तावेज जल गये। आग लगने की वजह शार्ट सर्किट बताई जा रही है। जानकारी के मुताबिक इस दिन अचानक आग की लपेटे उठने लगीं और धुआं फैल गया। सीएससी प्रभारी ने फायर ब्रिगेड को इसकी जानकारी दी। फायर ब्रिगेड की टीम और सीएससी कर्मियों के सहयोग से जल्द ही आग पर काबू पा लिया गया। समाचार लिखे जाने तक आग लगने से हुए नुकसान का आकलन नहीं हो सका है।

## बैद्यनाथ धाम स्टेशन पर आरक्षण काउंटर बढ़ाने की उठी मांग

**देवघर (आजाद सिपाही)।** संथाल परगना चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के सदस्य अजय कुमार ने आरक्षण कराने वाले रेल यात्रियों की परेशानियों को ध्यान में रखते हुए बैद्यनाथ धाम स्टेशन पर आरक्षण काउंटर की संख्या बढ़ाने की मांग आसनसोल रेल मंडल प्रबंधक विनीता श्रीवास्तव से की है। कहा कि बैद्यनाथ धाम स्टेशन पर मात्र दो आरक्षण काउंटर होने के कारण टिकट काउंटर पर काफी भीड़ हो जाती है जिससे यात्रियों को काफी इंतजार करना पड़ता है।

## इंटक नेता अजय ने किया संजीवा रेड्डी का स्वागत




**देवघर/जमशेदपुर (आजाद सिपाही)।** बिष्टुपुर स्थित माइकल जॉन ऑडिटोरियम में झारखंड प्रदेश इंटक के वर्किंग कमेटी (कार्य समिति) की बैठक में शामिल होने आए इंटक के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ जी संजीवा रेड्डी को बाबा बैद्यनाथ का मोमेंटो प्रदान कर देवघर जिला इंटक के जिला अध्यक्ष अनंत मिश्रा एवं झारखंड इंटक के प्रदेश सचिव अजय कुमार ने स्वागत किया। साथ ही देवघर आने का निमंत्रण भी दिया। सम्मेलन में मजदूरों की समस्या पर व्यापक चर्चा की गई और उसके निदान को लेकर संघर्ष की रणनीति बनाई गई। संजीव रेड्डी ने कहा कि भाजपा के शासनकाल में मजदूरों की हकमारी की जा रही है। मजदूरों को रोजगार नहीं मिल रहा है। लगातार मजदूरों को हटाए जाने से भुखमरी की समस्या उत्पन्न हो गई है।

## विश्रामपुर नप मुख्यालय में गणपति पूजा का आयोजन



**विश्रामपुर/पलामू (आजाद सिपाही)।** विश्रामपुर नगर परिषद मुख्यालय में स्थानीय युवकों की ओर से गणपति पूजा का आयोजन किया गया है। पूजा पंडाल का उद्घाटन विश्रामपुर थाना प्रभारी ऋषिकेश दुबे ने किया। उन्होंने कहा कि भगवान गणेश प्रथम पूजनीय हैं। इनकी पूजा से बुद्धि-विवेक कुशाग्र होता है। इस मौके पर रेड रोज पब्लिक स्कूल के निदेशक राजन पांडेय, पूजा कमेटी अध्यक्ष अमित सोनी, संदीप गुप्ता, अमन कुमार चंद्रवंशी, ओम सोनी, सुमंत कुमार विश्वकर्मा, शुभम गुप्ता, रवि कुमार, आलोक कुमार चौधरी, दीपक केशरी, अभिनव सोनी, अमन पांडेय, अमित सोनी, राकेश गुप्ता, चंदन कुमार और अनुज कुमार गुप्ता आदि मौजूद थे।

## पूजा पंडालों में भगवान गणेश की प्रतिमा स्थापित, हुई पूजा

### नवयुवक क्लब जागृति संघ का पूजा पंडाल बना आकर्षण का केंद्र

**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)।** गणेश चतुर्थी पर आस्था का अनुठा संगम देखने को मिल रहा है। भव्य पंडालों में भगवान गणेश विभिन्न रूप में देखे जा रहे है। हुसैनाबाद शहर के सरस्वती नगर हरिहर चौक के समीप नवयुवक क्लब जागृति संघ, खादी भंडार के समीप, ऊपरी कला, कामगारपुर सहित अन्य स्थानों पर पूजा पंडाल बनाए गये हैं। जहां पुजारी द्वारा पांरपरिक तरीके से पूजा की गयी। विघ्नहर्ता को बेलपत्र, पान पत्ता, दूब घास, टीका सिंदुर, फल-फूल



चढ़ाने के साथ ही लड्डू-मोदक के भोग लगाये गये। उधर, पंडाल का पट खुलते ही भगवान गणेश की प्रतिमा के दर्शन के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी। कतारबद्ध होकर श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। नव युवक क्लब जागृति संघ पूजा पंडाल के आगे और आसपास आकर्षक प्रकाश व्यवस्था की गई है। वहीं, पूजा के सफल आयोजन में नवयुवक क्लब जागृति संघ के संरक्षक दीपू कुमार, सतीश कुमार बॉबी कुमार, राजीव कुमार, पेंटल कुमार, शान कुमार, अभिषेक कुमार आदि का सराहनीय योगदान है।

## छत्तरपुर में अवैध खनन करते दो ट्रैक्टर जब्त

**मेदिनीनगर (आजाद सिपाही)।** अवैध खनन को लेकर मंगलवार की देर रात छतरपुर अनुमंडल के करमा कलां में खान निरीक्षक शुभम कुमार ने छापामारी अभियान चलाया गया। इस दौरान अवैध खननकर्ता फरार हो गये। पर मौके से अवैध खनन करते दो ट्रैक्टर को जब्त किया गया, जिसमें 80 घन फीट स्टोन बोल्डर लदा था। लगे हाथ दो जैक हैंबर मशीन, चार ड्रिलिंग रॉड, एक शाबल, एक कुल्हाड़ी और 20 डेटोनेटर सहित अन्य उपकरण बरामद किये गये। इस मामले में अज्ञात के विरुद्ध छतरपुर थाने में प्राथमिकी भी दर्ज करायी गयी है।

## देवघर पहुंचे भारतवर्षीय बरनवाल वैश्य महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष का स्वागत

**देवघर (आजाद सिपाही)।** भारतवर्षीय बरनवाल वैश्य महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष शशिभूषण बरनवाल, कार्यकारणी सदस्य ओंकारनाथ बरनवाल और बरनवाल सेवा सदन के वरीय सह संयोजक रविंद्र बरनवाल (टिंकु जी) का देवघर आगमन पर भव्य स्वागत किया गया। बरनवाल सेवा सदन देवघर में आयोजित स्वागत



समारोह में बरनवाल युवक संघ के जिला अध्यक्ष सर्वोतम ने सभी पदाधिकारियों को अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर बरनवाल सेवा सदन देवघर के प्रभारी राजकुमार बरनवाल, कोषाध्यक्ष भीम प्रसाद बरनवाल आदि मौजूद थे। इसमें बरनवाल समुदाय के कई प्रमुख पत्रकार अशोक बरनवाल, राजन शशि, दिलीप बरनवाल, पंकज बरनवाल (गब्लू), बरनवाल युवक संघ के कोषाध्यक्ष नीरज कुमार आदि शामिल थे। सभी ने एकजुट होकर राष्ट्रीय अध्यक्ष और पदाधिकारियों का स्वागत किया।

## दुर्गा पूजा को लेकर चंदा संग्रहण शुरू



**गुमला (आजाद सिपाही)।** दुर्गा पूजा को लेकर श्री बड़ा दुर्गा मंदिर समिति की ओर से अर्थसंग्रह का कार्य आरंभ किया गया। समिति के अध्यक्ष निर्मल गोयल, सचिव रमेश कुमार, कोषाध्यक्ष द्वारिका मिश्रा, कौशलेंद्र जमुआर आदि ने इसकी विधिवत शुरूआत अर्थसंग्रह कर किया। साथ ही बताया कि दुर्गा पूजा में समिति की भूमिका केंद्रीय की होती है। परंपरा रही है कि गणेश पूजा के दिन से ही अर्थसंग्रह का काम शुरू किया जाता है। इस शुभ दिन पर गणपति का पूजन और आर्शिवाद के साथ अर्थसंग्रह शुरू किया गया है। सभी सदस्यों को उनका दायित्व भी सौंपा गया है। इस बार दुर्गा पूजा धूमधाम के साथ मनाने का संकल्प लिया गया है।

## चरका टांगर जामटोली में अधेड़ ने लगायी फांसी

**गुमला (आजाद सिपाही)।** सदर थाना क्षेत्र के बृंदा पंचायत अंतर्गत चरका टांगर जामटोली गांव निवासी 50 वर्षीय बनिया उरांव ने मंगलवार की रात घर के सामने आम के पेड़ में फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया। बुधवार की सुबह फुटबॉल खेलने जा रहे लड़कों की नजर व्यक्ति पर पड़ी इसके बाद लड़के घटना की सूचना मृतक के घर वालों को दिए वहीं बिंदा पंचायत की मुखिया सत्यवती देवी ने गुमला थाना को फोन कर घटना की जानकारी दी। गुमला थाना के एसआइ मिंटू कुमार घटना स्थल पहुंचे और शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम हेतु सदर अस्पताल भेज दिया। परिजनों ने बताया मृतक अक्सर शराब का नशा करता था। पूर्व में भी वह घर में फांसी लगाकर आत्महत्या का प्रयास किया था, लेकिन दिन होने के कारण उसे बचा लिया गया था। इधर बीती रात को खाना पीना खाकर घर में सभी सोए हुए थे तभी वह घर से निकल गया और आत्महत्या कर ली। बुधवार दिन के 2 बजे सदर अस्पताल में शव का पोस्टमार्टम कर परिजनों को सौंप दिया गया।

## हाथियों ने मोरहाटोली में उत्पात मचाया



**कामडारा (आजाद सिपाही)।** कामडारा बीती मंगलवार की रात लगभग नौ बजे के आसपास जंगली हाथियों ने गांव मोरहाटोली मे भारी उत्पात मचाते हुए एक ग्रामीण भंजन लोहरा के मकान को चारों ओर से क्षतिग्रस्त कर दिया। वहीं घटना की खबर लगते ही बसिया वन प्रमंडल के वनकर्मी रातोंरात गांव मोरहाटोली पहूंची और ग्रामीणो के सहयोग से उक्त जंगली हाथियों को जंगल की ओर भगाया गया। जानकारी के मुताबिक कामडारा प्रखंड क्षेत्र के सालेगुटू पंचायत के अंतर्गत गांव मोरहाटोली मे बीती मंगलवार की रात मे दो जंगली हाथी विचरण करते हुए गांव मे प्रवेश कर गये। इसके बाद ग्रामीण भंजन लोहरा के मकान के चारो ओर से सिर और सूढ़ के सहारे क्षतिग्रस्त कर घर के अंदर रखे सामग्रियों को इधर-उधर फेंककर नुकसान पहुंचाया। वही घटना के वक्त घर के सभी परिजन किसी तरह से बाहर भागकर अपनी जाने बचायी है। वहीं सालेगुटू में जंगली हाथियों ने एक ग्रामीण महिला बालमति देवी (पति रंथु) साहु के मकान को पूरी तरह से क्षतिग्रस्त कर दिया है। यह घटना बीती मंगलवार की रात लगभग 8 बजे के आसपास की है। बताया जा रहा है घर के सभी सदस्य खाना खाने की तैयारी कर रहे थे। उसी दौरान दो जंगली हाथी उसके घर के बाहर की दीवार को तोड़ कर सभी घरेलू समान को बर्बाद कर दिया। जिसे घर के सपरिवार बाहर भागे और ग्रामीणो को बताया। वहीं सभी ग्रामीण एकत्रित हुए और हो हल्ला करते हुए गांव से बाहर की ओर भगाया। इधर बुधवार की सुबह मे उक्त पीड़ित परिवार के सदस्यों ने वन प्रमंडल बसिया को वनकर्मियों को इसकी जानकारी देते हुए उचित मुआवजा दिलाने की मांग की है।

## कोंसा बड़काटोली में हाथी ने फसल को रौंदा



**कामडारा (आजाद सिपाही)।** कामडारा प्रखंड क्षेत्र के अंतर्गत गांव कोंसा बड़काटोली मे जंगली हाथियों ने विगत 26 अगस्त कि रात को किसान दानिल हरी के लगभग तीन एकड़ भूमि पर लगी धान के पौधों को पूरी तरह से रौंद डाला है। उक्त किसान ने बुधवार को पंचायत के मुखिया प्रेमचंद केरकेट्टा को इसकी जानकारी देते हुए प्रशासन से मुआवजा दिलाने की मांग की है। वही मुखिया ने बसिया वनप्रमंडल के वनपाल को उक्त पूरे मामले के बारे मे अवगत कराते हुए बताया कि उक्त किसान की आर्थिक स्थिति काफी दयनीय है।

## घाघरा और बिशुनपुर में जेएलकेएम के केंद्रीय उपाध्यक्ष देवेंद्र महतो का स्वागत




**घाघरा/ बिशुनपुर (आजाद सिपाही)।** झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा के केंद्रीय उपाध्यक्ष देवेंद्र नाथ महतो और दक्षिणी छोटा नागपुर केंद्रीय युवा मोर्चा के सचिव सनी संदीप तिग्गा के बिशुनपुर और घाघरा आगमन पर पार्टी कार्यकर्ताओं ने बुधवार को भव्य स्वागत किया। फूल-मालाओं से सम्मानित कर कार्यकर्ताओं ने उत्साहपूर्वक नारे लगाये। इस दौरान पार्टी नेताओं ने कहा कि महतो का आगमन संगठन में नयी उर्जा और दिशा प्रदान करेगा। बैठक में संगठन विस्तार और विचारधारा को लेकर चर्चा हुई। देवेंद्र नाथ महतो ने कहा कि पार्टी झारखंड की अस्मिता, भाषा और अधिकारों की रक्षा के लिए लगातार संघर्ष कर रही है और आने वाले समय में इसे और मजबूत किया जायेगा। पार्टी का उद्देश्य झारखंड की जनता की समस्याओं को उठाना और उनके समाधान के लिए संघर्ष करना है। उन्होंने कार्यकताओं से गांव-गांव तक पार्टी की नीति और सिद्धांत पहुंचाने का आह्वान किया। इस अवसर पर बिशुनपुर से रोहित रोशन भगत, वीरेंद्र लोहरा, कृष्णा बड़ाइक, राजू भगत, गणेश महतो, विजय ठाकुर, दीपक सिंह, नीरज गुप्ता, विजय नायक, आशीष सिंह, बृजेश महतो, संतोष महतो, और घाघरा से जिलाध्यक्ष शलिंद्र उरांव, ओबीसी मोर्चा जिलाध्यक्ष भुनेश्वर गोप, प्रखंड अध्यक्ष संजय उरांव, उपाध्यक्ष पवन साहू, कृष्णा बड़ाइक, चैतू उरांव, प्रेम उरांव सहित कई सदस्य उपस्थित रहे।

# नाबालिग बेटी से दुष्कर्म के आरोप में पिता गिरफ्तार

आजाद सिपाही संवाददाता



**गुमला।** घाघरा थाना क्षेत्र के एक गांव में रिश्ते को शर्मसार करने वाला घटना प्रकाश में आया है। नाबालिग बेटी अपने मां और मौसी के साथ दो दिन पूर्व घाघरा थाना पहुंचकर पिता के विरुद्ध लिखित प्राथमिकी दर्ज करायी थी। इसके बाद पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर बुधवार की शाम 5 बजे जेल भेज दिया वहीं पीड़िता का सदर अस्पताल में मेडिकल कराया है।

प्राप्त जानकारी के मुताबिक आरोपी की दो बेटी है। पिता एक साल से अपनी बेटी के साथ गलत काम कर रहा था। वही बेटी डर से किसी को कुछ नहीं बता रही थी। इधर तीन चार दिन पूर्व बेटी अपने मामा के घर मेहमान गई थी जहां अपनी मौसी को पूरी बात बतायी। बताया जाता है कि आरोपी पिता अपने पिता की हत्या के मामले में जेल जा चुका है और 4 वर्षों की सजा काटकर बाहर निकला है।

## भूमि साक्षरता पर पीएलवी को मिला प्रशिक्षण

**लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** जिला विधिक सेवा प्राधिकार लोहरदगा और ग्राम नियोजन केंद्र के संयुक्त तत्वावधान में 27 अगस्त को व्यवहार न्यायालय परिसर स्थित सभा कक्ष में 47 अर्ध कानूनी स्वयंसेवकों को भूमि साक्षरता विषय पर मॉड्यूल वन पर एक दिवसीय प्रशिक्षण दिया गया। इस दौरान प्रशिक्षण का उद्घाटन प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार लोहरदगा राजकमल मिश्रा, डालसा सचिव राजेश कुमार, एलएडीसीएस सहायक श्रीमती इंद्राणी कुजूर और ग्राम नियोजन केंद्र के इश्तेयाक अहमद ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। वहीं ग्राम नियोजन केंद्र के इश्तेयाक अहमद ने सभी अर्ध कानूनी स्वयंसेवकों को झारखंड में जमीन के प्रकार, जमीन की बुनियादी समझ, जमीन संबंधी कागजात, पंजी टू, केवाला कराते समय आवश्यक दस्तावेज आदि पर विस्तृत रूप से जानकारी दी।

# अलग-अलग सड़क दुर्घटना में दो घायल

आजाद सिपाही संवाददाता



**बिशुनपुर।** प्रखंड में सड़क हादसों का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है। मंगलवार की रात अलग-अलग जगहों पर हुए दो हादसों में दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गये। पहला मामला गुरदरी थाना क्षेत्र के चटकपुर गांव स्थित बेती मोड़ का है। जहां देर रात करीब 9 बजे बेथड़ निवासी 30 वर्षीय सुनील खेरवार अपने रिश्तेदार के घर से बाइक में सवार हो कर अपना घर लौट रहा था तभी चटकपुर स्थित बेती मोड़ के समीप अपना संतुलन खो बैठा और सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से जख्मी हो गया। स्थानीय लोगों ने तुरंत उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बिशुनपुर पहुंचाया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टरों ने बेहतर इलाज के लिए गुमला सदर अस्पताल रेफर कर दिया। चिकित्सकों के अनुसार उसके पैर में गहरी चोट आयी है।

वहीं दूसरी घटना बिशुनपुर थाना क्षेत्र के सालम नावाटोली मोड़ की है। जहां लबगा निवासी 23 वर्षीय ललित उरांव लापू गांव में यूट्यूब शूटिंग देखने गया था। इस दौरान यूट्यूबरों का बैटरी समाप्त हो जाने पर वह बनारी से बैटरी लाने निकला। वापसी के क्रम में सालम मोड़ के पास उसकी बाइक फिसल गई और वह सड़क पर गिरकर घायल हो गया। ग्रामीणों की मदद से उसे भी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बिशुनपुर लाया गया, जहां डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार किया।

# घाघरा में घूसखोरी के खिलाफ होगा चरणबद्ध आंदोलन : विजय सिंह

आजाद सिपाही संवाददाता



**घाघरा।** भ्रष्टाचार विरोधी मंच घाघरा के तत्वाधान में हाई स्कूल मैदान के पास वरिष्ठ किसान नेता जीवन भगत की अध्यक्षता में पंचायत स्तर के मुख्य लोगों को लेकर भ्रष्टाचार के खिलाफ आंदोलन की रणनीति बनाने के लिए बैठक संपन्न हुई। बैठक में ऑल इंडिया पीपुल्स फ्रंट के प्रभारी सह झारखंड नवनिर्माण दल के केंद्रीय संयोजक विजय सिंह ने कहा कि सरकार की निकम्मीपन के कारण घाघरा ब्लॉक में घूसखोरी चरम पर है, जिसके विरुद्ध चरणबद्ध आंदोलन संगठित की जायेगी। श्री सिंह ने यह भी कहा कि घाघरा मेरा गृह प्रखंड है और यहां लोगों पर शोषण अत्याचार बर्दाश्त नहीं किया जा सकता है। उन्होंने सांसद-विधायक की निष्क्रियता के कारण हो रही लूट खसोट को रोकने के लिए आम जनता से जगने व एकजुट होने को कहा है। वहीं यूरिया खाद्य संकट को किसान विरोधी नीति का देन बताया और कहा कि अपने हक के लिए किसान जागरूक व संगठित हो जाएं तभी उनके हित की रक्षा होगी। श्री सिंह ने भ्रष्टाचार के विरोध मुहिम को आगे बढ़ाने के लिए 6 सितंबर 2025 को हाइ स्कूल मैदान के पास आयोजित प्रखंड स्तरीय बैठक की तैयारी करने की भी अपील की है। बैठक में झारखंड नवनिर्माण दल की ओर से महिला नेत्री पुष्पा उराँव, आदित्य सिंह, धर्मपाल उरांव, श्रवण उरांव, कुहरू मुंडा, संतु मिश्रा, सुकरा उरांव, राजीव सिंह, राधा वल्लभ पाठक, छोटना टाना भगत, बसंत उरांव, देसी उरांव, शिवशंकर भगत मुख्य रूप से उपस्थित थे।

# सिसई में स्पेशल प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन

आजाद सिपाही संवाददाता



**सिसई।** मुख्यमंत्री सारथी योजना के अंतर्गत एक्सल डाटा सर्विसेज प्रशिक्षण केन्द्र कुदरा मोड़ सिसई में प्रशिक्षित युवक-युवतियों को रोजगार देने के लिए केंद्र प्रबंधक रायमल यादव के नेतृत्व में प्लेसमेंट स्पेशल ड्राइव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि अखिल केरकेट्टा यूएनडीपी गुमला के सानिध्य एवं सभी अतिथियों की उपस्थिति में दीप प्रज्वलित कर की गयी। इस कार्यक्रम में प्रशिक्षण केन्द्र सुशीला फाउंडेशन महुआडीपा सिसई एवं प्रशिक्षण केन्द्र सिद्धि विनायक पालकोट रोड गुमला के संयोजक, प्रशिक्षक एवं प्रशिक्षुओं ने बढ़चढ़ कर भाग लिया। इस कार्यक्रम में एलएमएस कंपनी प्रालि के एचआर मोहम्मद अफसर एवं ट्वेंटी फिफ्टी हेल्थकेयर के एचआर गौरव गुंजन ने अपने अपने कंपनी के बारे में जानकारियां साझा किये। इस दौरान कुल 60 लाभान्वित प्रशिक्षु युवक युवतियों को ऑफर लेटर देकर रोजगार से जुड़ने का सुनहरा अवसर प्रदान किया गया। लाभान्वित प्रशिक्षु में एक्सल डाटा सर्विसेज के 30, सुशीला फाउंडेशन के 15, एवं सिद्धि विनायक केन्द्र के 15 युवक युवतियां शामिल थे। ऑफर लेटर के अलावा सर्टिफिकेट, टूल किट, एवं प्रशस्ति पत्र भी प्रदान किया गया। कार्यक्रम में एक्सल डाटा सर्विसेज के केन्द्र प्रबंधक रायमल यादव, यूएनडीपी गुमला के अखिल केरकेट्टा, विवेक कुमार, एवं खिलेश्वर साहु के द्वारा सभी प्रशिक्षु का मार्गदर्शन करते हुए कहा गया कि मुख्यमंत्री सारथी योजना का उद्देश्य झारखंड राज्य के 18 वर्ष से 35 वर्ष आयुवर्ग के सभी युवक युवतियों को झारखंड सरकार की ओर से निःशुल्क प्रशिक्षण देकर उन सभी को रोजगार व स्वरोजगार से जोड़कर आत्मनिर्भर भारत बनाने में विशेष योगदान प्रदान करना है। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में प्रशिक्षक नन्द किशोर रवि, संध्या विश्वकर्मा, नूपुर कुमारी, होलिका कुमारी, सुषमा अन्ना, रफत अंजुम, राखी सिन्हा, सानिया प्रवीण, शुभम मिश्रा, सीमा कुमारी, राज साहु, सहित केन्द्र के सैकड़ों प्रशिक्षु युवक युवतियों का सराहनीय योगदान रहा।

# डीलर संघ बिशुनपुर के नयी कमिटी का गठन



आजाद सिपाही संवाददाता

**गुमला।** डीलर संघ बिशुनपुर की बैठक बुधवार को गुमला जिला अध्यक्ष अरखीतानंद देवघरिया की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में मुख्य रूप से जिला सचिव तनवीर नाच, जिला उपाध्यक्ष निमाज खान, जिला संयोजक श्याम बिहारी शुक्ला शामिल हुए। बैठक में संगठन विस्तार सहित अन्य बिंदुओं पर विस्तार पूर्वक चर्चा किया गया। तत्पश्चात सर्वसमिति से नई कमेटी का गठन किया गया। जिसमें संयोजक रोजलीन तिर्की, अध्यक्ष दीपक कुमार गुप्ता, उपाध्यक्ष राधे साहू, सुषमा कुजूर, रामसेवक साहू, सचिव छोटू अंसारी, सह सचिव सुनीता देवी, कोषाध्यक्ष मो यूनुस, कार्यकारिणी सदस्य सुमंती कुमारी, सुरेश प्रसाद गुप्ता, मंजू लकड़ा, हरिचरण प्रसाद, रविंद्र उरांव, बृजेश कुमार और फुलकुवइर भगत को मनोनीत किया गया। जिला अध्यक्ष के द्वारा प्रखंड कमेटी के सभी लोगों से एकजुट होकर कार्य करने की अपील की गयी। मौके पर बिशनपुर कई के डीलर मौजूद थे।

# डिजिटल लेन-देन में सुरक्षा बढ़ाने को लेकर महेश पोद्दार ने वित्त मंत्री को लिखा पत्र

आजाद सिपाही संवाददाता



**गुमला।** झारखंड के पूर्व राज्यसभा सांसद महेश पोद्दार ने वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण को पत्र लिखकर 14 अक्टूबर 2010 की अधिसूचना संख्या 235 के कार्यान्वयन से संबंधित अपनी चिंताएं व्यक्त की हैं। उन्होंने कहा कि वर्तमान प्रणाली में आरटीजीएस/एनइएफटी लेन-देन मुख्य रूप से केवल खाता संख्या पर आधारित होते हैं। प्राप्तकर्ता का नाम मिलान प्रक्रिया में प्राथमिकता नहीं पाता। इससे कभी-कभी खाता संख्या गलत होने या मेल खा जाने की स्थिति में त्रुटि या धोखाधड़ी की संभावना बनी रहती है। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में डिजिटल लेन-देन की गति और संख्या दोनों बढ़ी है। ऐसे में यह आवश्यक है कि आरटीजीएस/एनइएफटी प्रणाली पूरी तरह सुरक्षित और त्रुटिहीन हो। केवल खाता संख्या के आधार पर भुगतान करना जोखिमपूर्ण है। यदि प्राप्तकर्ता के नाम और खाता संख्या का मिलान सुनिश्चित किया जाए तो धोखाधड़ी और गलत भुगतान जैसी समस्याओं से बचा जा सकता है। मेरा मानना है कि छोटे-छोटे तकनीकी सुधारों से ग्राहकों का विश्वास और वित्तीय व्यवस्था की पारदर्शिता दोनों बढ़ेंगी। सांसद के पत्र के आलोक में वित्त मंत्रालय के आर्थिक सलाहकार डॉ अभिजीत फुकन ने उत्तर देते हुए सूचित किया है कि यह मामला भारतीय रिजर्व बैंक के समक्ष उठाया गया है। मंत्रालय ने श्री पोद्दार के सुझावों को भुगतान प्रणाली को और अधिक सुरक्षित और कुशल बनाने की दिशा में सराहनीय बताया है।

# के राजू का आगमन कार्यकर्ताओं में उत्साह और ऊर्जा का संचार करेगा : चैतू उरांव



आजाद सिपाही संवाददाता

**गुमला।** झारखंड प्रदेश कांग्रेस प्रभारी के राजू का गुमला आगमन 28 अगस्त को होने जा रहा है। उनका यह दौरा बेहद अहम माना जा रहा है क्योंकि कांग्रेस संगठन को गांव-गांव तक मजबूत करने और आगामी चुनावों की रणनीति तय करने के लिहाज से यह बैठकें निर्णायक साबित हो सकती हैं। प्रदेश प्रभारी के राजू का राज्य में पांच दिवसीय दौरा 26 से 31 अगस्त तक चलेगा। इस दौरान वे विभिन्न जिलों में संगठन को गति देने और कार्यकर्ताओं से संवाद करने का काम करेंगे। इसी कड़ी में 28 अगस्त को गुमला जिला में उनका कार्यक्रम निर्धारित है। जिला कांग्रेस अध्यक्ष चैतू उरांव और मीडिया चैयरमैन सह प्रवक्ता आरिफ हुसैन अख्तर ने जानकारी दी कि 28 अगस्त को दिनभर प्रभारी कई महत्वपूर्ण बैठकें करेंगे। सुबह 10 बजे से दोपहर 1 बजे तक सिसई प्रखंड क्षेत्र में जिला स्तरीय पदाधिकारियों और पंचायत प्रतिनिधियों के साथ संवाद होगा। वहीं 1:30 बजे से 2:30 बजे तक उत्तरी भरनो प्रखंड में बैठक, 2:30 बजे से 4 बजे तक भरनो के तुरियाम्बा में पंचायत समिति के सदस्यों के साथ विशेष बैठक होगा। इन संवादों में जिला पदाधिकारी, अग्रणी मोर्चा संगठन के जिला अध्यक्ष, सभी प्रखंड अध्यक्ष, पंचायत अध्यक्ष, सिसई प्रखंड के 18 पंचायतों के कार्यकारिणी सदस्य और अग्रणी मोर्चा संगठन के प्रखंड अध्यक्ष उपस्थित रहेंगे।

जिला अध्यक्ष और प्रवक्ता ने कहा कि जिले में प्रदेश प्रभारी का आगमन कार्यकर्ताओं के लिए उत्साह और ऊर्जा का संचार करेगा। उन्होंने बताया कि तैयारियां लगभग पूरी कर ली गयी हैं और कार्यकर्ताओं को ग्राम स्तर तक आमंत्रण भेजा गया है। कार्यक्रम में प्रदेश अध्यक्ष समेत झारखण्ड प्रदेश कांग्रेस की पूरी टीम भी मौजूद रहेगी।

उन्होंने कहा कि यह दौरा संगठन के लिए नयी दिशा तय करेगा और आगामी चुनाव में कांग्रेस को मजबूती प्रदान करेगा। दोनो ने कहा कि प्रदेश प्रभारी के राजू सड़क मार्ग से गुमला पहुंचेंगे। कांग्रेस कार्यकर्ताओं और जिलेवासियों में उनके आगमन को लेकर जबरदस्त उत्साह है। जगह-जगह उनके स्वागत की तैयारियां की जा रही हैं। कार्यक्रम की सफलता में जिला महासचिव फिरोज आलम, जिला सचिव तरुण गोप, मीडिया चेयरमैन सह प्रवक्ता आरिफ हुसैन अख्तर, प्रखंड अध्यक्ष बैबुल अंसारी, मुकेश कुमार दास, जितेंद्र लोहार, महावीर उरांव, लालमोहन साहू, जुबेर अंसारी, उमराव हसीब अंसारी, करमा उरांव, सोहन लोहार, मस्जिद अंसारी, सतीश उरांव, शाहजहां, विजय यादव, नंदकिशोर साहू, सुनील उरांव, सरिता देवी, सुनीता उरांव, सोमरा उरांव लगातार कार्यक्रम की सफलता सुनिश्चित करने में लगे हुए हैं। राजनीतिक जानकारों का मानना है कि प्रदेश प्रभारी का गुमला दौरा कांग्रेस संगठन को जमीनी स्तर पर मजबूत करने की कवायद का हिस्सा है।

# घाघरा में गणेश चतुर्थी की रही धूम, दो पंडालों में हुई पूजा



आजाद सिपाही संवाददाता

**घाघरा।** गणेश चतुर्थी के अवसर पर घाघरा मुख्यालय श्रद्धा और उत्साह से सराबोर रहा। दो प्रमुख स्थानों माधवंस क्लब और थाना चौक पर भव्य पंडाल सजाकर गणेश पूजा का आयोजन किया गया। पूजा-अर्चना का विधिवत आरंभ आचार्य प्रशांत पाठक और नीरज कुमार ने कराया। माधवंस क्लब में इस वर्ष आकर्षक थीम पर आधारित पंडाल सजाया गया, जिसे रंग-बिरंगी रोशनियों और फूलों से विशेष रूप से सजाया गया था। वहीं थाना चौक गणेश पूजा समिति द्वारा स्थापित भव्य प्रतिमा के दर्शन के लिए सुबह से ही श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी रही। पूजा के बाद भक्तों ने भगवान गणेश से सुख-समृद्धि, शांति और क्षेत्र के विकास की कामना की। आयोजन समिति ने भक्तों के बीच प्रसाद का वितरण किया। पूरे दिन भक्ति गीतों और मंत्रोच्चार से वातावरण भक्तिमय बना रहा। इस अवसर पर पवन साहू, नीरज कुमार, राहुल कुमार, क्षितिज कुमार, सचिन कुमार, निखिल कुमार, सिंटू साहू, बिपिन साहू, शुभम राज, सानू कुमार, विक्की कुमार सहित कई सदस्य उपस्थित रहे।

## बिशुनपुर में गणपति के दर्शन के लिए उमड़ी भीड़



**बिशुनपुर (आजाद सिपाही)।** प्रखंड मुख्यालय में गजानन समिति के द्वारा तीसरे वर्ष भी नकटी देवी मंडप प्रांगण में पंडाल में प्रतिमा स्थापित कर सिद्धि विनायक भगवान गणेश की पूजा-अर्चना की गयी। गणपति का दर्शन करने के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी। पंडाल में भगवान गणेश की पूजा-पाठ पूरे विधि-विधान के साथ की गयी और 108 बेलपत्र देकर आहुति किया गया। पुजारी मनीष मिश्रा ने बताया कि विघ्नहर्ता श्री गणेश की पूजा करने से जीवन में सुख समृद्धि, विद्या बुद्धि और धन आदि प्राप्त होती है। गजानन समिति के सदस्य शिशुपाल शर्मा ने बताया कि पिछले 3 वर्षों से समिति द्वारा गणेश पूजा का आयोजन किया जा रहा है। इस बार भी समिति के सदस्यों ने पूजा को सफल बनाने के लिए कड़ी मेहनत की। इस मौके पर राकेश कुमार प्रजापति, प्रकाश गुप्ता, गोस्वामी, गौतम साहु, सचिन ठाकुर, गणेश कुमार प्रजापति, प्रदीप सिंह, नीरज गुप्ता, शंकर गोस्वामी, शिवकुमार प्रजापति बबलू यादव पीयूष ठाकुर आरव राज सहीत कई कई श्रद्धालु उपस्थित थे।

**कार्रवाई :** नावाडीह में 17 अगस्त को हुई डकैती कांड का बोकारो पुलिस ने किया उद्भेदन

# धनबाद से जाकर बोकारो में करते थे डकैती स्वर्ण दुकानदार के साथ ही छह गिरफ्तार

**हथियार, नकद, आभूषण और कारतूस सहित वाहन भी जब्त**

आजाद सिपाही संवाददाता



पकड़े गये डकैतों की जानकारी देते एसपी हरविंदर सिंह एवं अन्य वरिष्ठ अधिकारी।

**बोकारो।** जिले के नावाडीह थाना अंतर्गत बिरनी डाही गांव के धनेश्वर साहू के घर विगत 17-18 अगस्त की रात हुई डकैती की घटना का पुलिस ने उद्भेदन कर लिया है। कार्रवाई करते हुए एसआइटी ने एक दुकानदार सहित छह लोगों को गिरफ्तार किया है। इनके पास से लूटे गए गहनों के अलावा घटना में इस्तेमाल देसी कट्टे और जिंदा कारतूस, एक स्कॉर्पियो, नगद रुपए, सोना-चांदी गला कर बनाया गया शीट आदि बरामद किया गया है। उक्त जानकारी एसपी हरविंदर सिंह ने दी। बुधवार को संवाददाता सम्मेलन आयोजित कर उन्होंने बताया कि डकैती कांड के उद्भेदन करने को लेकर बेरमो एसडीपीओ के नेतृत्व में एसआइटी का गठन किया गया था। तकनीकी साक्ष्य एवं मानवीय सूचना के आधार पर विगत 26 अगस्त को ईस्ट बसुरिया ओपी क्षेत्र के मेन रोड रोड पर स्थित होटल के पास पीछा करते हुए संदिग्ध स्कॉर्पियो को रोक कर उसमें सवार लोगों से पूछताछ की गई। नावाडीह डकैती कांड में इनकी संलिप्तता की बात पता चलने पर गिरफ्तार किया गया। आरोपियों की पहचान धनबाद के भूलीडीह निवासी विक्रम कुमार, गोविंदपुर निवासी धर्मेंद्र राय, ईस्ट बसुरिया निवासी रवि कुमार महतो और महुदा के कांड्रा निवासी हाशिम शेख के रूप में हुई है। एसपी की मानें तो गिरोह का सरगना बैंक मोड़ के भूलीडीह ब्लॉक सेक्टर 10बी निवासी विक्रम कुमार है। इनकी निशानदेही पर पुलिस ने पुनः धनबाद के भूली निवासी किशन पंडित के घर पर छापामारी कर उसे पकड़ लिया। साथ ही, दो देशी पिस्टल, एक देशी कट्टा, एक कार्बाइन टाइप कट्टा और छह जिंदा कारतूस बरामद कर जब्त कर लिया। इनके बयान पर चोरी के आभूषण खरीदने वाले दुकानदार नावाडीह निवासी मुकेश सोनार को भी धर दबोचा। दुकानदार की निशानदेही पर 10 ग्राम सोना एवं 470 ग्राम चांदी को गलाकर बनाये गये शीट को भी जब्त किया गया। एसपी ने बताया कि यह गिरोह पूर्व में भी संगठित रूप से आपराधिक घटनाओं को अंजाम देता रहा है। पुलिस इस घटना में शामिल अन्य आरोपितों को दबोचने के लिए लगातार छापामारी कर रही है। एसपी ने बताया कि घटना के बाद कांड के खुलासे के लिए एक पुलिस टीम बनाई गई। पुलिस टीम में बेरमो अंचल के निरीक्षक नवल किशोर सिंह, नावाडीह थानेदार अमित कुमार सोनी, दुगदा थानेदार मनीष कुमारख, चंद्रपुरा थानेदार अजय कुमार सिंह, ईस्ट बांसुरिया धनबाद के थानेदार रुपेश दुबे और तकनीकी शाखा के कामेश्वर महतो आदि शामिल थे।

## धनबाद के ईस्ट बांसुरिया में होटल के पास स्कॉर्पियों दिखने पर हुआ खुलासा

एसपी हरविंदर सिंह ने डकैती के बाद गठित एसटीओ की टीम को यह सूचना मिली थी कि धनबाद के महुदा और भूली के डकैत गिरोह पूरे मामले में शामिल हैं। पुलिस की टीम सूचना के बाद छापामारी के लिए धनबाद के ईस्ट बांसुरिया ओपी के मेन रोड स्थित एक होटल के पास स्कॉर्पियो को देखा। हालांकि पुलिस को देखकर चालक वाहन लेकर भागने लगा। पर पुलिस ने पीछा कर उसे रोका और इसमें बैठे आरोपितों रवि, विक्रम, हाशीम और धर्मेंद्र को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू की। तब इन लोगों ने बताया कि भूली में रहने वाले विक्रम के यहां वह लोग हथियार छिपा कर रखे हैं। पुलिस ने विक्रम के यहां से कट्टा, पिस्टल और कारबाइन टाइप कट्टा को बरामद किया।

## अक्टूबर 2024 में भी नावाडीह में डाला था डाका

पुलिस कप्तान के मुताबिक आरोपितों ने बताया है कि साल 2024 के अक्टूबर महीने में भी नावाडीह के चिरुडीह निवासी पुरुषोतम साव के यहां डकैती डाले थे। इसके अलावा इस वर्ष जुलाई माह में धनबाद के इस्ट बांसुरिया में भी डकैती की थी। पहले भी आरोपित जेल जाने की बात स्वीकार किये हैं।

## टाटा स्टील झरिया शाखा ने मनायी सर दोराबजी टाटा की 166वीं जयंती



**झरिया/जोड़ापोखर (आजाद सिपाही)।** टाटा स्टील की झरिया शाखा ने बुधवार को जामाडोबा स्थित सर दोराबजी टाटा पार्क में अपने पहले चेयरमैन सर दोराबजी टाटा की 166वीं जयंती मनायी। इस अवसर पर उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। टाटा स्टील झरिया शाखा के चीफ (जामाडोबा ग्रुप) सुब्रत दास ने वरिष्ठ अधिकारियों, कर्मचारियों और यूनियन प्रतिनिधियों के साथ मिलकर सर दोराबजी टाटा पार्क में उनकी स्मृति में पुष्पांजलि अर्पित की। अपने संबोधन में सुब्रत दास ने सर दोराबजी टाटा के जीवन की उपलब्धियों और महत्वपूर्ण पड़ावों को याद करते हुए उपस्थित सभी लोगों से उनके दृष्टिकोण और मूल्यों के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराने का आह्वान किया, जो आज भी अत्यंत प्रासंगिक हैं। उन्होंने इस बात पर विशेष जोर दिया कि कैसे सर दोराबजी टाटा ने अपने पिता जमशेदजी नसरवानजी टाटा के बाद टाटा समूह की बागडोर संभाली और उसे आगे बढ़ाया। जमशेदजी की दूरदर्शिता ने देश में आत्मनिर्भरता की नींव रखी थी और सर दोराबजी ने उस विरासत को मजबूती से आगे बढ़ाया। सुब्रत दास ने यह भी उल्लेख किया कि सर दोराबजी टाटा खेलों के प्रति बेहद उत्साही थे। भारतीय ओलंपिक अभियान के अग्रदूत माने जाते हैं। भारतीय ओलंपिक संघ के अध्यक्ष के रूप में उन्होंने 1924 में पेरिस ओलंपिक के लिए भारतीय दल की यात्रा का पूरा खर्च खुद वहन किया था। इस अवसर पर पंकज दास (हेड एचआरबीपी), श्वेता मिश्रा (हेड एडमिनिस्ट्रेशन), अंशुल कुमार मिश्रा (जीएम झरिया की ईए), अनमोल श्रीवास्तव (सीनियर एरिया मैनेजर एचआरबीपी, जामाडोबा एवं सेंट्रल फंक्शन्स), उमेश सिंह (सीनियर मैनेजर, एनवायरनमेंट), संजीव कुमार सिंह (सीनियर मैनेजर, टी एस यू आई एस एल), संतोष महतो (क्षेत्रीय सचिव, राष्ट्रीय कोलियरी मजदूर यूनियन) आदि उपस्थित थे।

## गणेश पूजा में शामिल हुए मंत्री योगेंद्र प्रसाद



**गोमिया (आजाद सिपाही)।** गोमिया मोड़ स्थित शिव मंदिर प्रांगण में गणेश चतुर्थी के अवसर पर आयोजित तीन दिवसीय गणेश पूजन कार्यक्रम में बुधवार को राज्य के पेयजल, स्वच्छता, उत्पाद एवं मद्य निषेध मंत्री योगेंद्र प्रसाद शामिल हुए। पूजा कमेटी की ओर से मंत्री योगेंद्र प्रसाद को चुन्नी ओढ़कर स्वागत किया गया। इस दौरान मंत्री जी मे भगवान गणेश की प्रतिमा के समक्ष मत्था टेका और क्षेत्रवासियों की खुशहाली, समृद्धि और विकास की मंगलकामनाएं की। साथ ही सभी को श्री गणेश चतुर्थी की ढेरों शुभकामनाएं दी। इस मौके पर विधायक प्रतिनिधि अमित पासवान, पूर्व मुखिया धनंजय सिंह, पूर्व मुखिया दुलाल प्रसाद, यूनियन नेता नरेश मंडल, झामुमो गोमिया प्रखंड उपाध्यक्ष मो असलम और राजू शाह आदि मौजूद रहे।

## वेद्रांता इएसएल स्किल स्कूल के छात्रों को मिली नौकरी



**बोकारो (आजाद सिपाही)।** वेदांता ईएसएल स्टील लिमिटेड की सीएसआर पहल वेदांता इएसएल स्किल स्कूल में बुधवार को खास अवसर मनाया गया। फील्ड टेक्नीशियन और होम अप्लायंसेस रिपेयरिंग (एमएसटी) ट्रेड के पहले बैच के 25 छात्रों को सफल प्रशिक्षण पूरा करने के बाद नौकरी का ऑफर लेटर दिया गया। इन सभी छात्रों को नोएडा की आमधने प्राइवेट लिमिटेड में अच्छे पैकेज पर नौकरी मिली है। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में आनंद दुबे (सीएफओ, ईएसएल स्टील लिमिटेड) और कुणाल दरिपा (सीएसआर हेड, ईएसएल स्टील लिमिटेड) मौजूद रहे। आनंद दुबे ने छात्रों को मेहनत और आत्मविश्वास के साथ अपने करियर की नई शुरूआत करने के लिए प्रेरित किया। वहीं, ऑफर लेटर मिलने पर छात्रों ने खुशी और भावुक अनुभव साझा किए। कार्यक्रम का समापन फ्लैग वेव-ऑफ के साथ हुआ, जब सभी छात्र नौकरी के लिए नोएडा रवाना हुए। बतातें चलें कि वेदांता ईएसएल स्किल स्कूल एक रेजिडेंशियल ट्रेनिंग सेंटर है, जहां युवाओं को रोजगार से जुड़े प्रशिक्षण दिये जाते हैं। यहां सोलर पीवी इंस्टॉलर, फील्ड टेक्नीशियन और फूड एंड बेवरेज सर्विस जैसे कोर्स चलाए जाते हैं। अब तक 673 छात्रों को प्रशिक्षण दिया जा चुका है। इनमें से 500 छात्रों को नौकरी भी मिली है।

## सीसीएल और सीआइएसएफ की संयुक्त छापमारी में 37 टन अवैध कोयला जब्त



**फुसरो/बेरमो (आजाद सिपाही)।** सीसीएल ढ़ोरी महाप्रबंधक रंजय सिन्हा के आदेश पर क्षेत्रीय सुरक्षा अधिकारी सुरेश सिंह के नेतृत्व में अमलो रेलवे साइडिंग के इंजन साइड एवं पीपल धौड़ा कारखना के पास अवैध कोयला के विरुद्ध छापामारी की गयी। इस दौरान साढ़े 37 टन कच्चा कोयला जब्त किया गया। जिसे जेसीबी से ट्रैक्टर में लाद कर कांटा करवाने के बाद अमलो रेलवे साइडिंग के क्रेशर में डंप किया गया। छापामारी में सीआइएसएफ के असिस्टेंट कमांडेंट केवीए श्रीधर, इंस्पेक्टर एसआर नायक, एएसआई दिलीप कुमार, एएसआई यूके राय, कांस्टेबल शाहजहां अली, रोहित मिंज, आरिफ खान, क्राइम से संदीप कुमार, सब इंस्पेक्टर एसके तिवारी एवं सहयोगी दल, सीसीएल अमलो साइडिंग इंचार्ज, जयशंकर, एरिया सुरक्षा इंचार्ज शिलचंद हवलदार, कृपाल सिंह, मानिक दिगार, गब्बर सिंह और मुकेश कुमार शर्मा आदि शामिल थे।

## धनबाद पहुंचे केंद्रीय कोयला राज्य मंत्री बेलगड़िया टाउनशिप का किया भ्रमण

आजाद सिपाही संवाददाता



**धनबाद।** केंद्रीय कोयला एवं खान राज्यमंत्री सतीश चंद्र दुबे बुधवार को भारत कोकिंग कोल लिमिटेड (बीसीसीएल) मुख्यालय धनबाद पहुंचे। जहां डीसी आदित्य रंजन ने जिला प्रशासन की ओर से उनका स्वागत किया। वहीं, बीसीसीएल की ओर से सीएमडी समीरन दत्ता ने कंपनी के सभी निदेशकों के साथ उनका स्वागत किया। इस दौरान मंत्री की अध्यक्षता में एक उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक हुई। जिसमें मंत्री ने झरिया मास्टर प्लान पर अपने महत्वपूर्ण विचार साझा किये। वहीं, डीसी ने जेआरडीए के तहत बेलगड़िया में चल रहे सभी विकास कार्य एवं योजनाओं के संबंध में विस्तृत जानकारी दी। कहा कि बेलगड़िया टाउनशिप में बड़े पैमाने पर स्किल डेवलपमेंट, आकर्षक पार्क का निर्माण, तालाबों का नवीनीकरण, सुरक्षा व्यवस्था, पेयजल, विद्युत, स्वास्थ्य की बेहतर व्यवस्था के कार्य किये जा रहे हैं। डीसी ने लीगल टाइटल होल्डर (एलटीएच) एवं नॉन लीगल टाइटल होल्डर (नॉन एलटीएच) की सत्यापन स्थिति, सर्वे वेरीफिकेशन, टाउनशिप एरिया के विकास, स्किल डेवलपमेंट, बेलगड़िया टाउनशिप में जेआरडीए कार्यालय का निर्माण, टाउनशिप एरिया में पेयजल की सुविधा, सुचारू बिजली व्यवस्था, वॉटर ट्रीटमेंट प्लांट, रिचार्ज पिट, तालाब सौंदर्यीकरण, पार्क का निर्माण, सुरक्षा एवं शिक्षा व्यवस्था, सड़क निर्माण, एलइडी स्ट्रीट लाइट और हाई मास्ट लाइट सहित अन्य गतिविधियों की जानकारी दी। डीसी ने बताया कि बेलगड़िया टाउनशिप को आर्थिक केंद्र के रूप में विकसित करने, वहां के निवासियों को रोजगार से जोड़ने सहित अन्य बुनियादी सुविधाओं पर ध्यान केंद्रित रखते हुए विस्तृत कार्य योजना तैयार की गई है। इसमें बेलगड़िया के दोनों तालाबों में मछली पालन के लिए उसका जीर्णोद्धार, लोगों को स्वरोजगार से जोड़ने के लिए कौशल विकास केंद्र की स्थापना की गई है। सुगम आवागमन के लिए भारत कोकिंग कोल लिमिटेड द्वारा बसे चलाई जा रही है। 50 ई-रिक्शा प्रदान करने के लिए जेआरडीए और बीसीसीएल के बीच एमओयू हुआ है। बताया कि बेलगड़िया टाउनशिप के निवासियों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए चारों ओर बाउंड्री वॉल, नालियों की सफाई, सुरक्षा गार्डों की तैनाती, सड़कों का चौड़ीकरण, स्ट्रीट लाइट, विद्यालय का जीर्णोद्धार, खेल मैदान, लोगों की समस्या का समाधान करने के लिए शिकायत निवारण प्रकोष्ठ की स्थापना के साथ ही अन्य कई योजनाओं के अलावा टाउनशिप के निवासियों को सभी सरकारी योजनाओं का लाभ देना इसमें शामिल है। इस दौरान मंत्री ने बीसीसीएल के पिछले वर्ष के प्रदर्शन, उत्पादन स्तर, सुरक्षा मानकों एवं संचालन की गहन समीक्षा की और कंपनी की भावी रणनीतियों व योजनाओं पर दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने आत्मनिर्भर भारत की दिशा में ऊर्जा एवं औद्योगिक क्षेत्र को मजबूत बनाने में बीसीसीएल की भूमिका की सराहना करते हुए इसे और अधिक सशक्त बनाने की प्रेरणा दी। इश मौके पर निदेशक (मानव संसाधन) मुरली कृष्ण रमैया, निदेशक (वित्त) राकेश कुमार सहाय, निदेशक (तकनीकी) संजय सिंह, निदेशक (तकनीकी-योजना एवं परियोजना) मनोज कुमार अग्रवाल आदि उपस्थित थे। इसके बाद डीसी ने मंत्री के साथ बेलगड़िया टाउनशिप का भ्रमण किया। जहां मंत्री जी ने बेलगड़िया के विकास के लिए किए जा रहे विभिन्न कार्यों को देखा।

## संरक्षित क्षेत्रों में धरना-प्रदर्शन पर पूर्ण प्रतिबंध

**टू-टैंक गार्डन धरना प्रदर्शन का एकमात्र स्थल घोषित**

**- संवेदनशील प्रतिष्ठानों को घोषित किया गया संरक्षित क्षेत्र**

आजाद सिपाही संवाददाता

**बोकारो।** बिहार गजट, ऑफिसियल गजटेड अधिनियम-1923 (1923 के अधिनियम-क) की धारा (2), उपधारा (8), कंडिका (सी) एवं (डी) के अंतर्गत बीएसएल संयंत्र प्रशासनिक भवन, 132 केवी टाउनशिप सब-स्टेशन, गरगा डैम, वाटर ट्रीटमेंट प्लांट एवं इनके आस-पास का क्षेत्र संरक्षित स्थान घोषित किया गया है। इन क्षेत्रों में किसी भी प्रकार का धरना, प्रदर्शन या सार्वजनिक सभा करना प्रतिबंधित है। इसकी जानकारी जिला प्रशासन की ओर से जारी प्रेस विज्ञप्ति में दी गई। बताया गया कि विभिन्न संगठनों एवं संघों की ओर से किये जाने वाले धरना-प्रदर्शनों के दौरान जन-सुरक्षा एवं औद्योगिक इकाइयों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए बीएसएल प्रबंधन ने टु-टैंक गार्डन को आधिकारिक रूप से धरना एवं प्रदर्शन स्थल के रूप में निर्धारित किया है। साथ ही, सभी संगठन, संघ और संबंधित व्यक्तियों को भविष्य में कोई भी धरना, प्रदर्शन, जुलूस या सभा का आयोजन केवल दु-टैंक गार्डन स्थल पर ही करने को कहा गया है। अन्य किसी स्थान पर इस प्रकार की गतिविधियाँ करना कानूनन वर्जित बताया गया। इस बाबत चास के अनुमंडल पदाधिकारी प्रांजल ढ़ांडा ने सभी संगठनों एवं आम नागरिकों से अपील की है कि वे शांति एवं व्यवस्था बनाएं रखने में जिला प्रशासन का सहयोग करें और केवल निर्धारित स्थल पर ही कार्यक्रम आयोजित करें।

## धनबाद के सभी आंगनबाड़ी केंद्रों को उत्कृष्ट प्ले स्कूल की तर्ज पर किया जायेगा विकसित: डीसी

**- बाबूडीह के मॉडल आंगनबाड़ी केंद्र का किया निरीक्षण**

**- आंगनबाड़ी को मॉडल आंगनबाड़ी सह प्री नर्सरी स्कूल के तर्ज पर किया जा रहा विकसित**

आजाद सिपाही संवाददाता



**धनबाद।** डीसी आदित्य रंजन ने बाबूडीह स्थित मॉडल आंगनबाड़ी केंद्र में चल रहे कार्यों का बुधवार को निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने खेलकूद वाले क्षेत्र, क्लासरूम, किचन, वाशरूम, पोषण वाटिका सहित पूरे परिसर में चल रहे कार्यों का बारीकी से निरीक्षण किया एवं कमियों को सुधारने हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि जिले के सभी आंगनबाड़ी केंद्रों को उत्कृष्ट प्ले स्कूल की तर्ज पर विकसित किया जायेगा। इसके लिए पहले बाबूडीह स्थित आंगनबाड़ी को मॉडल आंगनबाड़ी सह प्री नर्सरी के तर्ज पर विकसित किया जा रहा है। इसके सफलता के बाद जिला के बाकी मॉडल आंगनबाड़ी को भी इसी तर्ज पर विकसित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि आंगनबाड़ी केंद्रों का सशक्तिकरण राज्य सरकार की प्राथमिकता है, क्योंकि यहां पढ़ने वाले बच्चे देश के भविष्य हैं। इन केंद्रों में बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और पौष्टिक आहार उपलब्ध कराना, धात्री और गर्भवती महिलाओं को सरकारी योजनाओं का लाभ दिलाना प्रशासन का मुख्य उद्देश्य है। इस मौके पर डीएमएफटी टीम लीडर शैलेश तिवारी, डीएमएफटी पीएमयू के सदस्य, सेविका आदि उपस्थित थे।

## लंबे समय से केंद्रों में अंडा वितरण नहीं होने पर डीसी नाराज

# बोकारो जिले के सभी आंगनबाड़ी केंद्रों में अंडा उपलब्ध कराने का दिया निर्देश

आजाद सिपाही संवाददाता



डीसी अजय नाथ झा।

बोकारो। आंगनबाड़ी केंद्रों में पिछले कई महीनों से अंडा वितरित नहीं होने की जानकारी मिलने पर डीसी अजय नाथ झा ने गहरी नाराजगी जताई है। उन्होंने जिला सामाजिक कल्याण पदाधिकारी (डीएसडब्ल्यूओ) को इस पर तुरंत ठोस कदम उठाने और किसी भी स्थिति में वितरण में बाधा न आने देने का निर्देश दिया। उन्होंने जिले के सभी आंगनबाड़ी केंद्रों में बच्चों को पौष्टिक आहार उपलब्ध कराने पर जोर देते हुए तत्काल प्रभाव से अंडा वितरण शुरू करने का निर्देश दिया है। कहा कि बच्चों के स्वास्थ्य और कुपोषण उन्मूलन के लिए अंडा एक महत्वपूर्ण आहार है, जिसकी उपलब्धता हर केंद्र पर सुनिश्चित की जानी चाहिए। उन्होंने जिला पशुपालन पदाधिकारी को प्रत्येक माह स्वच्छता संबंधी प्रतिवेदन प्रस्तुत करने का निर्देश दिया। डीसी ने स्पष्ट कहा कि अंडे की गुणवत्ता सुनिश्चित करना डीएसडब्ल्यूओ की जिम्मेदारी होगी। किसी भी प्रकार की गड़बड़ी या मानक से कम गुणवत्ता पाए जाने पर संबंधित अधिकारी या आपूर्तिकर्ता के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने आंगनबाड़ी केंद्रों में पारदर्शिता और गुणवत्ता सुनिश्चित करने को लेकर भौतिक निरीक्षण की व्यवस्था शुरू करने का निर्देश दिया है। कहा कि प्रत्येक माह 20 आंगनबाड़ी केंद्रों का निरीक्षण खुद डीएसडब्ल्यूओ करेंगी। 20 केंद्रों का निरीक्षण बाल विकास परियोजना पदाधिकारी (सीडीपीओ) और 20 केंद्रों का निरीक्षण महिला पर्यवेक्षिका (एलएस) करेंगी।

## मिहिजाम में गणेत्सव की धूम, आकर्षक पंडालों-प्रतिमाओं के दर्शन को उमड़ी भीड़

**मिहिजाम (आजाद सिपाही)।** गणेश चतुर्थी के अवसर पर मिहिजाम, चित्तरंजन सहित आसपास के क्षेत्रों में भगवान श्रीगणेश की अराधना की जा रही है। बुधवार को रेलनगरी चित्तरंजन के कर्नल सिंह डैम किनारे स्थित सिद्धि विनायक मंदिर में भगवान श्रीगणेश की प्रतिमा स्थापित किया गया। पूजा के दौरान चित्तरंजन रेलइंजन कारखाना के महाप्रबंधक विजय कुमार अपनी पत्नी संग भगवान गणेश की आराधना किया और पूजा का महाभोग खिचड़ी ग्रहण किए उनके साथ चिरेका प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारी स्वजनों के साथ मंदिर में श्रीगणेश का दर्शन किए। मंदिर कमेटी के सदस्य बाटुल दा, मिट्ठू दूबे, संजय सिंह, पप्पू दूबे आदि का योगदान देखी जा रही थी। वहीं, सुंदर पहाड़ी नार्थ एरिया स्थित बिजली कार्यालय समीप चित्तरंजन नार्थ सोशल वेलफेयर आर्गेनाइजेशन की ओर से चार दिवसीय गणेश चतुर्थी उत्सव इस साल भी आकर्षक रुप से की जा रही है। संस्था के सदस्य अरुण कुमार उर्फ टुन्नी ने बताया कि नौवा वर्ष आयोजित उत्सव को यादगार बनाने के लिए चित्तरंजन के रेलवे आवास का माडल को आकर्षक पंडाल एवं भगवान श्रीगणेश की मनमोहक प्रतिमा स्थापित कर पूजा अर्चना की। इस मौके पर अमरजीत यादव, सचिन दास, कौशल किशोर सिंह, रवी श्रीवास्तव, सुनील कुमार, मुन्ना दास गुप्ता, सुरज कुमार, नंदन कुमार, दुर्गेश कुमार आदि का सराहनीय योगदान देखा गया। वहीं, मिहिजाम नगर परिषद क्षेत्र स्थित बेसिक स्कूल प्रांगण में आर्ट क्लब की ओर से आयोजित गणेशोत्सव का आगाज बुधवार की सुबह गगणभेदी मंत्रोच्चारण के आरंभ हो गई। 10 दिवसीय गणेशोत्सव का आकर्षण भव्य मेला होगा, जिसमें तारामाझी झुला, नौका झुला, घोड़ा की सवारी, महिलाओ-युवतियों के लिए श्रृंगार की दुकाने, जलेबी की दुकान आदि लगाई गई है। मेला में सुरक्षा को लेकर पुलिस बल एवं सीसीटीवी कैमरा लगाई गई है। कल्ब के सदस्य सुरेश राय ने बताया कि वर्ष 1980 से गणेशोत्सव का आयोजन होते आ रहा है। सुरेश राय ने मिहिजाम, चित्तरंजन सहित आस पास क्षेत्र के लोगों को गणेशोत्सव में आकर आनंद लेने की अपील किया है। गणेशोत्सव को सफल संचालन के लिए संदीप शर्मा, कमल गुप्ता, बालमुकुंद रविदास, बाबू सोनी, पप्पू साव उर्फ कालिया, शैलेन्द्र यादव, पप्पू यादव आदि कार्यकर्ताओ का शराहनीय योगदान देखी जा रही है।

आजाद सिपाही
रांची, गुरुवार, 28 अगस्त, 2025
www.azadsipahi.in



## सीरिया की राजधानी दमिश्क में इस्राइली ड्रोन से भीषण हमला

**दमिश्क (एजेंसी)(आजाद सिपाही)।** सीरिया की राजधानी दमिश्क के दक्षिणी इलाके में इस्राइली ड्रोन हमलों में छह सीरियाई सैनिकों की मौत हो गयी है और कई अन्य घायल हुए हैं। यह जानकारी सीरिया की सरकारी मीडिया और एक युद्ध निगरानी संगठन ने दी। सरकारी टीवी चैनल के अनुसार, मंगलवार को दमिश्क के दक्षिणी उपनगर किस्वाह में यह हमला हुआ। यहां हुए हमले में छह सैनिकों की जान गयी। वहीं इस हमले पर इस्राइली सेना ने अभी तक कोई आधिकारिक टिप्पणी नहीं की है। दिसंबर 2024 में सीरियाई राष्ट्रपति बशर अल-असद के सत्ता से गिरने के बाद से इस्राइल सीरिया के अलग-अलग हिस्सों में सैकड़ों हवाई और ड्रोन हमले कर चुका है। इन हमलों में सीरियाई सेना की कई संपत्तियां और ठिकाने तबाह हो चुके हैं।

# देश के लिए किसी भी हद तक जायेंगे: राजनाथ

## महू के रण संवाद में कहा, चुनौतियां बड़ी हैं, लेकिन हमारा संकल्प उससे भी बड़ा

आजाद सिपाही संवाददाता



**महू।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि हमें किसी की जमीन नहीं चाहिये, लेकिन अपनी जमीन की रक्षा के लिए हम किसी भी हद तक जाने को तैयार हैं। जब हम आगे की ओर देखते हैं, तो हमें याद रखना चाहिये कि भारत के सामने चुनौतियां बड़ी हैं, लेकिन हमारा संकल्प और साहस उससे भी बड़ा है। दुनिया हमें सिर्फ हमारी शक्ति के लिए ही नहीं, बल्कि सत्य, शांति और न्याय के प्रति हमारे समर्पण के लिए भी सम्मान देती है। उन्होंने कहा कि देश की रक्षा केवल सीमा पर तैनात सैनिकों द्वारा ही नहीं की जाती, बल्कि नयी तकनीक विकसित करने वाले वैज्ञानिकों, हथियार प्रणाली बनाने वाले उद्योगपतियों और अगली पीढ़ी को युद्ध के लिए तैयार करने वाले शिक्षकों द्वारा भी की जाती है। राजनाथ ने यह बात महू में आयोजित रण संवाद 2025 के दूसरे दिन बुधवार को कही। उन्होंने कहा कि हमें अपनी एकता, अपनी स्पष्ट नीयत और पूरी प्रतिबद्धता के साथ इस देश को आगे ले जाना है। इसी आत्मविश्वास के साथ हम 2047 की ओर पूरे आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ेंगे। भारत को नयी ऊंचाइयों पर ले जायेंगे।

**रणनीति को मजबूत करेगा रण संवाद**

रक्षा मंत्री राजनाथ ने कहा कि आज का 'रण संवाद' सिर्फ विचारों का आदान-प्रदान नहीं है, बल्कि सुरक्षा, नीति निर्माण और तीनों सेनाओं के विभिन्न पहलुओं को समझने का एक अवसर है। यहां होने वाली चचाएं हमें यह सोचने का अवसर देंगी कि हम भारत को कैसे और अधिक सशक्त, सुरक्षित और आत्मनिर्भर बना सकते हैं। ये न केवल रक्षा रणनीति को मजबूत करेंगी, बल्कि एक दीर्घकालिक दृष्टिकोण बनाने में भी मददगार साबित होंगी।

**युद्ध का स्वरूप बदल रहा है**

राजनाथ ने कहा कि आधुनिक दौर में युद्ध अब सिर्फ जमीन, समुद्र और आकाश तक सीमित नहीं रह गए हैं, बल्कि अंतरिक्ष और साइबर स्पेस तक फैल चुके हैं। सैटेलाइट सिस्टम, एंटी-सैटेलाइट हथियार और स्पेस कमांड सेंटर अब शक्ति के नये साधन बन गये हैं।

आज साइबर वॉरफेयर, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, ड्रोन और सैटेलाइट आधारित निगरानी युद्ध की नयी दिशा तय कर रहे हैं। रक्षा मंत्री ने कहा कि आज के समय में युद्ध का कोई तयशुदा स्वरूप नहीं है। यह युग नॉन लीनियर और मल्टी डोमेन वारफेयर का है। ऐसे में हमें अपनी रणनीति को लचीला और समयानुकूल बनाना होगा। किसी निश्चित युद्ध नीति पर आंख मूंदकर भरोसा करना अब संभव नहीं है।

# भारत पर 50% अमेरिकी टैरिफ लागू

## 5.4 लाख करोड़ रुपये का निर्यात प्रभावित

आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने 30 जुलाई को भारत पर 25% टैरिफ लगाने की घोषणा की थी। जो 7 अगस्त से लागू हुआ था। अतिरिक्त 25% टैरिफ बुधवार से लागू हो गया है। यानी अब भारत पर 50% टैरिफ लागू है। भारत से अमेरिका भेजे जाने वाले सामानों पर बुधवार से 50% टैरिफ लागू हो गया है। ग्लोबल ट्रेड रिसर्च इनिशिएटिव (जीटीआरआइ) की रिपोर्ट के मुताबिक, यह नया टैरिफ भारत के लगभग 5.4 लाख करोड़ रुपये के निर्यात को प्रभावित कर सकता है। 50% टैरिफ से अमेरिका में बिकने वाले कपड़े, जेम्स-ज्वेलरी, फर्नीचर, सी फूड जैसे भारतीय उत्पाद महंगे हो जायेंगे। इससे इनकी मांग में 70% की कमी आ सकती है। चीन, वियतनाम और मेक्सिको जैसे कम टैरिफ वाले देश इन सामानों को सस्ते दाम पर बेचेंगे। इससे भारतीय कंपनियों की अमेरिकी बाजार में हिस्सेदारी कम होगी।




## बिहार के मंत्री श्रवण कुमार पर जानलेवा हमला, डेढ़ किमी पैदल भागकर बचायी जान



**पटना/नालंदा (आजाद सिपाही)।** बिहार के नालंदा जिले के हिलसा थाना क्षेत्र के मलावां गांव में बीते मंगलवार को सड़क हादसे में मारे गये नौ लोगों के परिजनों से मिलने पहुंचे ग्रामीण विकास मंत्री श्रवण कुमार और स्थानीय जेडीयू विधायक कृष्ण मुरारी उर्फ प्रेम मुखिया पर ग्रामीणों ने हमला कर दिया। अफरातफरी के बीच दोनों नेताओं को अपनी जान बचाने के लिए डेढ़ किलोमीटर पैदल भागना पड़ा। इस दौरान सुरक्षा में लगे एक स्कॉर्ट सिपाही पथराव की चपेट में आकर गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसके बाद उसे हिलसा अनुमंडलीय अस्पताल में भर्ती कराया गया। बताते चलें कि 23 अगस्त की सुबह पटना जिले के शाहजहांपुर थाना क्षेत्र के सिगरियामा में ऑटो और हाइवा की भीषण टक्कर में मलावां गांव के नौ लोगों की मौत हो गयी थी। प्राप्त जानकारी के मुताबिक श्रवण कुमार और कृष्ण मुरारी सुबह करीब 10 बजे दोनों गांव में पहुंचे। गांव में घुसते ही भीड़ ने दोनों को घेर लिया। अपनी-अपनी समस्याएं बताईं। मुआवजे को लेकर ग्रामीण उग्र हो गये। इसके बाद ग्रामीणों ने दोनों को लाठी-डंडे लेकर दौड़ाया। जान बचाने के लिए दोनों नेता एक किलोमीटर भागे और तीन गाड़ियां बदलीं।

## वैष्णो देवी में लैंडस्लाइड से मौत का आंकड़ा 32 हुआ



**जम्मू (आजाद सिपाही)।** वैष्णो देवी मंदिर के ट्रैक पर लैंडस्लाइड में मरने वालों का आंकड़ा बढ़कर बुधवार को 32 हो गया। हादसा मंगलवार दोपहर 3 बजे पुराने ट्रैक पर अर्धकुमारी मंदिर से कुछ दूर इंद्रप्रस्थ भोजनालय के पास हुआ था। कल देर रात तक सात लोगों के मरने की खबर थी, लेकिन सुबह आंकड़ा बढ़ गया। वहीं, 23 से ज्यादा लोग जख्मी हैं और कई लापता हैं। मरने वालों की संख्या और बढ़ सकती है। कल दोपहर बादल फटने के कारण यात्रा स्थगित कर दी गई थी। उपराज्यपाल मनोज सिन्हा बुधवार को घायलों से मिलने कटरा पहुंचे। उन्होंने बताया कि घायलों की हालत स्थिर है। कई मृतकों की पहचान हो गई है और शव उनके घर भेजने की व्यवस्था हो रही है। श्राइन बोर्ड मृतकों के परिजन को पांच लाख रुपये और डिजास्टर मैनेजमेंट 4 लाख रुपये देगा। जम्मू शहर में मंगलवार को 24 घंटे से भी कम समय में 250 मिमी से ज्यादा बारिश हुई थी। इससे कई जगह बाढ़ जैसे हालात हैं। घरों और खेतों में पानी भर गया है। वैष्णो देवी लैंडस्लाइड के चश्मदीद ने बताया- बड़े-बड़े पत्थर अचानक गिरने लगे और सब तबाह हो गया। नॉर्दर्न रेलवे ने भी आज जम्मू-कटरा से चलने वाली और यहां रुकने वाली 22 ट्रेनें रद्द की हैं। इसके अलावा 27 ट्रेनों को शॉर्ट टर्मिनेट किया गया है। हालांकि कटरा-श्रीनगर के बीच ट्रेन सर्विस जारी है।

## स्कूल के बाथरूम में मिली जली हुई छात्रा, मौत

**पटना (आजाद सिपाही)। पटना में बुधवार को गर्दनीबाग इलाके के आमला टोला कन्या विद्यालय के बाथरूम में 5वीं की छात्रा की जलकर मौत हो गयी। घटना के बाद गुस्साये परिजन और छात्रों ने स्कूल में तोड़फोड़ की है। स्कूल के बाहर जाम लगाया, आगजनी भी की गयी। हंगामा रोकने आए पुलिस वालों को लोगों ने जमकर थप्पड़ मारे। परिजन का आरोप है कि बच्ची को कैरोसिन डालकर जलाया गया है। वो सुसाइड नहीं कर सकती है। छात्रा की पहचान दमडीया की रहने वाली जोया परवीन के रूप में हुई है। छात्रा के शरीर का ऊपरी हिस्सा बुरी तरह से झुलसा था। सेंट्रल एसपी दीक्षा ने बताया कि मौके पर बोतल मिली है। जिसमें करीब आधा लीटर केरोसिन तेल बचा था। बाथरूम को सील कर दिया गया है। एफएसएल की टीम ने मौके से सबूत इकट्ठे किये हैं। भाई बोला, सर ने बहन से मिलने नहीं दिया: भाई शहबाज ने बताया कि हम लोग क्लास में बैठे थे, पता चला आग लगी है। वो वॉशरूम में थी। गेट बंद था।**


## गुजरात मॉडल वोट चोरी का मॉडल: राहुल



### स्टालिन ने कहा, वोटर्स को लिस्ट से हटाना आतंकवाद से खतरनाक

आजाद सिपाही संवाददाता

**मुजफ्फरपुर।** राहुल गांधी की वोटर अधिकार यात्रा का बुधवार को 11वां दिन था। यात्रा मुजफ्फरपुर पहुंची है। यहां जारंग हाई स्कूल मैदान में राहुल ने सभा को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि इन लोगों ने महाराष्ट्र और गुजरात का चुनाव चोरी किया। 2014 से पहले ये गुजरात में शुरू हुआ। गुजरात मॉडल आर्थिक मॉडल नहीं है। गुजरात मॉडल वोट चोरी करने का मॉडल है। जिसे ये लोग 2014 में राष्ट्रीय स्तर पर लाये। हम कुछ कहते नहीं थे, क्योंकि हमारे पास कोई सबूत नहीं थे, लेकिन महाराष्ट्र में हमें सबूत मिल गया। इससे पहले तमिलनाडु के सीएम स्टालिन ने लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि वोटर्स को लिस्ट से हटाना आतंकवाद से खतरनाक है। बीजेपी ने चुनाव आयोग को कठपुतली बना लिया है। राहुल गांधी जी के शब्दों और आंखों में कभी डर नहीं होता। राहुल गांधी ने दरभंगा से सुबह साढ़े 8 बजे अपनी यात्रा शुरू की थी। इस दौरान वे प्रियंका गांधी के साथ बुलेट से भी चले। मुजफ्फरपुर के बाद यात्रा रात में सीतामढ़ी पहुंचेगी। यहां की 4 सीटों से होकर गायघाट, बोचहां, मीनापुर, औराई से यात्रा गुजरेगी। इसके अलावा नगर विधानसभा क्षेत्र का बड़ा हिस्सा भी इस यात्रा से प्रभावित होगा। नगर सीट कांग्रेस के कब्जे में है। यहां से विजेंद्र चौधरी विधायक हैं।






















आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची, झारखंड से मुद्रित। **संस्थापक प्रधान संपादक :** स्व. हरिनारायण सिंह, **संपादक :** राकेश सिंह, **स्थानीय संपादक* :** विनोद कुमार,***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. **RN/249/2019-21**